

विपक्षी एकता बैठक कट्टर भ्रष्टाचारियों का... 12

पीलीभीत में 20 फीसद गिरा गरीबी का ग्राफ, बदायूं... 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 275
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
बुधवार | 19 जुलाई, 2023

सहारा के निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए रिफंड पोर्टल लॉन्च, शाह ने बताया ऐतिहासिक क्षण

10 करोड़ लोगों का पैसा वापस मिलेगा

- सहारा में फंसा है आपका पैसा 45 दिनों में मिलेगा वापस
- मंगलवार से सहारा रिफंड पोर्टल पर प्रोसेस शुरू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सहारा इंडिया की को-ऑपरेटिव सोसाइटीज में निवेश करने वाले 10 करोड़ लोगों का फंसा पैसा वापस मिलेगा। इसकी शुरुआत 4 करोड़ निवेशकों से हो रही है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दिल्ली में सहारा रिफंड पोर्टल लॉन्च किया। शाह ने कहा कि इस पोर्टल के जरिए सहारा के निवेशकों को एप्लाई करने के 45 दिन में पैसा वापस मिलेगा। ये पैसा सीधे अकाउंट में ट्रांसफर किया जाएगा। पोर्टल के जरिए सहारा की 4 को-ऑपरेटिव सोसाइटी के निवेशक ही आवेदन कर सकते हैं। निवेशकों में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है।

45 दिनों में मिलेगा रिफंड

गृह मंत्री ने जमाकर्ताओं को भरोसा दिया कि अब उनका धन कोई नहीं रोक सकता है और पोर्टल पर पंजीकरण करने के 45 दिनों में उन्हें रिफंड मिल जाएगा।

10 करोड़ निवेशकों को राहत

सरकार ने 29 मार्च को कहा था कि चारों सहकारी समितियों के 10 करोड़ निवेशकों को नौ महीने के भीतर उनके रुपये लौटा दिए जाएंगे। बता दें, यह घोषणा उच्चतम न्यायालय के उस आदेश के बाद हुई, जिसमें सहारा-सेबी रिफंड खाते से 5,000 करोड़ रुपये सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक (सीआरसीएस) को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया था।

पहले फेज में 5,000 करोड़ रुपए का रिफंड

शाह ने कहा कि पहले फेज में कुल 4 करोड़ निवेशक ऐसे हैं जिन्हें 5,000 करोड़ रुपए का रिफंड दिया जाएगा। इसके बाद, हम सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे और उनसे ज्यादा धनराशि जारी करने का अनुरोध करेंगे ताकि 10,000 से अधिक राशि वाले दूसरे डिपॉजिटर्स का कुल रिफंड दिया जा सके।

अधिक निवेश करने वालों की बढ़ेगी राशि

- शाह ने कहा कि शुरुआत में जमाकर्ताओं को 10,000 रुपये तक का रिफंड मिलेगा। बाद में जिन्होंने अधिक निवेश किया है उन लोगों के लिए राशि बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 5,000 करोड़ रुपये का कोष पहले चरण में 1.7 करोड़ जमाकर्ताओं को राहत देगा।

ढाई करोड़ लोगों के रुपये जमा

- गौरतलब है, चार सहकारी समितियों- सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में लगभग 2.5 करोड़ लोगों के 30,000 रुपये तक जमा हैं।

सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे गृह मंत्री

- शाह ने कहा कि पांच हजार करोड़ रुपये जमाकर्ताओं को दिए जाने के बाद हम उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे और उनसे अधिक धनराशि जारी करने का अनुरोध करेंगे, ताकि बड़ी राशि वाले अन्य जमाकर्ताओं का पूरा धन वापस किया जा सके।

वैध दावे प्रस्तुत करने के लिए पोर्टल

- इन सहकारी समितियों के जमाकर्ताओं के वैध दावे प्रस्तुत करने के लिए आईएफसीआई की एक सहायक कंपनी ने पोर्टल विकसित किया है। शाह ने कहा कि इसके लिए दो बातें जरूरी हैं - मोबाइल के साथ आधार पंजीकरण और उस बैंक खाते से आधार को जोड़ना, जिसमें रिफंड जमा करना है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण के लिए साझा सेवा केंद्र जमाकर्ताओं की मदद करेंगे।

सहारा रिफंड पाने के लिए शर्तें

- सहारा का रिफंड पाने के लिए आपको सबसे पहले 'सहारा रिफंड पोर्टल' पर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। इसके साथ ही जरूरी है कि आपका मोबाइल फोन आपके आधार से लिंक हो। अगर आपने अपना मोबाइल फोन बदला है तो नए नंबर को आधार से लिंक कर लें। इसके साथ ही जरूरी है कि आपका आधार नंबर आपके बैंक अकाउंट से भी लिंक हो। अगर आपके पास सारे कागज हैं तो आप इस पोर्टल पर जाकर अपनी रसीद अपलोड करके रिफंड पा सकते हैं। सुब्रत रॉय सहारा ने सहारा की शुरुआत कर इसे देश में सबसे बड़े कर्मचारियों वाली कंपनी बना दी, लेकिन कंपनी ने निवेशकों को बड़ा झटका दे दिया।

अधिक निवेश करने वालों की बढ़ेगी राशि

शाह ने कहा कि शुरुआत में जमाकर्ताओं को 10,000 रुपये तक का रिफंड मिलेगा। बाद में जिन्होंने अधिक निवेश किया है उन लोगों के लिए राशि बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 5,000 करोड़ रुपये का कोष पहले चरण में 1.7 करोड़ जमाकर्ताओं को राहत देगा।

सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे गृह मंत्री

शाह ने कहा कि पांच हजार करोड़ रुपये जमाकर्ताओं को दिए जाने के बाद हम उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे और उनसे अधिक धनराशि जारी करने का अनुरोध करेंगे, ताकि बड़ी राशि वाले अन्य जमाकर्ताओं का पूरा धन वापस किया जा सके।

करोड़ों निवेशकों को मिलेगा इसका लाभ

गौरतलब है, चार सहकारी समितियों-सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में लगभग 2.5 करोड़ लोगों के 30,000 रुपये तक जमा हैं।

वैध दावे प्रस्तुत करने के लिए पोर्टल

इन सहकारी समितियों के जमाकर्ताओं के वैध दावे प्रस्तुत करने के लिए आईएफसीआई की एक सहायक कंपनी ने पोर्टल विकसित किया है। शाह ने कहा कि इसके लिए दो बातें जरूरी हैं, मोबाइल के साथ आधार पंजीकरण और उस बैंक खाते से आधार को जोड़ना, जिसमें रिफंड जमा करना है।

कौन-कौन से डॉक्यूमेंट जरूरी

- रिफंड पाने के लिए आपको कुछ दस्तावेजों की भी जरूरत होगी।
- सहारा में निवेश की सदस्यता संख्या
- जमा खाता संख्या
- आधार लिंक मोबाइल नंबर
- जमा धारक का पासबुक
- पैनकार्ड (अगर राशि 50 हजार से अधिक है)

करोड़ों निवेशकों का इसका लाभ मिलेगा

- आपके दस्तावेजों की जांच करने के बाद 45 दिनों के अंदर खाते में पैसे आ जाएंगे। इस पोर्टल के जरिए छोटे निवेशकों को भी लाभ मिलेगा। इस पोर्टल के जरिए करीब ढाई करोड़ लोगों को अपना पैसा वापिस मिलेगा। सहारा के लाखों -करोड़ों निवेशकों का इसका लाभ मिलेगा।

कौन कर सकते हैं आवेदन



- सीआरसीएस सहारा रिफंड पोर्टल के जरिए सहारा के चार सोसायटी में पैसा लगाने वाले निवेशकों को लाभ होगा। सहारा की चार सोसायटी के वैध जमाकर्ता इस पोर्टल की मदद से आवेदन कर रिफंड पा सकते हैं।
- सहारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, कोलकाता
- सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, लखनऊ
- सहारायन सूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसायटी लिमिटेड, भोपाल
- स्टार्ट मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, हैदराबाद
- पोर्टल पर मौजूद जानकारी के मुताबिक 22 मार्च 2022 से पहले जिन जमाकर्ताओं ने सहारा में स्कीम में निवेश किया है, वो इस पोर्ट्ल के द्वारा रिफंड पा सकेंगे।

जस्टिस सुभाष रेड्डी की निगरानी में पूरी की जाएगी प्रोसेस

डिपॉजिटर्स को पैसा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज आर सुभाष रेड्डी की निगरानी लौटाया जाना है। इस मामले में एडवोकेट गौरव अग्रवाल जस्टिस रेड्डी को असिस्ट करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के अगस्त 2012 में सहारा ग्रुप की दो कंपनियों सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन और सहारा हाउसिंग इंडिया कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इन्वेस्टर्स का पैसा लौटाने के निर्देश के बाद सहारा-सेबी एस्क्रो अकाउंट खोले गए थे। जिसमें सहारा ग्रुप की ओर से पैसे जमा करवाए गए थे।

1,573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों को मिला नियुक्ति पत्र

सीएम योगी बोले, 2017 से पहले नौकरियां आती थीं तो चाचा-भतीजे वसूली को निकल पड़ते थे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा सभी 75 जनपदों में 1573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र बांटा गया। मंगलवार को कार्यक्रम में पहुंचे सीएम ने कहा, 2015 और 2016 में ज्यादातर राज्य बीमारू ही रह गए थे। लेकिन यूपी ने उन्नति की है। 6 साल में यूपी बदला है। सक्षम प्रदेश बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 2017 से पहले नौकरियों की स्थिति क्या थी, आप सभी को पता है। भर्ती आती थी तो चाचा-भतीजे वसूली को निकल पड़ते थे। पिछले डेढ़ वर्ष में 19वां नियुक्ति पत्र कार्यक्रम है। उन्होंने कहा, यूपी टीकाकरण में 98 फीसदी सफलता मिली है। हमारी हेल्थ वर्कर्स की ताकत मैं समझता हूं। पांच बार गोरखपुर का सांसद रहा हूं। पूर्वी यूपी में 1977,78 इंसेफलाइटिस का कहर था। करीब 40 सालों में 50 हजार से ज्यादा बच्चों की मौत हुई। अब किसी बच्चे की मौत इंसेफलाइटिस से नहीं होती है। उन्होंने कहा, गोरखपुर, बस्ती आजमगढ़ के मंडल में सिर्फ एक मेडिकल कालेज गोरखपुर में था।

6 साल पहले केवल एक समाज के लोगों को मिलता था नियुक्ति पत्र

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार देने के लिए यूपी सरकार लगातार नियुक्ति पत्र बांट रहा है। प्रत्येक सप्ताह किसी ने किसी विभाग की ओर से नियुक्त पत्र बांटे जा रहे हैं। 6 साल पहले एक जिले या एक समाज के लोगों को ही सिर्फ नियुक्ति पत्र मिलता था। अब निष्पक्षता के आधार पर नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे हैं। इससे पहले चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण ने सभी नियुक्ति पत्र पाने वाले लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा, आप सभी स्वास्थ्य विभाग की तरक्की और जनता की सेवा के लिए काम करना हैं।

इन्हें मिला नियुक्ति पत्र: निर्मला प्रजापति अंबेडकर नगर, अमेठी से नेहा, अयोध्या से प्रतिमा, बाराबंकी से सुधा रावत, लखनऊ से प्रतिभा त्रिपाठी, फतेहपुर से रेखा पाल, हरदोई से अपर्णा शुक्ला, कानपुर नगर से पारुल गुप्ता व, सपना गौतम, खीरी से अनुराधा वर्मा, प्रपापग्ध से रानी , रायबरेली से ममता यादव, सीतापुर से नुर जहां, सुल्तानपुर से स्वाति सिंह, उन्नाव से एकता पटेल।

केजीएमयू में डिजिटल भुगतान की सुविधा शुरू

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

केजीएमयू में अब मरीजों को फीस और अन्य सुविधाओं के लिए नगद भुगतान से राहत मिलेगी। अब वे डिजिटल माध्यम से भी भुगतान कर सकेंगे। डेबिट और क्रेडिट कार्ड के साथ ही मरीजों को पेटीएम, गूगल पे आदि के माध्यम से भी डिजिटल लेनदेन करने की सुविधा मिलेगी। केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. सुधीर सिंह ने बताया कि मई 2023 से पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह सुविधा ट्रायल के आधार पर शुरू की गई थी। अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली ई-अस्पताल (एनआईसी, नई दिल्ली द्वारा) के साथ डिजिटल गेटवे के एकीकरण को निरंतर मजबूत करने के बाद अब यह सुविधा सामान्य रूप से शुरू की जा रही है।

जिंदा जलकर चार लोगों की मौत, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। बताया गया कि रामपुर मनिहारान में चुनहेटी गांव के पास अंबाला देहरादून हाईवे पर एक कार में आग लग गई। आग लगने से कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई। उधर, घटना की

सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और शवों को बाहर निकाला जा रहा है। बताया गया कि रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुनहेटी गांव के पास अंबाला-देहरादून हाईवे स्थित बाईपास पर हुए सड़क हादसे में कार सवार चार लोग जिंदा जल गए। पुलिस के अनुसार, कार सवार चारों लोगों के शव निकाले जा रहे हैं। मृतकों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, कार सवार चार लोग हाईवे से गुजर रहे थे। एक वाहन को ओवरटेक करने के दौरान पीछे से ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। कार डिवाइडर से जा टकराई और उसमें तुरंत आग लग गई। भीषण आग लगने से कार सवार चारों लोग जिंदा जल गए। फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया गया।

रिपोर्ट अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या में शामिल तीन हत्यारों में एक सनी सिंह 14 महीने कानपुर जेल में रहा

कानपुर से जुड़ रहे अतीक की हत्या के तार

- सूत्रों के अनुसार इस दौरान सनी कानपुर के शातिर अपराधियों के संपर्क में आया
- कानपुर के गैंगस्टर के नेटवर्क से जुड़कर बाद में उसने आसानी से तुर्किए मेड जिगाना पिस्टल और कारतूस की व्यवस्था की
- सनी को हमीरपुर जेल में अनुशासनहीनता और गलत आचरण की वजह से कानपुर जेल शिफ्ट किया गया था

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या सुर्खियां बन कर अब ठंडे बस्ते में जा रहे हैं। उमेश पाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी और अतीक अहमद का बमबाज गुड्डू मुस्लिम और अतीक की पत्नी शाइस्ता फरार हैं। सूत्रों के अनुसार गुड्डू मुस्लिम की लास्ट लोकेशन गोवा में मिली है, लेकिन यूपी पुलिस के हाथ खाली हैं। सूत्रों की माने तो अतीक अहमद की हत्या का खाका कानपुर में ही बुना गया और यहीं से तीनों हत्यारों को तुर्किए मेड जिगाना पिस्टल वह कारतूस उपलब्ध कराए गए।

अतीक और अशरफ के तीन हत्यारों में से एक सनी सिंह 14 महीने कानपुर जेल में रहा। यहीं उसका कानपुर के शातिर अपराधियों से संपर्क बढ़ा जिसका उपयोग उसने अतीक की हत्या में तुर्की निर्मित हथियार लेने और हत्याकांड को अंजाम देने के लिए किया। कानपुर जेल के सूत्रों के अनुसार सनी सिंह जनवरी 2020 से लेकर अप्रैल 2021 तक कानपुर जेल में रहा।

अतीक अहमद और अशरफ के हत्यारे। (फाइल फोटो)

उसे हमीरपुर जेल में अनुशासनहीनता और गलत आचरण की वजह से कानपुर जेल शिफ्ट किया गया था। करीब 14 महीने कानपुर जेल में रहने के दौरान सनी सिंह के संपर्क कानपुर के शातिर गैंगस्टर और उनके नेटवर्क से हुए। इसी नेटवर्क का फायदा उठाकर उसने बहुत शातिराना अंदाज में अतीक और अशरफ की हत्या को अंजाम दिया। हालांकि इस संबंध में कानपुर के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी बाबर द्वारा अतीक और अशरफ के हत्यारों को विदेशी हथियारों की सप्लाई की सूचना का खंडन कर चुके हैं।

कानपुर की गुरुरामदास आर्मरी और लखनऊ की नेशनल आर्मरी में बाबर ने अपने यहां बनवाए हथियार सप्लाई किए थे

वर्ष 2012 में एटीएस की ओर से खुलासा किया गया था कि कानपुर की गुरुरामदास आर्मरी और लखनऊ की नेशनल आर्मरी में बाबर ने अपने यहां बनवाए हथियार सप्लाई किए थे। इन आर्मरी से बाकायदा सरकारी शस्त्र लाइसेंस पर फर्जी हथियार जारी किए गए थे।

तुर्किए मेड जिगाना पिस्टल और अन्य असलहों की सप्लाई की

बाबर के खिलाफ आठ गंभीर केस दर्ज हैं। उस पर आरोप लग रहा है कि उसे अतीक के हत्यारों को तुर्किए मेड जिगाना पिस्टल और अन्य असलहों की सप्लाई की। सूत्रों के हवाले से आ रही इस खबर ने सनसनी मचा दी है। अतीक अहमद की हत्या में तुर्किए मेड जिगाना पिस्टल के प्रयोग का मामला सामने आया था। हालांकि, इस प्रकार की खबरें भी सामने आईं कि हत्यारों को कानपुर के अवैध आर्म्स सप्लायर की ओर से हथियार सप्लाई किए गए।

हथियार के सप्लायर रहे रईस बनारसी का भांजा है बाबर

बाबर गैंगस्टर रईस बनारसी का भांजा है। रईस बनारसी को पुलिस एनकाउंटर में मार गिराया गया था। उस पर पूर्वांचल में अपराधियों को विदेशी हथियार सप्लाई करने का आरोप है। एटीएस ने वर्ष 2012 में बाबर को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी विदेशी हथियारों की तस्करी के आरोप में हुई थी। बाबर के सप्लाई किए गए हथियार इतने असली लगते थे कि हथियार बेचने वालों ने भी उसे असली बताकर बेचना शुरू कर दिया था। बाबर के बारे में खुलासा एटीएस ने किया था।

बाबर से लिए थे हथियार?

सूत्रों के अनुसार अतीक और अशरफ के हत्यारों को कानपुर के कुख्यात अपराधी बाबर ने हथियार सप्लाई किए थे। प्रयागराज में 15 अप्रैल की रात 10-35 बजे कॉल्विन हॉस्पिटल परिसर में माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में डी-टू गैंग चलाने वाले बाबर पर आरोप लग रहा है कि उसने अतीक अहमद के हत्यारों को असलहे और कारतूस मुहैया कराए। अतीक के हत्यारों सनी सिंह, लवलेश तिवारी और अरुण मौर्य के उसके संपर्क में आने का दावा सूत्रों के हवाले से किया जा रहा है। इसमें सनी सिंह का कानपुर जेल में रहना प्रमुख कारण माना जा रहा है। बाबर पर पहले से ही अपराधियों को अवैध हथियारों की सप्लाई का आरोप लगता रहा है।

नव नियुक्त एएनएम को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जनपदों के लिए चयनित 1573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्री की नियुक्ति पत्र वितरण मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। जिसका कलेक्टरेट सभागार में एलसीडी के माध्यम से सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। इसी प्रकार जनपद में सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में अजमा सिंह मऊ, शबाना शिवरामपुर, बेला देवी बिसंडा को एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्री के पद पर नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अपने क्षेत्र में लगन एवं निष्ठा से कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ जतारिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरके करवरिया, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राज कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

ग्रीन सद्गुरु, क्लीन सद्गुरु के तहत किया गया पौधरोपण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की तपोस्थली चित्रकूट के जानकीकुण्ड में संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा संस्थापित श्री सदुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डा बी के जैन और उनकी धर्म पत्नी ऊषा जैन एवं ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पो के कार्यकर्ताओं द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बी. के. जैन एवं उषा जैन अध्यक्षा श्री सद्गुरू शिक्षा समिति ने बरगद और पीपल का पौधा लगाकर की। इसके बाद सदुरु परिवार के सभी सदस्यों द्वारा पौधरोपण किया गया। ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डा बी के जैन ने बताया कि यह वृहद पौधरोपण ग्रीन सदुरु क्लीन सदुरु कार्यक्रम के तहत किया गया है। इस वर्ष श्री सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा 11000 पौधरोपण का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर स्वस्थ्य रहना है तो पर्यावरण को स्वच्छ रखना पड़ेगा और पर्यावरण तभी स्वच्छ रहेगा जब हम पेड़ लगायेगे। जब पर्यावरण स्वच्छ होगा तब हम भी स्वस्थ्य रहेंगे। इसलिए सभी चित्रकूट वासियों से अपील है कि सभी लोग कम से कम एक पेड़ जरूर लगाएं और उसे तैयार कर चित्रकूट को ग्रीन और क्लीन बनाए साथ ही पेड़ों को कटने से भी बचाएं।

जेम कार्यशाला का हुआ आयोजन, समस्या

जन एक्सप्रेस/फतेहपुर। जनपद स्तरीय जेम कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में संपन्न हुआ। लखनऊ जेम सेल से आये प्रवीन बागवानी मास्टर ट्रेनर द्वारा समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उद्यमियों को जेम पोर्टल से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें उनके द्वारा जेम पोर्टल में अद्यतन परिवर्तनों के बारे में बताया गया। अधिकारियों के जेम पोर्टल से सम्बन्धित प्रश्नों एवं शंकाओ का समाधान किया गया। जेम विभिन्न केन्द्रीय और राज्य सरकारों के विभागों, संगठनो एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा आवश्यक सामान्य उपयोग की वस्तुओं एवं सेवाओं की आन-लाइन खरीद की सुविधा के लिये वन स्टाप राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल है। इस अवसर पर जिला स्तरीय समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस ने साढ़े सोलह लाख का नशीला पदार्थ जलाकर किया नष्ट

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के दिशा-निर्देशन में माल निस्तारण के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत् डेढ़ दर्जन मुकदमों से संबंधित साढ़े सोलह लाख रूपये के गांजा समेत अन्य नशीले पाउडर को आग के हवाले कर दिया गया। एसपी ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।बताते चलें कि एसपी के दिशा-निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए लगातार जिले में अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा गश्त के दौरान पकड़े गये अभियुक्तों से नशीले पदार्थ की बरामदगी कर उनके खिलाफ मुकदमा लिखकर न्यायालय भेज दिया जाता है। जेल जाने के बाद नशीले पदार्थों का पुलिस कार्यालय में ही विनिष्टीकरण किया जाता है। इसको लेकर एसपी के निर्देशन में विनिष्टीकरण कराया गया। पुलिस ने 18 मुकदमों से संबंधित लगभग साढ़े सोलह लाख रूपये के 272 किलोग्राम गांजा व 115 ग्राम नशीले पाउडर को आग के हवाले करके नष्ट कर दिया गया। एसपी ने अधीनस्थों को निर्देशित किया कि किसी भी हाल में जनपद में नशीले पदार्थों का कारोबार नहीं होना चाहिए। इसलिए समय-समय पर अभियान चलाया जाये। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र, क्षेत्राधिकारी लाइन प्रगति यादव भी मौजूद रहे।

कटैया खादर उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुआ स्मार्ट कक्ष का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैया खादर विकासखंड रामनगर में खंड शिक्षा अधिकारी एन पी सिंह, स्वतन्त्र रैंडर द्वारा स्मार्ट कक्ष का फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। विद्यालय के शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन में सहयोग के लिए यह स्मार्ट टी वी विद्यालय के अध्यापक साकेत बिहारी शुक्ल के निवेदन पर संस्थापक अवधेश अग्रवाल, सोसल वेलफेयर एंड समूह अपलिफ्टमेंट के दीपक मित्तल द्वारा माता स्व शकुंतला देवी की स्मृति में उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैया खादर को उपहार भेंट की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यह स्मार्ट टी वी बच्चों के सीखने सिखाने में उपयोगी सिद्ध होगी। सभी बच्चे रुचिपूर्वक किसी भी विषय वस्तु को और अच्छी तरह समझ सकेंगे। शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ल ने कहा कि विद्यालय को जो स्मार्ट टी वी दान में दी गयी है, उसके माध्यम से किसी विषय वस्तु को पढ़ाना और आसान होगा। इस अवसर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में विद्यालय के चयनित छात्र अजय कुमार, महिमा देवी एवं संदीप यादव को पुरुस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस मोके पर पर ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह, ग्राम की एएनएम बसंती देवी, विद्यालय के अध्यापक रामबालक सिंह, विकास कुमार, लवकुश कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

कौशल विकास मिशन समीक्षा बैठक सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन् के अन्तर्गत में कार्यरत् प्रशिक्षण प्रदाताओं की प्रगति की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की अध्यक्षता में महात्मा गांधी कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शून्य प्रगति या कम प्रगति वाले संस्थाओं को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर यदि प्रगति की शत-प्रतिशत् पूर्ति नहीं किया गया तो उन पर नियमानुसार कार्यवाही किया जायेगा। प्रोजेक्ट प्रवीन के तहत् 04 राजकीय इण्टर कालेज-बालिका इण्टर कालेज में 140-140 मे शून्य प्रगति पाये जाने पर निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर प्रगति शत-प्रतिशत् पूरा किया जाय। जेल अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि जेल में निरूद्ध कैदियों को कौशल में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 01 बैच का पंजीकरण हो गया है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए उसे अतिशीघ्र संचालित कराने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण को गुणवत्तापूर्ण बनाये रखने एवं उसमें उत्तरोत्तर प्रगति कर रोजगार मेले में अधिकाधिक युवक-युवतियों को सेवायोजित कराये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुपस्थिति निजी प्रशिक्षण प्रदाता आर्शिवाद एजुकेशन सोसाइटी, हाईटेक कम्प्यूटर एजुकेशन के अनुपस्थिति पाये जाने पर एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु शून्य प्रगति पर आर्शिवाद एजुकेशन सोसाइटी, राजकीय आई0टी0आई, स्पर्स्ट सेफ्टी सोल्यूशन, हाइजनगर्न शिक्षण सेवा संस्थान, वेलाइन मैनेजमेन्ट कान्सल्टेन्ट प्रा0लि0 से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, उपयुक्त उद्योग, डिप्टी जेलर, सहायक श्रमायुक्त, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रशिक्षण प्रदाताओं के पदाधिकारियों सहित सम्बंधित उपस्थित रहे।

भू-जल संरक्षण के प्रति छात्र-छात्राओं, अभिभावकों को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर में भू-जल संरक्षण सप्ताह के उद्घाटन समारोह में पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होकर खेत पर मेड़ और मेड पर पेड़ की थीम को परिभाषित करते हुए जल संरक्षण के सम्बन्ध में उनके द्वारा किए गये प्रायोगिक परीक्षण को छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों, अभिभावकों के बीच विस्तार से वर्णन किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा दुर्गेश शुक्ल ने भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की जल संरक्षण में मूल्यवान एवं शक्तिशाली तरीकों को वेदों की ऋचाओं एव सूत्रों को उद्धृत कर वराहमिहिर की वृहत्सहिता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों से भू-जल संरक्षण का आह्वान किया। ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्र ने जल संरक्षण के लिए छात्र-छात्राओं को बढ-चढ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। खड शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के 150 बच्चों एवं अध्यापकों के साथ प्रतिभाग कर जल संरक्षण के विविध तरीकों की जानकारी प्राप्त कर आत्मसात करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सुनील मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एक छात्रा एवं दो छात्रों को महाविद्यालय में जल संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर डा मनोज अवस्थी, विजय यादव, डा धर्मेन्द्र सिंह, आलोक रंजन, डा अयूब, इफरा जूमी, रामपोस, नीरज सिंह, संदीप तिवारी आदि मौजूद रहे।

ट्विटर का लिया संज्ञान जांच कराकर निस्तारित

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

उपजिलाधिकारी खागा ने बताया कि ट्विटर पर वायरल शीर्षक ''क्या यही होना चाहिये अधिकारी मनमानी कर रहे हैं, पैसा मांग रहे हैं, गौशाला की जमीन को नापने के लिये कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं'' के क्रम में प्रकरण की जांच सहायक चकबन्दी अधिकारी खागा से करायी गयी।

सहायक चकबन्दी अधिकारी खागा की जांच आख्यानुसार वायरल शीर्षक रविकरन सिंह पुत्र जागेश्वर सिंह निवासी ग्राम पाई परगना एकडला तहसील खागा से सम्बंधित है। आवेदक द्वारा अपनी पत्नी के नाम चकबन्दी से पूर्व गाटा संख्या 411, 169, 403 व 716अ के 1-2 अंश का खातेदार प्रभाकर पुत्र चन्द्रबली से बैनामा 28.05.2014 को लिया था। प्रकरण में गाटा संख्या 411 के मध्य से सड़क निकली हुयी थी। किन्तु बैनामे में सड़क का कोई जिक नहीं है। उक्त गाटा चकबन्दी प्रक्रिया से पृथक है। इसमें इनका कब्जा नहीं था। आवेदक चाहता है कि सड़क समाप्त कर दिया जाय, उक्त गाटे के सम्बंध में चकबन्दी अधिकारी सदर के न्यायालय में वाद विचाराधीन है। कोई भी भूमि गौशाला के नाम अंकित नहीं है। वायरल खबर मनगढन्त, असत्य एवं निराधार हैं। उक्त लम्बे समय से अनसन आदि प्रक्रिया के माध्यम से सर्घष कर रहा है। जिसकी जॉच करा कर समस्या का निस्तारण किया गया।

G20 भारत मंडपम 2023
उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई–निविदा सूचना
मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई– निविदा आमंत्रित करते हैं।

1	कार्य का नाम	स्ट्रेंथनिंग ऑफ आई०सी०एफ० बोगी फ्रेम एस पर ड्राइंग नंबर– आर०डी०एस०ओ० – CG–17066
2	कार्यस्थल	सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ
3	अनुमानित लागत	रु० 1,93,70,880.00 मात्र
4	निविदा प्रपत्र का मूल्य	शून्य।
5	बिड सिक्युरिटी	रु० 2,46,900/– मात्र
6	कार्य पूर्ण करने की अवधि	02 वर्ष।
7	निविदा जमा करने की तिथि एवं समय	दिनाँक– 28.07.2023 से 11.08.2023 समय 15:00 बजे तक
8	प्रमाणपत्र	फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/ HUF/JV/ LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए ।
9	खुलने का समय	निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा । निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है ।
10	कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है।	निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट– www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
11	वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है।	

निविदा सूचना सं. 2023–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू–ई निविदा–21 दिनांक: 17.07.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2200/23

चोरी के जेवरात व नगदी के साथ तीन चोर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ राज कमल के पर्यवेक्षण में थाना मानिकपुर पुलिस ने चोरी की घटना का अनावरण कर तीन चोरों को चोरी के जेवरात व नगदी के साथ गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाना अन्तर्गत रामपुर कल्याणगढ निवासी सतेन्द्र पटेल पुत्र स्व शारदा पटेल ने सूचना दी कि बीते 9 जुलाई को वह अपनी आटा चक्की पर काम करके घर वापस लौटा तो देखा कि उसके मकान के अन्दर बक्से में रखे में जेवरात व नगदी सोने चादी के आभूषण बक्सा सहित चोर चुरा ले गये। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में मुकदमा बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। मानिकपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक हारून रशीद खां, प्रभुदयाल सिंह, आरक्षी शाकिर अली, विमलेश, महिला आरक्षी अंशु सैनी द्वारा विवेचना के दौरान शैलेश पटेल पुत्र सत्यनारायण, मुंशी पटेल उर्फ राजेन्द्र पुत्र प्रेम सिंह, मीरा कुमारी पत्नी संतोष धोबी निवासीगण रामपुर कल्याणगढ को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से सत्येन्द्र पटेल के घर से चोरी हुए सोने व चांदी के जेवरात व नगदी बरामद की गयी। चोरी के सामान की बरामदगी के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमे में बढ़ोत्तरी की गयी।

अराजकतत्वों के खिलाफ कठोर कदम उठाएगी धर्मशाला कमेटी

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

खंगार धर्मशाला की बैठक मंगलवार को अध्यक्ष भोलानाथ की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन वासुदेव सिंह खंगार ने किया। बैठक में बांदा के लल्लू सिंह खंगार में धर्मशाला के विकास के मुद्दे को उठाते हुए कमरों और फर्श की मरम्मत कराने तथा निगरानी के लिए सीसीटीवी लगवाने की बात कही। हमीरपुर के सत्यम सिंह खंगार ने एकजुटता पर जोर दिया।

महोबा के सत्यनारायण ने अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया। शैलेन्द्र सिंह खंगार ने कहा कि कुछ अराजकतत्व धर्मशाला को क्षति पहुंचा रहे हैं। इसके बाद सभी लोगों ने प्रस्ताव पारित किया कि आराजकत्वों के खिलाफ धर्मशाला अध्यक्ष भोलानाथ आवश्यक कदम उठाएंगे। इस मौके पर महंत भजन दास, मुन्ना दास, भगवान दास, भूमा नन्द, कुबेरपुरी नागा, पप्पूपुरी विनोद सिंह खंगार, राम सिंह, फूल सिंह, युवराज सिंह, श्यामबाबू, अधिवक्ता सीताराम सिंह, चन्द्रपाल सिंह, बाला प्रसाद खंगार, रामविलाश, गांगाचरण सिंह, नीलकमल, सत्यनारायण सिंह, भुवनराज, जितेन्द्र, रावेन्द्र आदि मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता मे विकास के 37 बिंदुओं की समीक्षा बैठक, दिशा-निर्देश जारी

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी-लाभार्थीपरक योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा किया। जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते जाने की हिदायत दिया।

डीएम ने कहा कि जनपद में नवीन सड़क निर्माण-मरम्मत, सेतुओ, अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग एवं चरणबद्ध तरीके से समय से कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागो के जो विद्युत बिल बकाया है और जो विभाग विद्युत बिल का भुगतान कर चुके हैं उसकी सूची अधिशाषी अभियंता विद्युत हाईड्रिल को उपलब्ध करा दें। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत् गोल्डेन कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाएं। साथ ही जिन लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं उनको मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक करते हुए स्वास्थ्य सुविधाए मुहैया कराई जाय। गर्भवती, धात्री, बच्चों का टीकाकरण समय से शत-प्रतिशत् कराये। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं के क्रियान्वन पर सतत् निगरानी बनाए रखने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया। उन्होंने कहा कि पशुओं का टीकाकरण व पशुओं की ईयर टैगिंग का कार्य शत-प्रतिशत कराये। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनांतर्गत जरूरतमंदों को दुधारू गाय दिया जाय। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत् किसानों के आधार सीडिंग का कार्य शेष रह गया है उसे शत-प्रतिशत् कराने के निर्देश उप कृषि निदेशक को दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी, परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प के कार्य में तेजी लाया जाय। पंचायती राज विभाग ग्रामों में हैंडपंप रिबोर-मरम्मत का कार्य नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए पूर्ण कराये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंदरौल अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । बुधवार । 19 जुलाई 2023

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 18- 19 जुलाई 2023 को तेज हवाओं के साथ हल्की बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 34.8 (-1.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.2 (+2.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 84 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 65 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.8

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

हिंदू का मकान न खरीद पाएं मुसलमान योगी सरकार से करेंगे मांग : महापौर

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

कानपुर नगर। कानपुर की मेयर प्रमिला पांडेय ने एक चौकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि हिन्दू जो भी घर छोड़े उसे मुस्लिम लोग न खरीद पाएं, ऐसी मांग वह योगी सरकार से करेंगी। बुजुर्ग की शिकायत पर महापौर प्रमिला पांडेय मुंशी पुरवा पहुंचीं थी। मंगलवार को मौके पर जा कर उन्होंने वहां के हालात देखे और जमकर फटकार लगाई। कानपुर की महापौर अपने बयानों को लेकर हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। कानपुर में वह रिवॉल्वर दादी और अम्मा के नाम से जानी जाती हैं। उनका एक बार फिर धाकड़ अंदाज देखने को मिला है। उनका एक आपत्ति जनक बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी सरकार से मांग करूंगी कि किसी हिंदू का मकान मुस्लिम न खरीद पाएं। वहीं किसी मुस्लिम का मकान कोई हिंदू नहीं ले पाए। इससे यह होगा कि दोनों साथ में रहेंगे तो मानसिकता बनी रहेगी।

अधिकारियों को तत्काल कब्जा हटाने के दिये निर्देश

महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि सोमवार को हमारे ऑफिस में एक बुजुर्ग आए थे। उन्होंने बताया कि मुंशी पुरवा में हमारा एक मंदिर और एक कुआं है, जिसमें कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। बुजुर्ग की शिकायत पर जब मौके पहुंची तो देखा कि कुआं में चारों तरफ से घर बनाकर उसमें कचरा डाल दिया है, लेकिन जो मंदिर है, उसमें घर बना लिया। खिड़की और गेट खोल लिया है। यहां 5 मकान मंदिर की तरफ बड़ा छज्जा और खिड़कियां खोले हुए थे। भगवान हनुमान की मूर्ति के पास ही रोजाना कूड़ा फेंका जा रहा था। इस तरह की नीयत बिल्कुल गलत है। हमने अपने पिछले कार्यकाल में 125 प्राचीन मंदिर ढूंढे थे। इनकी जो मानसिकता है, उससे मैं बहुत परेशान हूं। हमें मुस्लिम समुदाय से कोई ऐतराज नहीं है। प्रधानमंत्री कहते हैं कि सबका साथ-सबका विकास को लेकर चल रहे हैं। बुजुर्ग की शिकायत पर मंगलवार को प्रमिला पांडेय मौके पर पहुंच गईं। उन्होने मंदिर पर गंदगी और कब्जा देखकर भड़क गईं। उन्होने अधिकारियों को तत्काल कब्जा हटाने के निर्देश दिए हैं।

तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल से स्कूल जा रहे दो मासूमों को रौंदा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बीते दिन मंगलवार को बिधनू के शंभुआ पुल के पास तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मारते हुए साइकिल से स्कूल जा रहे दो मासूम छात्रों को रौंद दिया उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कानपुर सागर हाइवे पर जाम कर दिया । मौक़े पर पहुंचे अधिकारियों ने कार्रवाई करने व मुआवजा देने का आश्वासन देकर हाइवे से जाम खुलवाते हुए पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मिली जानकारी के अनुसार बिधनू थाना क्षेत्र के शम्भुहा के मजरा भरोसापुरवा गांव निवासी बब्लू ने बताया कि उनके भाई राकेश उर्फ़ हरिओम कि बेटी 10 वर्षीय कशिश गांव के जूनियर स्कूल मे कक्षा 8 कि छात्रा थी। वह सुबह अपने भाई ऋषभ के साथ स्कूल जा रही थी, तभी कानपुर की ओर से आ रहा तेज रफ्तार डंपर टक्कर मारकर कुचलते हुए मौक़े से भाग निकला। हादसे में दोनो छात्रों कि दर्दनाक मौत हो गई। घाटमपुर एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि घटना कि जानकारी मिली है। छात्रों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



मृतकों की फाइल फोटो ।

फास्ट फॉरवर्ड

नाराज जेटीएन कंपनी के कर्मचारियों का धरना जारी

जन एक्सप्रेस कानपुर नगर। शहर में जेटीएन कंपनी के कर्मचारी कम वेतन और समय से वेतन न मिलने से नाराज होकर कल्याणपुर स्थित जेटीएन ऑफिस में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते दिन धरना प्रदर्शन का दूसरा दिन था। ख़बर लिखे जाने तक धरना तक लगातार जारी था। धरना दे रहे कर्मचारियों का कहना था कि अभी तक कम्पनी या नगर निगम की तरफ से कोई आश्वाशन नही मिला है। अपना दुखड़ा सुनाते हुए कर्मचारियों का कहना था कि ड्राइवर की पेमेंट 7 हजार है जबकि हेल्पर को महज 6 हजार सैलरी दी जाती है। जिससे घर का खर्च नहीं चल पाता है। उनकी सेलरी बढाई जाए और समय से सैलरी मिले। जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा और कोई भी गाड़ी वह बाहर नहीं निकलने देंगे उन्होंने बताया कि आज 5 और 6 जोन में धरना प्रदर्शन चल रहा है। अब सभी जोनो में धरना प्रदर्शन शुरू हो जाएगा और इसकी जिम्मेदारी नगर आयुक्त और महापौर प्रमिला पांडे की होगी।

शॉर्ट सर्किट से डॉक्टर के घर में लगी आग

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। रावतपुर थाना क्षेत्र के एम ब्लॉक स्थित सरकारी डॉक्टर के घर देर शाम सोमवार को शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने उपरी मंजिल स्थित ड्राइंग रूम को अपनी चपेट में ले लिया धू धू कर घर जलता देख आस पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस सहित दमकल कर्मियों को फोन किया। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। सही समय पर जानकारी ना होती तो घर के लोग आग में फंस जाते जिससे बड़ी जनहानि हो सकती थी। रावतपुर थाना क्षेत्र के एम ब्लॉक निवासी हैलट में डॉक्टर रहे आर के मौर्या जो मौजूदा समय में जालौन मेडिकल कॉलेज में प्रिंसिपल हैं के घर देर शाम आग लग गई आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। घर में जब आग लगी उस समय डॉक्टर जालौन में ड्यूटी पर थे। परिजनों ने बताया कि आज सुबह से घर में बिजली नहीं आ रही थी केसा को सूचना कर घर की लाइट सही कराई परिजनों का कहना है कि केसा कर्मियों की तार जोड़ने में कोई फाल्ट रही जिस कारण ऊपरी मंजिल स्थित ड्राइंग रूम में लगे इलेक्ट्रिक बोर्ड में अचानक आग लग गई।किसी तरह वह सभी लोग घर से भागे। नीचे पहुंचते ही आग ने ड्राइंग रूम को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया वहीं आग लगने से कमरे का एसी फट गया जिससे आग और भड़क गई दमकल कर्मियों ने पहुंच आग बुझाई है।

सचेंडी नहर में युवक का मिला शव, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। थाना सचेंडी क्षेत्र के बिनौर रेलवे क्रासिंग के पास नहर में अज्ञात युवक का शव मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बीते दिन अपराह्न तीन बजे थाना सचेंडी के बिनौर के पास नगर में बहता हुआ शव राहगीरों ने देखा तो पुलिस को फोन किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की जांच पड़ताल की है। पुलिस ने बताया कि शव 17 से 18 साल के युवक का लग रहा है। शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। बॉडी काफी फूल चुकी है। युवक के पैर में काला धागा बंधा हुआ है। वहीं युवक के बदन में कपड़े नहीं हैं।युवक की शिनाख्त के लिए आस पास के गांव में फोटो सर्कुलेट की गई है।

सपा विधायक पर दर्ज अग्निकांड मामला

इरफान सोलंकी के अधिवक्ता जानबूझकर ट्रायल को कर रहे विलंबित : ए.डी.जी.सी.

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी के अग्निकांड मामले में मंगलवार को भी विवेचक के बयान नहीं हो सके। कारण यह था कि जिन दो स्वतंत्र गवाहों को कोर्ट में गवाही के को लेकर पेश कराने के लिए एडीजीसी भास्कर मिश्रा द्वारा सीआरपीसी की धारा 311 के अंतर्गत बीती 7 जुलाई 2023 को जो प्रार्थना पत्र दिया गया था उसका निस्तारण अभी तक नहीं हो सका है। बचाव पक्ष ने जो आपत्ति लगाई थी उस आपत्ति पर प्रतिआपत्ति लगाते हुए अभियोजन के श्री मिश्रा द्वारा बचाव पक्ष की आपत्ति का विरोध किया गया। वही अभियोजन की प्रतिआपत्ति आने पर इरफान सोलंकी के अधिवक्ताओं ने अपना जवाब लगाने का समय मांगा तो एडीजीसी बोल पड़े कि बचाव पक्ष जानबूझकर कोर्ट में चल रहे ट्रायल को विलंबित करना चाहता है। हालांकि अब इस मामले में अगली सुनवाई 20 जुलाई को होनी है।

ज्ञातव्य हो कि बीती 8 नवम्बर को कोतवाली जाजमऊ में बेवा नजीर फातिमा की तहरीर पर विधायक इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी समेत अन्य पर अग्निकांड का

मुकदमा दर्ज किया गया था। वर्तमान समय में अग्निकांड मामले में दिन-प्रतिदिन सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में चल रही है। वादिनी नजीर फातिमा के साथ-साथ उनकी बेटियों और बेटों की गवाही भी हो चुकी है। अभियोजन पक्ष की ओर से वादिनी के परिवार समेत अन्य गवाहों की भी गवाही पूरी हो चुकी है। वर्तमान समय में मुकदमे के विवेचक रहे अशोक कुमार दुबे की गवाही प्रचलित है। इसी बीच अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी भास्कर मिश्रा के द्वारा बीती 7 जुलाई 2023 को 2 स्वतंत्र गवाहों से गवाही कराए जाने के लिए एमपी एमएलए कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 311 के अंतर्गत प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसके बाद बचाव पक्ष के अधिवक्ता को आपत्ति दाखिल करने के लिए भी कोर्ट ने समय दिया था। विधायक के अधिवक्ता सईद नकवी ने कोर्ट को बताया कि दोनों गवाह किसी अन्य मुक़दमे के गवाह हैं जो मामला एमपी एमएलए कोर्ट में ही विचाराधीन है। यह भी तर्क दिया कि दोनों ही एस0टी0 नं0 96/2023 व एस0टी0 नं0 542/2023, एक ही केस काइम नंबर 127/2022 थाना जाजमऊ, कानपुर से सम्बंधित है। पूर्ण रूप से इरफान के विद्वान अधिवक्ताओं द्वारा जो दो स्वतंत्र गवाह एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में बुलाने की याचना अभियोजन पक्ष के एडीजीसी भास्कर मिश्रा द्वारा की गई है उस पर उन्हें पूर्ण रूप से आपत्ति थी इसलिए लिखित में आपत्ति को दाखिल किया गया था। बीते दिन बचाव पक्ष की ओर से दाखिल आपत्ति पर एडीजीसी भास्कर मिश्रा द्वारा प्रति आपत्ति दाखिल की गई तो बचाव पक्ष ने प्रति आपत्ति पर भी अपना जवाब दाखिल करने का कोर्ट से समय मांगा जिस पर अभियोजन पक्ष के विद्वान अधिवक्ता का कहना था कि जानबूझकर बचाव पक्ष ट्रायल को विलंबित करना चाहता है जबकि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद से स्पष्ट निर्देश हैं कि ट्रॉयल जुलाई माह में जल्द खत्म हो जाना चाहिए। हालांकि इस मामले में अब एमपी एमएलए कोर्ट के विद्वान न्यायाधीश द्वारा अगली तिथि 20 जुलाई नियत कर दी गई है।

विश्वविद्यालय एवं रेड हैट इनकॉर्पोरेशन के मध्य एमओयू साइन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय एवं रेड हैट इनकॉर्पोरेशन के मध्य बीते दिन मंगलवार को एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग एमओयू हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों को उत्तम अकादमी क्रेडिट अर्जित कराना एवं डिजिटल अर्थव्यवस्था में उनके उज्जवल भविष्य को देखते हुए उनको तैयार कराना रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय उद्योग की जरूरतों को समझने और विद्यार्थियों को सिखाने के उद्देश्य से, काम के माहौल में परिवर्तन के मार्ग को सक्षम करने के लिए दुनिया में उद्योग के अग्रणी संगठनों के साथ मिलकर काम करता है। उन्होंने कहा कि रेड हैट की मदद से छात्रों को एंटरप्राइज ओपनसोर्स में दुनिया की अग्रणी प्रदाता से सीखने का मौका मिलेगा। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय में छात्रों को सीखने के नए अवसर मिलेंगे जिससे उनके कौशलों में विविधता आएगी और इसके साथ ही उन्हें प्रशिक्षित एवं अनुभवात्मक शिक्षकों से शिक्षा के भिन्न-2 स्तरों पर सीखने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

प्रो. रॉबिन्स पोरवाल ने बताया कि रेड हैट, प्रशिक्षण और प्रमाणन राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क से जुड़े हुए हैं। इस एमओयू के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कोर्सेज कराए जाएंगे।

इस अवसर पर रेड हैट की तरफ से निदेशक एवं फाइनेंस कण्ट्रोलर वंदना वड्डन, हेड-पब्लिक सेक्टर संजय श्रीवास्तव, राहुल, अवधेश सहित यूआईईटी की निदेशक डॉ. बृष्टि मित्रा और विभाग के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

17 से 19 जुलाई तक चलेगा भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

भाजपा द्वारा 17 से 19 जुलाई तक चलाए जा रहे विशेष महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मंगलवार को संपर्क से समर्थन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष डॉ. वीना आर्या पटेल, जिला पदाधिकारियों, वरिष्ठ भाजपाईयों एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में जाकर शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्रों और गली मोहल्ले में घर घर लोगों से संपर्क किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने साकेत नगर के कमला वधावन इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज, दयानन्द सरस्वती इंटर कॉलेज, एकता इंटर कालेज, रत्न शुक्ल इंटर कॉलेज सहित अस्सी से ज्यादा स्कूल, कालेजों में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं से संपर्क कर समर्थन मांगा जिस पर लोगों ने पार्टी के टोल फ्री नंबर 9090902024 पर मिस्ड कॉल कर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का वादा किया। हनुमंत विहार स्थित दयानन्द सरस्वती इंटर कालेज में जिलाध्यक्ष डॉ. वीना आर्या पटेल ने सम्पर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित 9 वर्षों की सरकार की उपलब्धियों, कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर शिवराम सिंह, प्रबोध मिश्रा, रामदेव शुक्ला, गणेश शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, शिव पूजन, अर्जुन बेरिया, कौशल किशोर दीक्षित, विनोद शुक्ला, लखन ओमर आदि मौजूद रहे।

गोशाला में काम करने वाला युवक दलदल में गिरा, गाय ने रौंदा, घायल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पनकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौशाला में जल का उचित निकास नहीं होने के कारण दलदल में पैर फंसने से गौशाला में काम करने वाला युवक गिर गया अचानक से गाय युवक को रौंदते हुए भागने लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं मौजूद लोगों ने उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार पनकी थाना क्षेत्र स्थित गौशाला में मनीष कुमार में काम करता है वह प्रतिदिन गायों को चारा खिलाता था बीते सोमवार को भी वह प्रतिदिन की तरह चारा खिला रहा था जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने की कारण पूरी गौशाला दल दल में परिवर्तित हो गई है इस दौरान वह दूसरी ओर जा रहा था अचानक से दल दल में उसका पैर फंस गया जिससे वह गिर गया। कुछ क्षण बाद एक के बाद एक गाय निकलने लगी यह घटना देख मनीष ने उठने का प्रयास किया लेकिन वह उठने में असमर्थ रहा जिससे वह गायों के पैरों के नीचे दबता रहा कुछ लोगों यह घटना देख युवक उठाया। अंदरूनी चोटें होने के कारण वह खड़ा नहीं पा रहा था इस दौरान लोगों ने उसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के नवनियुक्त पदाधिकारी सम्मानित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के इंजीनियर ए. एन. द्विवेदी की अध्यक्षता में कोषागार में नवनियुक्त अपर निदेशक जसवंत सिंह, संयुक्त अपर निदेशक मनोज त्रिपाठी, मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार सिंह, ए.ए.ओ. विमल प्रकाश व स्थांतरित अपर निदेशक अजय जौहरी को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मंडल संयोजक इंजीनियर ए. एन. द्विवेदी, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी, कर्मचारी समन्वय कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरेश चन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

कानपुर में खुशियां छीन रहा असलहों का शौक

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

केस 1- कल्याणपुर में 4 अगस्त 2019 को पीडब्ल्यूडी ठेकेदारी योगेंद्र सिंह के बेटे अंशुमन 17 ने उनके लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली थी परिजनों ने अंशुमन को पढ़ाई को लेकर डाटा था जिससे गुस्से में जान दे दी।

केस 2- दबौली में अधिवक्ता सतीश मिश्रा ने 9 मार्च 2023 को लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर लिया था उनके दांत में पस पड़ गया था डॉक्टर ने कैंसर का खतरा बताया था जिसके डर से उन्होंने जान दे दी।

केस 3- दबौली में मानसिक रूप से तनाव में चल रहे अजीत यादव ने 16 नवंबर 2022 को चाचा अजय पाल की पिस्टल से खुद को गोली मारकर खुदकुशी की थी अजय आर्मी में है वह छुट्टी पर घर आए हुए थे तभी अजीत ने पिस्टल से खुद को गोली मार ली थी।

केस नंबर 4- कर्नलगंज में कॉन्स्टेबल माधव प्रसाद वर्मा के बेटे महेंद्र कुमार वर्मा 23 ने 12 जून 2015 को पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली थी इसकी जांच पड़ताल में पता चला है कि वह काफी समय से तनाव में चल रहा था।

केस नंबर 5- 4 दिन पूर्व, पूर्व एमएलसी के भतीजे ने गोली मार कर दी जान।

सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए असलहा

सुरक्षा और शौक के लिए लोग लाइसेंसी असलहा लेते हैं लेकिन उसको घर पर रखने में लापरवाही करते हैं यही उनके अपनों के लिए जानलेवा साबित होता है वह आसानी से अष्टमी तक पहुंच जाते हैं और उसका दुरुपयोग करते हैं अजय को घर पर अत्यंत सुरक्षित जगह पर सलाह रखना चाहिए जहां पर बच्चों समेत घर के सदस्य ना पहुंच सके इसके लिए अलग से लॉकर होना चाहिए जिसकी चाबी असलहा धारक के पास ही होनी चाहिए।

लाइसेंसी हथियार से गोली चलाने में नियम-शर्तें

नियमानुसार लाइसेंस धारक ऑस्ट्रेलिया से हर्ष फायरिंग भी नहीं कर सकते हैं वह तभी सलाह से गोली चला सकते हैं जब उनको अपनी जान का खतरा महसूस हो अगर कोई उन पर हमला करने की फिराक में है तो पहले लाइसेंस धारक को पहले उसको चेतावनी देनी होती है अगर फिर भी हमलावर पीछे नहीं हटता है तो अल्लाह धारक हवाई फायर करेगा अगर फिर भी स्थिति सामान्य नहीं होती है तो वह कमर से नीचे गोली मार सकता है अगर वह कमर के ऊपर गोली मारेगा तो समझा जाएगा कृष्णा जान से मारने की नियत से फायर किया है सीधे सीने में गोली मारने की मनाई है।

सीएसए की ओर से लघु कृषकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर में बीते दिन मंगलवार को कौशल विकास योजना के अंतर्गत लघु जैविक कृषकों का तीस दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी डॉ.ए.के. सिंह ने बताया कि कौशल विकास योजना को यूथ ट्रेनिंग प्रोग्राम के नाम से भी जाना जाता है। इसके अंतर्गत आप लोगों को एक माह तक लघु जैविक कृषक विषय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने बताया कि जैविक खेती कृषि की वह विधि है जो संश्लेषित उर्वरकों एवं कीटनाशकों के न्यूनतम से न्यूनतम प्रयोग पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भूमि की उर्वरा शक्ति को बचाए रखने के लिए फसल चक्र का समावेश आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सन 1990 के बाद से विश्व में जैविक उत्पादों का बाजार काफी बढ़ा है। जैविक खेती में कौशल दक्षता हासिल कर स्वावलंबी हों तथा स्वयं का रोजगार स्थापित करें ।इस अवसर पर डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. राजेश राय, डॉ. शशिकांत, डॉ. निमिषा अवस्थी सहित 25 प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।

अफसरों के फ्लीट से हटने पर भड़कीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी

जन एक्सप्रेस। बल्दीराय/सुल्तानपुर

फ्लीट से अफसरों के गायब मिलने पर सुल्तानपुर दौरे पर आई केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी का पारा मंगलवार को चढ़ गया। उन्होंने अपने प्रतिनिधि को हिदायत दी कि सीडीओ और एसडीएम को फोन कर वापस बुलाओ। फरियादियों की समस्याओं के समाधान के दौरान अफसरों की गैरमौजूदगी पर केंद्रीय मंत्री का मिजाज तल्ख देखा गया। केंद्रीय मंत्री ने जलाशय का भूमि पूजन दिव्यांग से कराया।केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्री व अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने मंगलवार को भवानीगढ़ में अमृत सरोवर का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन समारोह में सांसद स्मृति ईरानी ने क्षेत्रीय नागरिकों की जन समस्याओं का भी निस्तारण किया। भूमि पूजन समारोह में उमड़े जन समुदाय के बीच केंद्रीय मंत्री ने पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय राम सुंदर यादव के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की उन्होंने कहा कि उनकी स्मृति में भवानीगढ़ गांव में अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है। स्मृति ईरानी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति को उनका हक दिलाने का काम किया है।केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों एवं मनरेगा मजदूरों से बातचीत कर उनका हाल जाना।जिसके उपरांत मंत्री ईरानी ने हलियापुर में आयोजित लोन मेले में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत 38 लाभार्थियों को एक करोड़ तीस लाख पचास हजार रुपए का ऋण का वितरण किया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से ऋण देकर ग्रामीण क्षेत्र के युवा बेरोजगारों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है।मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने कहा कि 39 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले स्वर्गीय राम सुंदर यादव अमृत सरोवर के तट का सुंदरीकरण कर उसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। अमृत सरोवरो की खुदाई जेसीबी से किए जाने के सवाल पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ऐसे कार्य जहां पर खुदाई में मशीनों का उपयोग किया जा रहा है उसे श्रमदान घोषित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि जिले में बड़े स्तर पर ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधानों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। सीडीओ ने बताया कि यह भूमि तालाब के नाम पर दर्ज है। जहां पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव द्वारा अमृत सरोवर जलाशय का भूमि पूजन किया जा रहा है। इस जलाशय का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस पर इंटरलॉकिंग बैठने के लिए व्यवस्था समेत पर्यटन के लिहाज से इसे बेहतर तैयार किया जाएगा।इसे 39 लाख की लागत से तैयार किया जा रहा है।समारोह में डीएम जसजीत कौर, एसपी सोमेन वर्मा, विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह,बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह,उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह,भाजपा नेता हिंदेश सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख रवींद्र प्रताप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह गब्बर,जिला विकास अधिकारी अजय पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव,भाजपा नेता निर्मल सिंह,बीडीओ बल्दीराय सत्यनारायण सिंह,वेद प्रकाश यादव, दिलीप सिंह, सीओ रमेश कुमार, कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह, प्रधान सुरेश प्रजापति समेत सुल्तानपुर जिला प्रशासन के बड़ी संख्या में अधिकारी गण मौजूद रहे।

मेनका ने शहर के पश्चिमी हिस्से से रिंग रोड बनाने के लिए केन्द्रीय राजमार्ग मंत्री को लिखा पत्र

जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सुलतानपुर की सांसद मेनका संजय गांधी ने सुल्तानपुर शहर खासकर अमहट में जाम की समस्या समाप्त करने के लिए शहर के पश्चिम तरफ से रिंग रोड बनाने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है।श्रीमती गांधी ने पत्र में अवगत कराया है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर में एक बाईपास है जो कि एनएच - 330 अहिमाने से होते हुए प्रतापगढ़ से अयोध्या तक जाता है।यह बाईपास सौरमऊ में एनएच-731 को काटता है और शहर के पूर्वी हिस्से से कटका तक जाता है। और इस फोर लेन की मंजूरी मिल गयी है.मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि 7 जुलाई 2023 को सांसद श्रीमती गांधी ने सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर सुल्तानपुर जिले में पश्चिम तरफ अहिमाने से शुरू होकर वैजापुर, दिखौली, अमहट, पल्हीपुर, खैचलाकंला, कटांवा,अमिलिया कला, सरवन होते हुए कटका खानपुर एनएच-330 तक रिंग रोड बनाये जाने का प्रस्ताव दिया है।उन्होंने यह भी अवगत कराया कि आज़मगढ़ और अम्बेडकर नगर से सुल्तानपुर, लखनऊ, रायबरेली और अमेठी की ओर जाने वाला यातायात वर्तमान में पूर्वी तरफ स्वीकृत बाईपास से दूरी अधिक होने के कारण शहर के केंद्र से होकर गुजरता है।इससे शहर में खासकर अमहट चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

प्रकृति को हरा-भरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी: एसडीएम

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के तत्वावधान में जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के उघरपुर में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को उप जिलाधिकारी वंदना पांडेय, क्षेत्राधिकारी प्रशांत सिंह व पत्रकार संगठन के पदाधिकारियों ने फलदार वृक्ष रोपित किया। पौध रोपित करने के पश्चात उपजिला अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को चाहिए कि अपने घर के सामने फलदार हो या छायादार एक वृक्ष जरूर रोपित करें। वृछ रोपित करने से मनुष्य का जीवन सुरक्षित रहता है।आज की भाग दौड़ आपाधापी के समय में मनुष्य शुद्ध वातावरण से वंचित है। ऐसे माहौल में प्रत्येक मनुष्य को एक फलदार हो या छायादार वृक्ष अवश्य रोपित करें, वृक्ष एक ऐसा मनुष्य का सुरक्षा कवच है। जोकि उसके जीवन को सुरक्षित रखने के लिए चौबीस घंटा शुद्ध ऑक्सीजन देता है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रशांत सिंह ने कहा कि पौध रोपित करना जितना जरूरी है, उससे ज्यादा जरूरी उसको संरक्षित करना है।राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने जयसिंहपुर इकाई के ऊर्जावान साथियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रकृति को हरा भरा रखने की मुहिम के तहत इस वर्ष जिले भर में 1051 पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है,जिसमें सभी इकाइयां संयुक्त रूप से मुहिम को आगे बढ़ाएंगी। जिला महामंत्री श्री कृष्ण पांडे ने कहा कि संगठन पूरे जिले के सभी तहसील व ब्लाक स्तर पर पौध रोपित करने का कार्य कर रहा है निश्चित रूप से आने वाले समय में पत्रकार संगठन डोर टू डोर पौध रोपित करने में सफल रहेंगे। जिसमें अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग की आवश्यकता है जो कि हम लोगों को मिल रहा है। पत्रकार संघ के पदाधिकारियों के द्वारा विद्यालय के प्रांगण में 25 फलदार वृक्ष रोपित किए गए।

एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचीं स्मृति ईरानी

जन एक्सप्रेस। अमेठी

केंद्रीय मंत्री व सांसद अमेठी स्मृति ईरानी एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंची।सबसे पहले जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भवानीगढ़ ग्राम सभा पहुंचकर अमृत सरोवर का भूमि पूजन कर अन्य कार्यक्रम में शामिल हुईं। इसके बाद मुसाफिरखाना ब्लाक सभागार लोन मेला में बैंकों द्वारा दिये गए रोजगार ऋण के चेक का वितरण किया। तथा नाविकों एवं गोताखोरों को सेफ्टी किट दिया।इस अवसर पर 29 नविको एवं 4 गोताखोरों को सेफ्टी किट प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा राज्य आपदा प्रबंधन विभाग नविको एवं गोताखोरों की सुरक्षा के लिए जनपद को सेफ्टी किट आवंटित की गई है। जिससे आवश्यकता पड़ने पर नाविकों एवं गोताखोरों की रक्षा हो सके,तथा वे अन्य लोगों की भी रक्षा कर सकें। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद यादव मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा,एडीएम वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अन्य अधिकारी तथा आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने नवोदय विद्यालय परिसर में अमृत वाटिका रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। एवं बाल पौध रोपड़ भंडारा का उद्घाटन किया। उन्होंने वृक्षारोपण महाअभियान में भी हिस्सा लिया।और फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

प्राथमिक विद्यालय मोहनगंज में संकुल बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। अमेठी

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निपुण भारत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मोहनगंज में संकुल बैठक हुई। यह बैठक प्रधानाध्यापक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन शशि कुमारी सिंह नोडल शिक्षिका ने किया। एआरपी शोभाशरण ने बैठक के एजेण्डा के अनुसार परियोजना संबंधी समस्त प्रकार की जानकारियों से शिक्षकों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि निपुण भारत के साथ-साथ कक्षा एक में रेडीनेस कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसे हम लोगों को पूर्ण निष्ठा व लगन से करना है।और समय से हाउसहोल्ड सर्वे का कार्य पूरा करना है।तथा कार्य पुस्तिका भरने के बारे में विस्तार सेजानकारी दी। बैठक में निपुण रेडीनेस कार्यक्रम, शिक्षण पाठ योजना,शैक्षिक नवाचार,टी जल एम निर्माण,शतप्रतिशत नामांकन, हाउस होल्ड सर्वे सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। नोडल शिक्षिका ने कार्य योजना के अनुसार प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को पूर्व से दिये गये टापिक पर सम्प्रेषण हेतु आमंत्रित किया। शिक्षण सहायक सामग्री के माध्यम से पढ़ाने की नवीन गतिविधियों से शिक्षकों के बीच में जानकारी प्रदान की।अमिता जायसवाल ने योग व प्राणायाम के बारे में विस्तार से बताया।बैठक में धीरेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि जो कुछ भी यहां हम चर्चा परिचर्चा में सीखते हैं,और जो भी परियोजना के दिशा निर्देश हैं,उनका पालन करते हुए अपने-अपने विद्यालयों में नन्हे-मुन्ने बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने का पूर्ण प्रयास करें। बैठक के पश्चात उन्होंने विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया।बैठक में विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

जेल में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन जिला कारागार, रायबरेली में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमाशंकर कहार अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा की गयी। शिविर में बन्दियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि आप सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना चाहिए जिसके लिए शिक्षा बहुत जरुरी है।

सचिव द्वारा शिविर में बताया गया कि यदि जेल में निरुद्ध किसी बन्दी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह जरिये जेल अधीक्षक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्र प्रेषित कर सकता है। जिस पर उसे निःशुल्क अधिवक्ता नामित कर दिया जाएगा। चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल राजकुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि किसी भी प्रकार की विधिक जानकारी के लिए आप जेल में स्थापित लीगल ऐड क्लीनिक में सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते है।

मंडलीय जनता दर्शन में मंडलायुक्त ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप लखनऊ मण्डल की मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने जनपद रायबरेली कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी। जनता दर्शन का उद्देश्य समस्याओं का समय से गुणवत्तापरक निस्तारण करना था। उनके सामने भूमि, आवास, सड़क, जलभराव, पानी, राशन, सुरक्षा और स्वास्थ्य सम्बन्धित सहित अन्य मामले आए। मण्डलीय जनता दर्शन में मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का समयान्तर्गत गुणवत्तापरक निस्तारण कराए। मंडलायुक्त ने कुछ मामले को अधिकारियों को सौंपते हुए उन्हें फील्ड में जाकर तुरंत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व के मामले में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर मुआयना करने के उपरांत मामले का निस्तारण करें। मुआयना करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। मंडलायुक्त ने निर्देश दिये कि समस्याओं के निस्तारण में अगर किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। जनता दर्शन में मंडलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय में समय से जनता की समस्याएं सुनें। यदि अधिकारी अपने कार्यालय में जनता की समस्याओं का निस्तारण लगातार करते रहेंगे तो तहसील दिवस के अवसर पर लोगों की कम समस्याएं आएंगी। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 पूजा मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को हुई सजा

जन एक्सप्रेस। अमेठी

महिला सम्बन्धी अपराधो में अपराधियों के विरुद्ध न्यायालय में चल रहे अभियोगों में मानीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी कर पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को न्यायालय द्वारा मंगलवार को सजा सुनाई गई।न्यायालय एएसजे-12 सुलतानपुर में मुअसं 335/2015 धारा 376 भादवि व ङ पाक्सो एक्ट के अभियुक्त विजय पाल पुत्र शिववचन पाल निवासी जरौली मजरे बडगांव थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को 10 वर्ष का कठोर कारावास और 20000/ रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड न अदा करने पर 03 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

अराजकतत्वों द्वारा नाला पाटने से सैकड़ों किसानों की धान की फसल हुई बर्बाद

जन एक्सप्रेस। अमेठी

तहसील तिलोई क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा हंसवा में कुछ सरहंग व्यक्तियों द्वारा सरकारी नाले को मिट्टी से पाटकर बंद कर दिया गया है। जिससे नाले के आसपास के सैकड़ो किसानों की धान की फसल लगभग 200 बीघा फसल जलमग्न हो गई। बताते चलें कि तहसील क्षेत्र के हसवा ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि ध्रुवराज पासी ने लगभग दर्जनों ग्रामीणों के साथ तहसील तिलोई पहुंचकर उपजिलाधिकारी तिलोई दिग्विजय सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि पड़ोसी ग्रामसभा असनी निवासी सिराज फौजी व अन्य कई लोगों द्वारा नाला को मिट्टी से पाटकर बंद कर दिया गया है। जिससे लगभग 200 बीघा धान की फसल का बड़ा नुकसान हुआ है। वही इस संबंध में उपजिलाधिकारी तिलोई दिग्विजय सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले में तत्काल प्रभाव से थानाध्यक्ष मोहनगंज व खण्ड विकास अधिकारी तिलोई को निर्देशित करते हुए लोगों द्वारा पाते गए नाले को खुदाई कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण-प्रथम/उत्तर रेलवे, लखनऊ भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई-निविदाएं दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

1.	कार्य का नाम तथा स्थान	दर्शन नगर-सोहावाल खण्ड - उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के बाराबंकी-अकबरपुर (161 किमी) दोहरीकरण के सम्बन्ध में दर्शन नगर (छोड़कर) - सोहावल (छोड़कर) के बीच आर.डी.एस.ओ. स्पेसीफिकेशन आई.आर.एस.-जी.ई.-1 (जुलाई 2016) (अपडेटेड करेक्शन स्लिप सहित) के अनुसार मशीन द्वारा तोड़ी गयी 65 मि.मि. गेज हार्ड स्टोन गिट्टी की आपूर्ति एवं चट्टा लगाना।
2	कार्य पूरा करने की अवधि	09 (नौ) माह
3	कार्य की अनुमानित लागत	रु. 1287.86 लाख
4	धरोहर राशि	रु. 7,93,900.00
5	ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख	निविदा दिनाँक 28.07.2023 से 11.08.2023 को 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। निविदा दिनाँक 11.08.2023 को 11:30 बजे खोली जायेगी।
6	विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र	विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 21.07.2023 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनाँक 28.07.2023 से 11.08.2023 तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है।

संख्या 247-टेण्डर/उप मु. अभि./नि./प्रथम/उ.रे./लखनऊ दिनाँक 18.07.2023 2216/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

बेघर तथा भूमिहीनों को आवास एवं कारोबार दिलाये जाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मंगलवार को सामाजिक संगठन विश्व दलित परिषद उ0प्र0 के अध्यक्ष राजेश कुरील एवं लोहर बढईया बिरादरी के नेता नगीना के नेतृत्व में शहर में 80 वर्षों से पीढी दर पीढी रह रहे लोहर बढईया बिरादरी के लोग रायबरेली शहर के कैनाल रोड़, शहजादे साहब कोठी, चक दौलता बाद कानपुर रोड, सिविल लाईन, रतापुर, मुंशीगंज, खसपरी, के अन्य चैराहों पर पटरी किनारे जुग्गी झोपडी बना कर लोहा पीट कर कारोबार कर अपना जीवन यापन करने वाले लगभग 50 बेघर भूमिहीनों को रहने के लिए आवास एवं कारोबार करने हेतु शहर के अन्तर्गत किसी भी सरकारी नजूल जमीन पर भूमि आवंटन कर बस्ती बसाये जाने की मांग का मांग पत्र रायबरेली बचत भवन के पास सांकेतिक धरना प्रदर्शन के माध्यम से जनपद में जनता दर्शन में जनसुनवाई करने आयी लखनऊ मण्डल की श्रीमान् मण्डलायुक्त महोदय से मिलकर ज्ञापन सौंपा।

विश्व दलित परिषद् के अध्यक्ष राजेश कुरील नें कहा कि रायबरेली शहर में देश आजाद होने के पहले से ही लोहर बढईया बिरादरी घुमंतू समुदाय के लोग लोहा पीट कर जन रोजगार करने आये शासन व जिला प्रशासन द्वारा इन लोगों का वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड बना कर यहां की नागरिता भी प्रदान किया है यह लोग वर्षों से शहर के कैनाल रोड़, शहजादे साहब कोठी, चक दौलता बाद कानपुर रोड, सिविल लाईन, रतापुर, मुंशीगंज, खसपरी, के अन्य चैराहों पर पटरी किनारे झोपडी डाल कर व तम्बू के नीचे लोहा पीटकर अपना जीवन यापन कर रहे है। भूमिहीन होने के कारण इन समुदाय के लोगों को अपना कारोबार व स्थायी निवास करने हेतु शासन व जिला प्रशासन नें अभी तक इन लोगों को नगरीय क्षेत्र के किनारे कहीं भी जमीन का आवंटन नहीं किया है और न ही इनकी बस्ती बसायी गयी है जब भी शहर में जिला प्रशासन के द्वारा अवैध कब्जेदारों को लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है तो इन भूमिहीन लोहर बढईया बिरादरी की झोपडी व तम्बू को उखाड फेंक दिया जाता है और इन्हें खुले आसमान के नीचे दुध मुहें छोटे-छोटे बच्चों के साथ सपरिवार शर्दी, गर्मी, बरसात में कई-कई दिनों तक खुले आसमान के नीचे रहना पडता है और साथ में ही लोहा पीटकर कारोबार में भी बाधा उत्पन्न होती है करोना महामारी के पहले व बाद में भी जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चला कर इन लोगों को अस्थायी तौर पर सिविल लाइन पुल के नीचे एवं कांशीराम कालोनी में बसाया था किन्तु जिला प्रशासन द्वारा इन लोगों को कोई सुरक्षा व्यवस्था व सामाजिक जीवन यापन करने हेतु रोजगार की मूल भूत व्यवस्था न दिये जाने से इन सबको बडी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। उक्त समस्याओं का निस्तारण और भूमि आवंटन कर बस्ती बसाये जाने की मांग को लेकर कई बार प्रधानमंत्री महोदय, मुख्यमंत्री महोदय, राज्यपाल महोदय, जिलाधिकारी महोदय को अपना मांग-पत्र सौंपा किन्तु शासन व जिला प्रशासन नें इन लोगों को अभी तक कोई भूमि आवंटन नहीं किया है। उक्त समस्याओं को लेकर आज दिनांक 18.07.2023 को विश्वदलित परिषद के पदाधिकारीगण और लोहर बढईया बिरादरी के लोगों नें सांकेतिक धरना प्रदर्शन के माध्यम से स्थायी भूमि आवंटन किये जाने का मांग पत्र जनता दर्शन में जनसुनवाई करने आयी लखनऊ मण्डल की मण्डलायुक्त महोदय को अपना मांग-पत्र ज्ञापन सौंपा मण्डलायुक्त महोदय नें आश्वासन दिया कि इन लोगों को जल्द से जल्द स्थायी निवास व करोबार करने हेतु भूमि आवंटन कराके शहर किनारे किसी भी आबादी की भूमि पर बस्ती बसा दी जायेगी आश्वासन से धरना समाप्त हुआ। धरने में मुख्य रूप से राम निवास गौतम, उमेश उर्फ गोलू, ज्योति उर्फ नगीना, रिंकू, गुलाब, मीना, अर्चना, रेनू देवी, पूजा, बीनू, सुरेश, सज्जन, बजरंग, क्रांति, सुनीता, जितेन्द्र, पप्पू, दीवान, पिंकी, काजल, प्रीती, कमलेश, आरती आदि दर्जनों लोहर बढईया बिरादरी के लोग शामिल हुये।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । बुधवार । 19 जुलाई 2023

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	40°C	28°C
कानपुर	39°C	27°C
देहरादून	30°C	23°C
नई दिल्ली	39°C	28°C

स्मार्ट सिटी का सपना कैसे होगा साकार, जब बदहाल सड़कों के कायाकल्प पर नहीं होगा माननीयों का ध्यान

* राजधानी के जोन आठ के इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड के पटेल नगर मोहल्ले की सड़कें पड़ी हैं बदहाल
* मोहल्ले में अधिकतर भूतपूर्व सैनिक रहते हैं नगर निगम की सुविधाओं से वंचित

जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय

लखनऊ उत्तर प्रदेश में स्मार्ट सिटी का खाका जिस प्रकार तैयार किया गया है यह सुनने में बेहद स्मार्ट तो लगता है लेकिन जनप्रतिनिधियों का अपने क्षेत्र पर ध्यान न देना और अधिकारियों की नाफरमानी के कारण ठेकेदारों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य से यह कह पाना बड़ा मुश्किल है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ भी कभी स्मार्ट सिटी बन सकती है। वर्तमान सरकार की अधूरी नीतियों के कारण अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट रही जनता को हर बार निराशा ही झेलनी पड़ रही है। जहां सरकार द्वारा सड़कों और नालियों के निर्माण पर अच्छे खासे बजट मुहैया कराए जा रहे हैं वहीं कुछ ठेकेदारों और अधिकारियों द्वारा बंदरबांट करने के कारण गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य करा कर खानापूर्ति की जा रही है। राजधानी के रिहायशी क्षेत्र जोन आठ के इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड के पटेल नगर मोहल्ले की सड़कों व नालियों की बदहाली जन प्रतिनिधियों की उदासीनता को साफ तौर पर बयान करती देखी जा सकती है।



सड़कों के खस्ता हाल, नहीं पहुंच पाती थी एंबुलेंस सार्वजनिक चंदे से स्थानीय लोगों ने भरवाए गड्ढे

स्थानीय लोगों ने बातचीत में बताया कि मोहल्ले की सड़कों की हालत कुछ ऐसी थी कि यदि क्षेत्र में कोई व्यक्ति बीमार हो या अकस्मात कोई घटना घट जाए तो टूटी हुई सड़कों पर जरूरत के वक्त बीमार व्यक्ति के घर तक एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाती थी। प्रसूता महिलाओं को अपने निजी वाहन से भी जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, जिसका कारण क्षेत्र की बदहाल सड़क रही हैं। पटेल नगर विकास समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बिष्ट ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले ज्यादातर लोग भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। इनके बारे में सरकार का ध्यान न देना अत्यंत दुखद है। उन्होंने आगे कहा कि बरसात के समय पानी भर जाने से इन मार्गों पर पैदल चल पाना भी मुश्किल हो जाता था, जिसके कारण स्थानीय लोगों द्वारा चंदा जुटाकर रास्तों पर मिट्टी व मलवा गिरवाया गया।

जन प्रतिनिधियों से आग्रह के बाद भी नहीं बन पाईं सड़कें-नालियां

स्थानीय निवासी व पटेल नगर विकास समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बिष्ट (भूतपूर्व सैनिक)ने जानकारी देते हुए कहा कि सालों पहले तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक व राज्यमंत्री स्वाती सिंह की संस्तुति से मंडी परिषद द्वारा सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था, लेकिन तत्कालीन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच हुई बंदरबांट के कारण ठेकेदारों द्वारा ऐसा निर्माण कराया गया कि मोहल्ले की सड़कें 2 साल भी नहीं टिक पाई। जिसके कारण बदहाली का सामना कर रहे स्थानीय निवासी जनप्रतिनिधियों के चक्कर काटते रह गए।

क्षेत्रीय विधायक को समस्या से अवगत कराने के बाद भी नहीं मिला संतोषजनक परिणाम

पटेल नगर में निवास कर रहे लोगों का कहना है कि बरसात के समय मोहल्ले में आने के बाद यह सोचना बेकार ही होगा कि लखनऊ शहर स्मार्ट सिटी की श्रेणी में आ सकता है। सड़कों की बदहाली और नालियों की दुर्दशा देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि इब्राहिम प्रथम वार्ड के पटेल नगर की दुर्दशा दशकों पूर्व में रही ग्रामीण क्षेत्रों से भी बदतर हो चुकी है। स्थानीय निवासियों द्वारा कई बार क्षेत्रीय विधायक डा0 राजेश्वर सिंह को ज्ञापन देने के बाद विधायक ने नगर आयुक्त को संबंधित समस्या के बारे में पत्र भी लिखा लेकिन जिसका कोई भी माकूल जवाब सामने नहीं आया। जन प्रतिनिधियों की उदासीनता का दंश झेल रहा इब्राहिम प्रथम वार्ड शहर के स्मार्ट सिटी होने के नाम पर एक धब्बा सा बना हुआ है। वैसे तो विधायक जी हर दिन क्षेत्र को एक नई सौगात देते रहे हैं लेकिन नहीं सुधर पा रहे लेकिन अबतक पटेल नगर की सड़कों व नालियों की दुर्दशा की तरफ उनका ध्यान नहीं आकृष्ट हो पाया।

> सड़क और नाली की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए,ताकि आम जन जीवन की मूल समस्याओं का निवारण किया जा सके।
>
> - रोहित पाठक, स्थानीय निवासी

> नगर निगम के कर्मचारियों की उदासीनता पर उच्च अधिकारियों द्वारा ध्यान न दिया जाना प्रशासन की बड़ी गलती है, इसको सुधारना चाहिए और लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करनी चाहिए।
>
> -कुंवर अमित सिंह, भूतपूर्व सैनिक स्थानीय निवासी

> नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा वार्ड की जनता भुगत रही है। जिसपर शासन का ध्यान जाना आवश्यक है। यहां 90त्न सेवा निवृत्त सैनिक निवास कर रहे हैं, जिनकी ओर जिम्मेदारों का ध्यानाकर्षण आवश्यक है।
>
> - प्रकाश सिंह बिष्ट, भूतपूर्व सैनिक स्थानीय निवासी अध्यक्ष पटेल नगर विकास समिति

2018 में पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने किया था लोकार्पण।

अगले हफ्ते होगा योगी मंत्रिमंडल का विस्तार

दिल्ली में जुटे दिग्गज, दारा सिंह चौहान और ओपी राजभर बनेंगे मंत्री

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अगले हफ्ते योगी मंत्रिमंडल का विस्तार होने वाला है। इसमें दारा सिंह चौहान और ओम प्रकाश राजभर को मंत्री पद दिया जाएगा। राजभर को पंचायती राज का मंत्री बनाया जाएगा। वहीं, दारा सिंह के विधायकी से इस्तीफा देने से घोसी विधानसभा सीट खाली हो चुकी है। इस सीट से दारा सिंह एक बार फिर भाजपा के सिंबल पर उपचुनाव लड़ेंगे।

2024 का लोकसभा चुनाव जीतने की कोशिश में जुटी भाजपा अपनी ताकत को बढ़ाने में जुटी है। राजभर और दारा सिंह को अपने पाले में करना भाजपा की इसी रणनीति का हिस्सा है। भाजपा अब ऐसे ही और दलों को भी साथ लाने और उनके जरिए विपक्ष को संदेश देने की तैयारी कर रही है। इसीलिए मंगलवार को दिल्ली के अशोका होटल में एनडीए के सभी सहयोगी दलों की बैठक हो रही है। इसमें खुद पीएम मोदी भी मौजूद रहने वाले हैं। इस बैठक में भाग लेने के लिए यूपी में बीजेपी के सहयोगी दलों के अध्यक्ष भी दिल्ली पहुंच गए हैं। ओम प्रकाश राजभर मंगलवार सुबह लखनऊ से हवाई जहाज पकड़कर दिल्ली पहुंचे। जबकि निषाद पार्टी के अध्यक्ष और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद बीते तीन दिन से ही दिल्ली में ही हैं। वह अपने बीमार सांसद बेटे प्रवीण निषाद के इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस से ही दिल्ली आ गए थे।

भाजपा के लिए यूपी साल 2014 से ही काफी खास रहा

उत्तर प्रदेश साल 2014 से ही भाजपा के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा है। 2014 और 2019 में दिल्ली की सत्ता तक पहुंचने में यूपी ने बीजेपी की काफी मदद की। इसी बात की दरकार भाजपा को तीसरी बार भी है। इसलिए बैठक से ठीक पहले सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को गठबंधन में जोड़ा गया है।

अब सार्थक बातों पर होगी चर्चा: राजभर

राजभर बोले- हमारी निगेटिविटी खत्म, अब सार्थक बातों पर चर्चा होगी

दिल्ली पहुंचे सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा, एनडीए के घटक दलों की बैठक 2024 में केंद्र में सरकार बनाने के लिए हो रही है। जबकि विपक्ष की जो बैठक बेंगलुरु में हो रही है, वह दरअसल उनकी विपक्ष में बैठने की तैयारी है। 'अब कोई नकारात्मकता नहीं है, बल्कि सार्थक बातों पर आगे बढ़ना है।' राजभर ने साफ तौर पर कहा कि सीटों को लेकर कोई विवाद नहीं है। एनडीए के सहयोगी दल एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इस बैठक में ओम प्रकाश राजभर के साथ शामिल होने के लिए उनके बेटे और पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर भी दिल्ली पहुंचे हैं।

जो पार्टी तय करेगी, उसी पर लड़ा जाएगा चुनाव: अनुप्रिया पटेल

बैठक में भाजपा की यूपी में सबसे पुरानी सहयोगी अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल भी शामिल हुईं। उनकी पार्टी के एमएलसी और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि इस बार यूपी में एनडीए 80 में से 80 सीटें जीतेगा। उन्होंने विपक्ष की बैठक पर निशाना साधते हुए कहा कि जब आप जनता का भरोसा खो चुके होते हैं, तो मजबूरी में इस तरह का अलायंस करना पड़ता है। ओम प्रकाश राजभर के साथ आने पर उनका कहना है कि उनका एक बार फिर से स्वागत है। वहीं सीटों के बंटवारे पर आशीष पटेल का कहना है कि अपना दल (एस) कभी भी सीटों की लड़ाई नहीं लड़ता। जो सब मिलकर तय करेंगे, उसी पर लड़ा जाएगा। इस बैठक में अपना दल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल भी हिस्सा ले रहे हैं।

निषाद जिस नाव पर बैठता है, उसे पार लगाता है : संजय निषाद

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद का कहना है कि जनता के हितों की रक्षा और न्याय के लिए ये बैठक हो रही है। यहां ड्राइवर मोदी हैं, जिनके नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। जबकि वहां दूल्हे का ही पता नहीं है कि कौन होगा। संजय निषाद ने कहा कि निषाद जिस नाव पर बैठता है, उस नाव को पार कराता है, जैसे राम की नौका पार कराई थी। उन्होंने ये भी कहा कि यहां सीट पर नहीं, बल्कि जीत पर बात होती है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले उनके समाज के कुछ मुद्दे हैं, जिन पर आज बात होगी। सीटों को लेकर संजय निषाद ने कहा कि बीजेपी बड़ा भाई है, वो बुलाकर सीट देते हैं। ओम प्रकाश राजभर के साथ आने पर उन्होंने कहा कि अब दो-दो बड़े भाई हैं।

संघ के वरिष्ठ प्रचारक वीरेश्वर द्विवेदी के प्रति प्रकट किया आदर भाव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और अटल जी के सहयोगी वीरेश्वर द्विवेदी के प्रचारक जीवन के 52 वर्ष पूरे होने पर, परिवारजनों और शुभचिंतक ने उनके प्रति आदर भाव प्रकट किया। जियामऊ स्थित उनके निवास स्थान पर आयोजित 'सेवा-समर्पण' कार्यक्रम में वीरेश्वर जी के सामाजिक जीवन के साथियों ने विभिन्न संस्मरण साझा करते हुए उनके अतुलनीय योगदान को अनुसरणीय बताया। इस मौके पर आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक जागेश्वर अवस्थी, भारतीय जनता पार्टी के अवध क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी, पूर्व अपर महाधिवक्ता ज्योति सिक्का, विधानसभा के विशेष सचिव ब्रज भूषण दुबे, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के पूर्व चेयरमेन धनंजय गुप्त, प्रोफेसर देव दत्त शर्मा,प्रभु नारायण श्रीवास्तव, रंजन पांडे, राजकरण सिंह, पंकज अवस्थी, प्रदीप पाण्डेय, नवीन अवस्थी, अंतिमा अवस्थी, प्रशांत त्रिवेदी और शरद जगदीश मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सीएनजी टैंकर की चपेट में आने से आशा बहू का पैर फ्रैक्चर

लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा इलाज

जन एक्सप्रेस। इटौंजा, लखनऊ

इटौंजा थाना क्षेत्र के महोना की तरफ से आ रहे सीएनजी टैंकर की चपेट में आ जाने से एक महिला का पैर पूरी तरह से फैक्चर हो गया तथा पैर की उंगलियां कट गई एवं हड्डी फैक्चर हो गई। बता दें कि इटौंजा थाने के सामने महोना की तरफ से आ रहे सीएनजी टैंकर इटौंजा थाने के पास टैंकर का पहिया महिला के पैर पर चढ़ गया जिससे कि महिला का पैर की हड्डी फैक्चर हो गई और उंगलियां कटकर रोड पर गिर गई। वहीं मौके पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने सीएनजी टैंकर को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा करा दिया तथा घायल महिला उमा सिंह निवासी ग्राम अटेसुवा को लखनऊ ट्रामा सेंटर इलाज के लिए रेफर कर दिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में कठोर कार्यवाही की जायेगी।

डीसीएम व मोटरसाइकिल की भिड़ंत में युवक की मौत

इटौंजा, लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र के महिंगवा चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत कुर्सी इटौंजा सम्पर्क मार्ग पर रमपुरवा मोड़ के पास कुर्सी की तरफ जा रही आम से लदी डीसीएम में सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार जा घुसे। बता दें कि जिसमे मोटरसाइकिल सवार मिथलेश (25वर्ष) कि मौके पर ही मौत हो गई। वही घटना की सूचना पर स्थानीय चौकी प्रभारी महिगवां शिव सिंह ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की तथा घायलों को अस्पताल भिजवाया जहां एक युवक की मौत हो गई।

कांग्रेस नेता व उसकी पत्नी सहित पांच पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

कांग्रेस नेता अब्दुल मारूफ खान ने चौक में सब्जी मंडी के पास किराये की दुकान को शत्रु संपत्ति का हिस्सा बताकर उस पर कब्जा कर लिया। इसके जाली दस्तावेज बनाकर अपना बताया। मामले में कोर्ट के आदेश पर कांग्रेस नेता, उसकी पत्नी समेत पांच लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

चौक थाने में पुरानी सब्जी मंडी निवासी मो. गुलफाम सिराज ने एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें बताया कि उन्होंने छह हजार वर्ग फीट जमीन खरीदी थी। इसमें मंसूरनगर निवासी मारूफ खान ने एक दुकान किराये पर ले रखी थी। इस पर कब्जा करने के लिए अफसरों से इसे शत्रु संपत्ति का हिस्सा बताकर झूठी शिकायत कर दी। यह शिकायत गलत पाई गई। गुलफाम का आरोप है कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसने दुकान का अपनी पत्नी फौजिया के नाम विक्रयपत्र बना दिया था। इसमें मारूफ, फौजिया के अलावा अबू मो. अदनान, खालिद उमर, मंजर शाहीन खान व अन्य के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराया है।

इटौंजा में बिना नंबर प्लेट वाले ओवरलोड ऑटो का हुआ चालान

पीटीओ परिवहन ने तीन ऑटो का किया चालान

जन एक्सप्रेस। इटौंजा, लखनऊ

इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत परिवहन विभाग पीटीओ की टीम ने तीन ऑटो का चालान कर दिया बता दें कि ओवरलोड व बिना नंबर प्लेट पर परिवहन विभाग ने की कार्यवाहीं की है। पीटीओ परिवहन विभाग एम के भारद्वाज ने टीम के साथ इटौंजा क्षेत्र में तीन ऑटो का चालान कर दिया। निर्मल जयसवाल महोना आपने तीन पहिया ऑटो से मानपुर मंडी से ओवरलोड सब्जी लादकर महोना जा रहे थे इटौंजा तिकुनिया के पास पकड़कर चालान कर दिया तथा ऑटो पर नहीं थी नंबर प्लेट ऑटो के अंदर व ऑटो की छत पर सब्जियों की बोरी लदी थी मोहम्मद शमी बाराबंकी से मरीज लेकर सीएनजी ऑटो से इटौजा आये थे गाड़ी नंबर यूपी 41 बीटी 5335 का चालान किया। वहीं बैटरी रिक्शा बिना नंबर प्लेट के मिलने पर चालान कर दिया।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

राजभर के बाद अब दारा सिंह, पूर्वांचल में सभी समीकरणों को साध रही है भाजपा

उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी से त्यागपत्र देने वाले दारा सिंह चौहान भी अब भाजपा में लौट आये हैं। घोसी (मऊ) विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक रहे दारा सिंह चौहान के बारे में माना जा रहा है कि उन्हें लोकसभा चुनाव में भाजपा का उम्मीदवार बनाया जा सकता है। दारा सिंह चौहान ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में वन मंत्री से इस्तीफा देकर सपा की सदस्यता ग्रहण की थी और मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट से वह सपा के टिकट पर निर्वाचित हुए थे।

पूर्वांचल में लोकसभा की 28 सीटों पर अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए भाजपा लगातार प्रयास कर रही है। भाजपा की कोशिश है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने सहयोगियों की मदद से पूर्वांचल की हर सीट पर कमल खिला दिया जाये। इसके लिए पूर्वांचल को विकास की तमाम सौगातें देने के अलावा इस क्षेत्र को माफिया से मुक्त करा कर जनता को बड़ी राहत प्रदान की गयी है। लेकिन भाजपा जानती है कि इतने भर से काम नहीं चलने वाला इसीलिए जातिगत और राजनीतिक समीकरणों को साधने का काम भी तेजी से चल रहा है। इसके अलावा, रूठों को मनाने, छोड़ कर चले गये नेताओं/दलों को वापस लाने और असंतुष्टों को संतुष्ट करने की प्रक्रिया भी साथ-साथ चल रही है। देखा जाये तो भाजपा के दो बड़े चेहरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूर्वांचल से ही जनप्रतिनिधि हैं। प्रधानमंत्री वाराणसी के सांसद हैं तो मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर शहर के विधायक हैं। योगी जितना गोरखपुर जाते हैं लगभग उतना ही वाराणसी भी जाते हैं और अभी हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने भी एक दिन में ही वाराणसी और गोरखपुर का दौरा कर उत्तर प्रदेश को करोड़ों की सौगात भी दी थी। भाजपा में केंद्रीय स्तर पर नरेंद्र मोदी के उभार के बाद पूर्वांचल हालांकि भाजपा का गढ़ बन चुका है लेकिन इसके बावजूद भाजपा अति-आत्मविश्वास में नहीं रहना चाहती। भाजपा जानती है कि तीसरी बार भी दिल्ली की सत्ता का रास्ता यूपी से ही होकर जायेगा इसलिए क्षेत्रवार इस प्रदेश के लिए अलग-अलग रणनीति पर काम किया जा रहा है। पूर्वांचल की बात करें तो पिछले लोकसभा चुनावों में भाजपा का इस क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन रहा था लेकिन पार्टी आजमगढ़ और गाजीपुर जैसी दो महत्वपूर्ण सीटों पर चुनाव नहीं जीत पाई थी। हालांकि बाद में उपचुनाव में आजमगढ़ सीट भाजपा के पास आ गयी थी। इसके अलावा 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को पूर्वांचल में आजमगढ़ और गाजीपुर जिलों में ही सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा था इसलिए पार्टी का पूरा प्रयास है कि पूर्वांचल में सारी कमियों को समय रहते दुरुस्त कर लिया जाये। इसके लिए ओम प्रकाश राजभर को वापस एनडीए में लाया गया। फिर दारा सिंह चौहान की भाजपा में एंट्री कराई गयी। पूर्वांचल में प्रभाव रखने वाले अपना दल (सोनेलाल पटेल) और निषाद राज पार्टी के साथ भाजपा का गठबंधन पहले से ही है। पूर्वांचल में राजभर समाज की अच्छी खासी आबादी है और इसमें ओम प्रकाश राजभर की अच्छी पकड़ है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के समय जब हमने इस क्षेत्र का दौरा किया था तब पाया था कि राजभर मतदाताओं का झुकाव किसी पार्टी की ओर नहीं बल्कि इस बात की ओर था कि ओम प्रकाश राजभर किसको वोट देने के लिए कहते हैं। लगभग ऐसा ही रुतबा निषाद राज पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद का उनके सजातीय लोगों के बीच देखने को मिला था। ओम प्रकाश राजभर ने लोकसभा चुनाव 2019 से ऐन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ मोर्चा खोलकर भाजपा गठबंधन से नाता तोड़ा था और 2022 का विधानसभा चुनाव उन्होंने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर लड़ा था लेकिन चुनाव परिणाम के बाद से ही वह अखिलेश यादव पर हमलावर हो गये थे और तभी से यह संकेत दे रहे थे कि उनके लिए सभी विकल्प खुले हैं। राजभर की पार्टी ने पिछले साल जुलाई में राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी गठबंधन के प्रत्याशी यशवंत सिन्हा के बजाय राजग की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन किया। अब एक साल बाद, सुभासपा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा बन चुकी है।

एक्सप्रेस आलेख

कई मामलों में साइबर ठगों द्वारा लूटी गई राशि की वसूली सम्भव हो जाती है। जैसे पटना के एक व्यक्ति को साइबर ठगों ने एक पोस्ट लाइक करने के नाम पर ठग लिया था। उस व्यक्ति को साइबर ठगों ने झांसा दिया कि पोस्ट लाइक करने पर कुछ राशि का भुगतान किया जाएगा और कुछ राशि का भुगतान किया भी, इस प्रकार साइबर ठगों ने उस व्यक्ति के बैंक खाते का पता कर लिया कि उसमें कितनी राशि जमा है और साइबर ठगी करते हुए उन्होंने 9.63 लाख रुपए से अधिक की राशि उस व्यक्ति के बैंक खाते से निकाल ली। पुलिस ने हेल्पलाइन क्रमांक 1930 पर जानकारी प्राप्त होते ही साइबर ठगों के खातों पर रोक लगाने में सफलता अर्जित कर ली।

प्रह्लाद सबनानी

केंद्र सरकार ने साइबर ठगी की जानकारी साझा करने के उद्देश्य से एक अलग पोर्टल भी बनाया है। इस पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। साइबर ठगी से जुड़े अधिकतर मामलों में सूचना प्रौद्योगिकी कानून 2000 के अंतर्गत कार्यवाही की जाती है। इस कानून के अनुसार, साइबर ठग द्वारा की गई ठगी की श्रेणी तय की जाती है।

ऑनलाइन दुनिया में तेजी से बढ़ रहे हैं साइबर ठगी के मामले, बचने के लिए करने होंगे ठोस उपाय

आज दुनिया के अनेक देशों में आर्थिक व्यवहार ऑनलाइन किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन एवं लेपटॉप पर इंटरनेट के माध्यम से प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में इस तरह के आर्थिक व्यवहार किए जा रहे हैं। कई बार सामान्यजन इन व्यवहारों को करते समय सावधानी नहीं रख पाते हैं एवं साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। अर्थात, उनके जमा खातों से भारी भरकम राशि साइबर ठगों द्वारा निकाल ली जाती है। हालांकि इंटरनेट के माध्यम से देश विदेश के नागरिक एक दूसरे से सफलतापूर्वक बहुत आसानी से जुड़ पाते हैं परंतु जरा-सी असावधानी बहुत भारी नुक्सान का कारण भी बन जाती है। साइबर ठग इसी असावधानी का फायदा उठाकर आम नागरिकों को नुक्सान पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। साइबर ठगी में कुछ असामाजिक तत्व आम नागरिकों के मोबाइल फोन एवं इंटरनेट पर कुछ विशेष प्रकार के सॉफ्टवेयर का उपयोग कर आम नागरिकों के मोबाइल फोन एवं लेपटॉप से व्यक्ति विशेष के समस्त प्रकार के निजी डाटा, बैंक सम्बंधी जानकारी, आदि को चुरा लेते हैं और इस जानकारी का उपयोग कर साइबर ठगी को पूर्ण करते हैं। साइबर ठगी इतनी सफाई से की जाती है कि कुछ लोगों को तो पता ही नहीं चलता कि उनके साथ साइबर ठगी हो चुकी है। यह सब साइबर ठगी के प्रति जागरूक न होने के चलता ही सम्भव हो पाता है। साइबर ठगी का शिकार अक्सर महिलाएं होती पाई जाती हैं। भारत की लगभग एक तिहाई महिलाएं किसी न किसी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हो चुकी हैं एवं इनमें से केवल 35 प्रतिशत महिलाओं ने ही इस सम्बंध में शिकायत दर्ज कराई है, जबकि लगभग 47 प्रतिशत महिलाओं ने इस सम्बंध में कोई शिकायत दर्ज ही नहीं कराई है। साथ ही, लगभग 18 प्रतिशत महिलाएं ऐसी भी हैं जिन्हें पता ही नहीं चला है कि उनके साथ साइबर ठगी हो चुकी है। यहां भी जानकारी का अभाव अधिक नजर आता है, क्योंकि आम नागरिकों को पता ही नहीं है कि उनके साथ साइबर ठगी होने के बाद उन्हें कहां एवं किस प्रकार शिकायत दर्ज कराना है। आम नागरिकों के जागरूक नहीं रहने के चलते भारत में साइबर ठगी अपने चरम पर पहुंच चुकी है। वैश्विक स्तर पर जारी की गई एक जानकारी के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2022 में साइबर ठगी के कुल 800,944 मामले दर्ज किए गए थे, इसमें लगभग 42.2 करोड़ नागरिक प्रभावित हुए थे तथा इन मामलों में 6 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि शामिल थी। ऐसा माना जाता है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिदिन लगभग 2,328 साइबर ठगी के मामले घटित होते हैं। वर्ष 2001 से वर्ष 2021 तक पिछले 21 वर्षों के दौरान, साइबर ठगी के मामलों में कुल 2,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। एक अन्य अनुमान के अनुसार, साइबर ठगी से साइबर ठगों को प्रति वर्ष 1.50 लाख करोड़ रुपए की कमाई होती है और प्रतिवर्ष लगभग 43 प्रतिशत साइबर ठगी के हमले छोटे व्यवसाईयों पर होते हैं। यह सही है कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में, विशेष रूप से महानगरों में, आम नागरिकों का इंटरनेट के बगैर गुजारा करना बहुत मुश्किल है। परंतु यदि इंटरनेट का उपयोग सावधानी पूर्वक किया जाये तो साइबर ठगी से बहुत बड़ी हद्द तक बचा जा सकता है। इस संबंध में कुछ विशेष सावधानियों पर ध्यान देना आवश्यक होगा। जैसे मुफ्त में प्राप्त हो रही इंटरनेट (वाई फाई) की सेवा के उपयोग से बचा जाना चाहिए, क्योंकि कुछ ऐसे वाईफाई भी होते हैं जिनके माध्यम से मोबाइल फोन एवं लेपटॉप से डाटा को चुरा लिया जाता है, अतः केवल सुरक्षित इंटरनेट की सेवा का ही उपयोग किया जाना चाहिए। आम नागरिकों को चाहिए कि वे इंटरनेट का उपयोग करने के पूर्व अपनी समस्त एप्लिकेशन पर मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें एवं मोबाइल फोन तथा लेपटॉप पर उपयोग किए जाने वाले ऑपरेटिंग सिस्टम एवं इंटरनेट के सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से समय समय पर अपडेट करते रहें, ताकि कोई भी हैकर सॉफ्टवेयर से निजी डाटा नहीं चुरा पाए। सोशल मीडिया खातों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में भी सावधानी बरतनी चाहिए। विशेष रूप से व्यापारी वर्ग को तो अपनी वेबसाइट को बहुत ही सुरक्षित तरीके से चलाना चाहिए एवं समय समय पर पासवर्ड को भी बदलते रहना चाहिए। किसी भी अनजान व्यक्ति से प्राप्त लिंक को क्लिक नहीं करना चाहिए, क्योंकि कई बार साइबर ठग इस प्रकार की लिंक भेजते हैं एवं इस लिंक को क्लिक कर खोलने से वे संबंधित मोबाइल एवं लैपटॉप की सारी जानकारी हैक कर लेते हैं और साइबर ठगी करने में सफल हो जाते हैं। इस पद्धति से की गई साइबर ठगी को फिशिंग कहा जाता है और आजकल अधिकतर इस प्रकार की कार्य प्रणाली से ही साइबर ठगी की जा रही है। पूर्ण सावधानी रखने के बाद भी यदि साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी जानी चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा विशेष रूप से साइबर ठगी के मामलों के लिए अलग से साइबर सेल एवं पुलिस थाने बनाए गए हैं, जहां केवल साइबर ठगी के मामलों के सम्बंध में ही शिकायतें दर्ज की जाती हैं। साइबर ठगी से जुड़े मामलों की शिकायत के लिए विशेष हेल्पलाइन फोन क्रमांक भी जारी किया गया है। यदि साइबर ठगी आपके क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड के माध्यम से की जा रही है तो इस सम्बंध में अपने बैंक से भी तुरंत सम्पर्क करना चाहिए तथा अपना क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड ब्लाक करवाने की कार्यवाही करनी चाहिए ताकि क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड के माध्यम से की जा रही साइबर ठगी को रोका जा सके।

केवल आवश्यकता है कि साइबर ठगी के बारे में पता चलते ही तुरंत साइबर पुलिस में अपनी शिकायत दर्ज कराने की ताकि साइबर ठगों के विरुद्ध पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही की जा सके। तुरंत कार्यवाही से साइबर ठगों से राशि की जब्ती सम्भव हो जाती है।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	द्वितिया 28:30 तक
नक्षत्रः	पुष्य 07:54 तक
पक्षः	शुक्ल
वारः	बुधवार
योगः	वज्र, 10:19
सूर्योदयः	05:39
सूर्यास्तः	19:15
चंद्रमाः	कर्क राशि में
राहुकालः	12:27-14:09
विक्रमी संवत्:	2080
शक सम्वतः	1944
मासः	सावन
शुभ मुहूर्तः	कोई नहीं

जन एक्सप्रेस

कुनबा लगे बढ़ाने !

शुरू हुई तैयारी ।
कुनबा लगे बढ़ाने ।।
साथियों को साधना ।
निकले आजमाने ।।
प्रतिक्रिया तो आनी थी ।
है हुई बौछार ।।
करके ऐसा उनको ।
हर्ष है अपार ।।
रूठे को मनाना है ।
कोशिश लगातार ।।
तय हुआ है अंदर ।
बदलो पर व्यवहार ।।
है शुरूआती दौर ।
आ रहा आनंद ।।
है छुपा कुछ सार ?।
मुस्कान दिखी जो मंद ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

हर भाषा में हैं गूंजते प्रेम के गीत अनूठे, रचयिता भी इस तन का वही हुआ उसके मन का, किसे ना भाती अपनी छांव चली गंगा में जब मन की नाव। किसे ना भाती अपनी छवि, अपनी रचना अपनी कृति यही है जग की पुरातन रीति, भाती सबको जग की प्रीति। चमकते तारे गगन में चमकते तारे गगन के

धरा के मुस्काते सुमन से, जल में तैरती मछली हवा में उड़ते पंछी। कलियों से खिली डाल के भर देते अपार खुशियां मन में। लगता है कहीं छिपे छू रहे तुम मुझे। पुलकित मन प्राणों में फैल जाती प्यासी बांहे। पा लेने को अंक में तुम्हें, शशि सा प्रीत के अंधकार में।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

सबसे बड़ी त्रासदी बुरे व्यक्तियों का अत्याचार और दमन नहीं, बल्कि इस पर अच्छे लोगो का मौन रहना है।

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

मानसून में खाएं रागी के आटे से बनी रोटी, सेहत को मिलेंगे कई फायदे

रागी का आटा सेहत के लिए बेहद लाभकारी होता है। रागी के आटे में वे सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए जरूरी होते हैं। रागी के आटे में प्रोटीन, कैल्शियम, फाइबर, कार्ब्स और विटामिन्स अधिक मात्रा में होते हैं। इसलिए आपको स्वस्थ रहने के लिए अपनी डाइट में रागी के आटे को जरूर शामिल करना चाहिए। वैसे तो रागी के आटे का सेवन किसी भी मौसम में किया जा सकता है। मानसून में रागी के आटे का सेवन करना अधिक फायदेमंद होता है।

वजन घटाने में मददगार: मानसून में फास्ट फूड और जंक फूड खाकर अक्सर वजन बढ़ जाता है। ऐसे में आप रागी के आटे से बनी रोटी का सेवन कर सकते हैं। रागी के आटे में फाइबर अधिक होता है, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। फाइबर लेने से ओवरइटिंग से बचा जा सकता है। इससे आपको ज्यादा भूख नहीं लगती है और वजन कंट्रोल में रह सकता है। इसलिए अगर आप चाहें तो वजन को कंट्रोल में रखने के लिए अपनी डाइट में रागी के आटे से बनी रोटी खा सकते हैं।

हड्डियां मजबूत बनती हैं: मानसून में ज्यादातर लोगों को हड्डियों और जोड़ों में दर्द की समस्या रहती है। ऐसे में रागी के आटे से बनी रोटी का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है। रागी के आटे में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। अगर आप मानसून में रोजाना रागी के आटे से बनी रोटी खाएंगे, तो इससे हड्डियों से जुड़ी समस्याएं दूर हो सकती हैं। रागी का आटा हड्डियों को मजबूत बनाता है।

एनर्जी बढ़ाए: अगर आप रोज सुबह रागी के आटे से बनी रोटी खाएंगे, तो पूरे दिनभर ऊर्जावान बने रह सकते हैं। रागी के आटे से बनी रोटियां खाने से आप चुस्त और फुर्तीले रहेंगे। साथ ही, आप पूरे दिनभर थकावट और कमजोरी का भी अनुभव नहीं करते हैं। मानसून में पूरे दिन एर्जेटिक रहने के लिए रागी के आटे की रोटियां खाना फायदेमंद होता है।

पाचन तंत्र को मजबूत बनाए

मानसून में पाचन तंत्र गड़बड़ा जाता है। ऐसे में पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए आप रागी के आटे से बनी रोटियों को सेवन कर सकते हैं। रागी के आटे में फाइबर होता है, जो पाचन को दुरुस्त रखता है। अगर आप मानसून में नियमित रूप से रागी के आटे से बनी रोटी का सेवन करेंगे, तो इससे पाचन से जुड़ी समस्याएं भी दूर हो सकती हैं।

डायबिटीज कंट्रोल करें

रागी का आटा डायबिटीज रोगियों के लिए भी बेहद लाभकारी होता है। अगर बाहर का खाना खाने की वजह से आपका शुगर लेवल बढ़ गया है, तो आप रागी के आटे से बनी रोटी खा सकते हैं। रागी का आटा इंसुलिन के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। इस आटे की रोटी खाने से ब्लड शुगर को भी कम करने में मदद मिलती है।

एक्सप्रेस विशेष

भारतीय वेद और विश्व शांति की प्रार्थना

हृदयनारायण दीक्षित

अग्नि से प्रार्थना है कि, हमारे मन संकल्प एक ध्येय हों। मन समान हों। सभा और समितियां भी समान हों। सब लोग साथ साथ चलें। साथ साथ प्रेमपूर्ण वार्ता करें। सबके चित्त एक समान हों। सबका समान मन चित्त समान हो। हम लोकमंगल के लिए काम करें।

भारत अव्याख्येय है। राष्ट्र रूप में भारत की व्याख्या कठिन है। यह सामान्य राष्ट्र राज्य नहीं है। भूमि का साधारण खण्ड नहीं है। सामान्य इतिहास या भूगोल नहीं है। इस धरती के लोग सदियों से व्यक्तिगत हित की तुलना में विश्व लोकमंगल की आराधना में संलग्न रहे हैं। भारत की अनुभूति संसार में अद्वितीय है। यह एक प्रेमपूर्ण गीत है। हम सब के अंतस का छंदस है भारत। भारत और भारतीय संस्कृति विश्व के विद्वानों के लिए शोध का विषय रहे हैं। ऋग्वेद में एक सुंदर मंत्र में भारत बोध की झांकी है, हे सोम देव जहां सदा नीरा नदियां बहती हैं। प्रचुर अन्न होता है। कृषि धन धान्य देती है। जहां मुद, मोद, प्रमोद विस्तृत हैं। हम उसी भूखंड में आनंदित रहना चाहते हैं। संविधान की उद्देशिका हम भारत के लोग वाक्य से प्रारम्भ होती है। उद्देशिका के 4 शब्द महत्वपूर्ण है। हम भारत के लोगों की राष्ट्रीय संरचना का आधार जाति, पंथ, मत, मजहब नहीं है। ऐसा होता तो संविधान निर्माता उद्देशिका में दर्ज करते कि, हम भारत के अगड़े, पिछड़े जाति और पंथ से जुड़े लोग संविधान बनाते हैं। वैदिक काल की सबसे छोटी, सुसंगठित और प्रीतिपूर्ण इकाई परिवार है। गण कई परिवारों से मिलकर बने समूह हैं। गण महत्वपूर्ण है। सभी गणों में परस्पर सम्बंध थे। राष्ट्रगान में जन के साथ गण हैं। गण नाम के इस छोटे से समूह नेता गणपति कहा जाता था। जैसे गण का नेता गणपति होता था वैसे ही गण का आराध्य देवता गणेश। गणेश गण और ईश से मिलकर बना शब्द है। बृहस्पति के लिए ऋग्वेद में स्तुति है - गणानां त्वा गणपतिं-आप विद्वान हैं। गणपति हैं। गण परस्पर प्रीति और प्यार में साधनारत एक सामूहिक इकाई थी। वैदिक इतिहास में अनेक गण हैं। देवताओं के समूह भी गण हैं। जैसे मरुदगण, रूद्रगण आदि। सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से गण टूट कर जन नाम की बड़ी इकाई में बदल गए। तब अनेक जन थे। लेकिन पांच जनों की चर्चा ज्यादा है। ये पंचजन अनु, द्रुह्यु , यदु, तुर्वश और पुरु थे। सरस्वती वैदिक काल की प्रसिद्ध नदी हैं। उनसे स्तुति है कि आप पांच जनों को समृद्धि देती हैं। जन गण से बड़े जनसमूह थे। इनका उल्लेख वैदिक साहित्य में विद्यमान है। भारतीय संस्कृति उदात्त और विश्ववरेण्य है। इस संस्कृति के प्रति दुनिया के तमाम देशों का आदर भाव रहा है और आज भी है। वैदिक ऋषियों का संकल्प ध्यान देने योग्य है। कहते हैं, कृण्वंतों विश्वं आर्यं - हम विश्व को आर्य बनाना चाहते हैं। हम किसी भी राष्ट्र राज्य पर आक्रमण के इच्छुक नहीं हैं। भरतीय इतिहास में किसी दूसरे देश को जीतने की इच्छा नहीं मिलती। हाल ही में विश्व मुस्लिम लीग के प्रमुख मोहम्मद बिन अब्दुल करीम अल ईसा भारत आए थे। इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में अल ईसा ने भारत के ज्ञान और संविधान की प्रशंसा की है। विश्व मुस्लिम लीग दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम संगठनों में गिना जाता है। इसके प्रमुख अल ईसा ने भारत को शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का सुंदर उदाहरण बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अल ईसा से भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी को गहरा करने पर विचारों के आदान प्रदान की बातें कीं। उन्होंने अल ईसा के साथ हुई बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि हमने अंतरधार्मिक वार्ता को आगे बढ़ाने, चरमपंथी विचारधाराओं का मुकाबला करने व वैश्विक शांति को बढ़ावा देने पर बातचीत की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति की चर्चा होती है। होनी भी चाहिए। तमाम कारणों से विश्व तनाव में है। इसका एक कारण मजहबी कट्टरपंथ भी है। पंथिक मजहबी समूहों का सहअस्तित्व बड़ा कठिन होता है। गांधी जी स्वाधीनता के पहले से ही हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा स्थापित करने के लिए सक्रिय थे। बहुसंख्यक समाज के सामने सहअस्तित्व को लेकर कोई कठिनाई नहीं थी। लेकिन कट्टरपंथी मजहबी तत्वों को सहअस्तित्व की यह धारणा अच्छी नहीं लगी। गांधी जी ने स्वीकार किया कि हिन्दू-मुस्लिम एकता व सहअस्तित्व के प्रश्न पर उन्होंने हार मान ली है। अल ईसा ने सारी दुनिया से अपील की कि शांति के सम्बंध में भारत से सीखना चाहिए। उनका वक्तव्य आदर योग्य है। भारतीय ज्ञान ने दुनिया को प्रभावित किया है। विश्व शांति और लोकमंगल भारतीय राष्ट्र राज्य के ध्येय रहे हैं। भारतीय समाज में गजब की विविधता है। अनेक जातियां हैं। अनेक विश्वास हैं। विविधता स्वाभाविक है। लेकिन तमाम विविधताओं के बावजूद भारत में सभी विचारधाराओं और विश्वासों का सहअस्तित्व रहा है। सभी विचारधाराओं के बीच संवाद रहा है। आज भी है। भारतीय समाज के चिंतकों, विद्वानों और वैदिक काल के ऋषियों ने शांति की उपासना की है। ऋग्वेद में विश्व शांति की प्रार्थना है और यह भारतवासियों की शांति की प्यास को सुंदर अभिव्यक्ति देती है। शांति मंत्र में कहते हैं, अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। आकाश शांत हों। शांति भी शांत हों।

अशांत चित्त विध्वंसक होता है और शांत चित्त सर्जक। अल ईसा ने संवाद शांति और भाईचारा के लिए भारत की प्रशंसा उचित ही की है। जन गण का सामूहिक मन स्वाभाविक होता है। वह सामूहिक होकर ही समाज को आनंद देता है। मन चंचल होता है। मन की गलती को मनमानी कहते हैं। वैदिक पूर्वज मन की चंचलता को लेकर सजग थे। यजुर्वेद में मन को प्रशांत और लोक कल्याण से जोड़ने सम्बंधी 6 मंत्र एक साथ आए हैं।

तहसील प्रशासन व ग्राम प्रधान की शह पर सुआ नारा तालाब पर अवैध कब्जा जमाए हैं भू-माफिया

तालाब के अस्तित्व को ही मिटाने पर लगे हैं भू-माफिया, तालाब को चारों ओर से घेरा

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद तहसील प्रशासन तालाब पर अतिक्रमण करके किए गए अवैध कब्जे नहीं हटवा रहा है। जबकि सुप्रीम कोर्ट और सरकार का निर्देश है कि तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त कराकर उसे सुरक्षित रखा जाए। इसके बावजूद तहसील प्रशासन तालाब से अतिक्रमण हटाने की कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जबकि उप जिलाधिकारी से अनेकों बार शिकायत की गई मुख्यमंत्री पोर्टल पर आन लाइन शिकायत की गई लेखपाल द्वारा धन लेकर उच्च अधिकारियों को गलत जानकारी दी गई अगर मौके पर जाकर देखा जाए तो कहीं पर तालाब

नज़र नहीं आएगा आगे दुकान साईड में पुरानी दीवार ऐसा प्रतीत होता है। की चौहद्दी कस के घास बो दी गई है। बात करते हैं चर्चित सुआ नारा गाटा संख्या 2601 तालाब की बताते चलें ब्लाक नकहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ा गांव बढ़ेरा की जहां पर स्थित सुआ नारा तालाब पर भू माफिया रईस राई पुत्र घसीटे ने पूरब की तरफ वर्तमान समय टीन डाल अवैध निर्माण करा रहा है पश्चिम साइड गुड्डू अब्दुल कादिर कब्जा किए उत्तर साइड में दुकानो का अवैध निर्माण रईस राईन की दक्षिण भोलई पुत्र शाबिर जाहिद पुत्र शालीम राकेश यादव पुत्र मुन्ना यादव व अयोध्या प्रसाद जायसवाल पुत्र भोला प्रसाद विशोसर चौधरी पुत्र सरजू प्रसाद सरकारी नाला गेट मोईद मंसूरी ने सरकारी नाले पर गेट रखा हुआ है तालाब तो तालाब नाले पर प्रधान का खुद कब्जा है जब प्रधान ही सरकारी भूमि पर कब्जा किए तो ग्राम वासियों को कौन रोकेगा ग्राम के मुखिया की संलिप्तता की वजह से भू माफिया सक्रिय हैं जब मुखिया ही ऐसा तो तालाब के अस्तित्व को समाप्त करने के विरुद्ध कौन आवाज़ उठाएगा लेकिन अगर निष्पक्ष जांच हो जाए तो बहुत बड़ा घोटाला सामने आएगा छूट की जमीनों पर किस तरह से अवैध कब्जा किया गया और सरकारी नाले पर अवैध कब्जा सुआ नारा पर अवैध कब्जा खबरें प्रकाशित हुआ शिकायते की गई लेकिन तालाब पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई जो जांच का विषय है।

भाइयों का आपस में हुआ झगड़ा, दोनों जान देने के लिए घर से निकले, एक की डूब कर हुई मौत

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। खमरिया थाना क्षेत्र के कस्बे में आपसी विवाद के बाद दो सगे भाई घर से अलग-अलग निकलकर भागने लगे। जिनकी तलाश में परिजन भी उनके पीछे लग गए। जिनमें एक युवक बस से ऐरा पुल पर पहुंचा और शारदा नदी में छलांग लगा दी। वहीं दूसरा युवक पड़ोसी जनपद सीतापुर के बॉर्डर पर स्थित गोनिया गांव के पास नदी किनारे पहुंच गया। जिसको परिजनों ने पकड़कर नदी में कूदने से बचा लिया। नदी में कूदे युवक की जानकारी होते ही परिजनों के साथ साथ थानाध्यक्ष खमरिया दल बल के साथ पहुंचे। लापता उसकी खोज शुरू करवाई। क़स्बा खमरिया के ऐरा बाल विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के पास रह रहे मुन्ना शाह (26) व छोटू शाह (22) पुत्र स्वर्गीय मैना शाह में किसी बात को लेकर सुबह विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों में मारपीट हो गई। युवक के नदी में छलांग लगाने की सूचना पर परिवार के लोग

मौके पर पहुंचे और विलाप करने लगे। युवक के नदी में छलांग लगाने की सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और विलाप करने लगे। दोनों अलग अलग दिशा में भागे थे दोनों कभी वापस न आने की बात कह घर से अलग अलग दिशा में निकल गए। जिनकी जानकारी होते ही परिवारीजन उनका पीछा कर बड़े भाई मुन्ना शाह को पड़ोसी जनपद सीतापुर में शारदा नदी के गोनिया घाट के समीप से पकड़कर किसी तरह घर को लाये। शारदा नदी में कूदे युवक की तलाश में पुलिस ने गोताखोरों को लगाया है। इसी दौरान छोटू बस से ऐरा पुल पर पहुंचा। चप्पल पुल पर रखकर पुल से नदी में छलांग लगा कर लापता हो गया। जिसकी जानकारी पाकर परिजनों के साथ साथ थानाध्यक्ष खमरिया अजय राय, उपनिरीक्षक रामशेष यादव, केसी तिवारी समेत अन्य पुलिस के जवान मौके पर पहुच कर उसकी खोजबीन शुरू करवा दी है। वही परिजनों में अफ़रातफ़री मची हुई है।

कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने किया दो हेल्थ एटीएम और रैन बसेरे का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

सीएचसी मितौली और सीएचसी बेहजम पर अब हेल्थ एटीएम के जरिए आम जनमानस अपनी जांच करा सकेगा। दोनों ही स्थानों पर हेल्थ एटीएम का शुभारंभ मंगलवार को कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू द्वारा किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता और एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

हेल्थ एटीएम के शुभारंभ अवसर पर कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उनकी निधि से लगाए गए हेल्थ एटीएम मितौली और बेहजम की जनता के साथ ही आसपास रहने वाले आम लोगों को भी अपनी सेवाएं देगा। जिससे डॉक्टर्स को बीमारी समझने में मदद मिलेगी और वह मरीजों का बेहतर इलाज कर पाएंगे। साथ ही उन्होंने सीएचसी मितौली पर रेन बसेरे व विश्राम स्थल

की भी शुरुआत की। जिससे न सिर्फ आम जनमानस बल्कि आशा बहुओं को भी लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार स्वास्थ्य क्षेत्र में आगे बढ़कर काम कर रही है जिसका फायदा आज आम जनमानस को मिल रहा है।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि मितौली और बेहजम सीएचसी पर हेल्थ एटीएम का शुभारंभ हो गया है। पूरे जनपद में चयनित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। इसके लिए जनपद के सभी विधायकों ने अपना पूरा सहयोग दिया है और इसी के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 हेल्थ एटीएम खरीदे गए हैं। जिसका सीधा फायदा जिले की आम जनता को मिलेगा। 98 जांचें हेल्थ एटीएम के माध्यम से हो सकेगीं और प्रशिक्षित चिकित्सकों से उनका इलाज भी संभव होगा। एक-एक करके जल्द ही सभी हेल्थ एटीएम को उनके चयनित स्थानों पर लगाए जाएंगे, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। पलिया सीएचसी पर लगाए गए हेल्थ एटीएम के बाद सीएचसी मितौली और सीएचसी बेहजम में भी हेल्थ एटीएम शुरू हो गया है और जल्द ही बचे हुए स्थानों पर भी हेल्थ एटीएम की शुरुआत कर दी जाएगी। इस दौरान सीएचसी मितौली अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह व सीएचसी बेहजम अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिक्षक के घर घुसे चोर लाखों का सामान किया पार

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। लगातार चोरियों का सिलसिला जारी पुलिस चोरियां रोकने में असफल खमरिया के रहने वाले शिक्षक के घर घूसे चोर लाखों का किया माल पार बताते चलें शिक्षक लक्ष्मी नारायण सोमवार की रात को अपने परिवार सहित घर में सो रहा था। कि रात के समय लगभग 2.30 बजे तीन बदमाश मेरे घर में घुस आये जब मैनें देखा कि खटपट की आवाज हो रही है तो मेरी आँख खुली तो मेरी सेफ (अलमारी) का ताला टूटा हुआ था जिसमें सभी सामान बिखरा पड़ा था। बराबर के कमरे में एक बक्शा रखा हुआ था जिसका ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। जब मैने देखा कि जो तीनों व्यक्ति घर में चोरी कसे के उद्देश्य से घर में घुसे हुए थे मैंने टोका तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए बाहर भाग गए और बाहर से कमरे की कुण्डी लगा गए मैनें शोर मचाया तो मेरा शोर सुनकर मेरे बेटे की पत्नी और मेरी बेटी व दमाद भी ऊपर से नीचे आ गए और मैनें उन्हें पूरी जानकारी दी। इसके बाद मैनें अपनी अलमारी को चेक किया तो अलमारी में 162000/- रु. नहीं थे तथा बक्शे को चेक किया तो बक्शे मे रखी ज्वैलरी भी नहीं थी। जो सामान बदमाश लेके गए हैं।

तालाब का रूप ले रही गांव की मुख्य सड़क, जिम्मेदार मौन

जन एक्सप्रेस। अवधेश कुमार पाण्डेय

तिकुनियां खीरी। विकास क्षेत्र निघासन के बेलरायां क्षेत्र में मुख्य मार्गो को जोड़ने वाली सड़कें नालों में तब्दील बताते चलें करीब चार-पांच माह पहले स्वच्छ जल व शीतल जल के लिए ग्रामीणों को लॉलीपॉप दिया गया था कि आपको स्वच्छ जल मिलेगा लेकिन ग्रामीणों को क्या पता था कि यह लॉलीपॉप हमारे लिए ही महंगा पड़ेगा इसमें ग्राम प्रधान की भी मिलीभगत है जिससे सड़के इंटरलॉकिंग को तोड़कर गड्ढे व नालियाँ बनाई गई जिसमें पाइप लाइन बिछाई गई उसके बाद बड़ी ही लापरवाही के साथ सड़कों के गड्ढे बंद कर दिए गए द्य आज वही गड्ढे मौत का कारण बन चुके हैं यदि अनभिज्ञ व्यक्ति सड़कों से निकल जाए तो बड़ी बात है द्य सबसे मुख्य बात यह है कि बिलरायां क्षेत्र में एक ही छोटे बच्चों के लिए सही विद्यालय

है सरजू सरस्वती शिशु मंदिर जहां सैकड़ों की संख्या में नन्हे मुन्ने बच्चे प्रातकाल नियत समय से स्कूल जाते हैं । हाल यह है कि यदि अकेले बच्चे जाते हैं तो उनके लिए यह रास्ता दुर्गम हो जाता है साइकिल वाले बच्चे गिरकर चोटिल हो जाते हैं बाइक वालों के लिए रास्ता बंद ही है और ज्यादा छोटे बच्चे स्कूल पहुंचने से पहले ही कीचड़ में लथपथ हो जाते हैं द्य जहां नन्हे-मुन्ने बच्चों की शिक्षा में सड़कें बाधाएं बनेगी तो कहना ही पड़ेगा।

जिम्मेदार कुंभकरण की नींद सो रहे हैं, ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार चौधरी ने और समस्या खड़ी कर दी टूटे खड़ंजे रास्ते में डलवा दिया वो भी इधर - उधर जो और निकलने में रुकावट खड़ी कर रहें हैं । ये सड़कें किसी की मौत का कारण बन सकती हैं द्य आखिर क्या मजबूरी है प्रधानों व जिम्मेदारों की जो नन्हे - मुन्हे बच्चों का भी ख्याल नहीं रखते खंड विकास अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी को यदि इन विषयो पर अवगत कराना चाहो भी तो शायद उनकी नजर में ग्रामीणों का कोई महत्व ही नहीं रहा।

फास्ट फॉरवर्ड

महिलाओं की साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस/सीतापुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला आयोग के संयुक्त तत्वधान में उ.प्र. राज्य विधिक सेवा में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा महिलाओं के हित संरक्षण सम्बन्धी साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन आज तहसील सभागार बिसवाँ में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री भारी संख्या में उपस्थित रही। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री अभिषेक उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर व सिविल जज (जू.डि.) बिसवॉ सुभाष के साथ दीप प्रज्वलित किया। रिसोर्स पर्सन आशुतोष शुक्ला ने मंच का संचालन करते हुए लीगल एड डिफेन्स काउनिसंल सिस्टम की सुजीत कुमार बाजपेई, सुभाशी, अंकुर वर्मा, पी0एल0वी0 वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, सामाजिक कार्यकत्री नीतू गुप्ता ने महिलाओं के कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, चिकित्सीय अधिकार, गिरफतार एवं बन्दी के अधिकार, लैंगिक उत्पीडन जैसे आदि कानूनी विषयों पर विस्तार से व्याख्या की गयी। जिसे आगनबाडी कार्यकत्रियों ने बड़े ध्यान पूर्वक सुना। आयोजन में उपजिलाधिकारी, पी0एल0 मौर्य एवं तहसीलदार बिसवाँ अभिचल प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, बालविकास एवं परियोजना अधिकारी सबीना तथा ऑगनबाड़ी कार्यकत्री बिन्दुप्रभा ने कानूनी विषयों पर न्यायिक जानकारी दी गयी। समापन में अपर जिला जज/सचिव, श्री अभिषेक उपाध्याय जी ने छूटे हुए समस्त महिलाओं से सम्बन्धित कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कर्तव्यों का बोध कराते हुए श्री आशुतोष शुक्ला जी ने समरसेबुल से व्यर्थ बहने वाले जल की रोकथाम के लिए महिलाओं से अपील की गयी।

संस्कृत को व्यवहार में लाने से होता है सुसंस्कृत,सभ्य परिवार, समाज और देश का निर्माण: शालिनी दीक्षित

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। संस्कृत को व्यवहार में लाने से होता है सुसंस्कृत,सभ्य परिवार, समाज और देश का निर्माण। यह विचार आईआईटी रुड़की की संस्कृत शिक्षिका शालिनी दीक्षित ने उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के तत्वावधान में चल रही ऑनलाइन संस्कृत भाषा शिक्षण की कक्षाओं में आयोजित बौद्धिक सत्र में मुख्यवक्त्री के रूप में प्रकट किए उन्होंने कहा कि यदि हम अपने बच्चों में, परिवार में अच्छे संस्कार देना चाहते हैं, तो संस्कृत का पाठन अवश्य करना चाहिए। संस्कृत को केवल विषय के रूप में पढ़ना ही नहीं चाहिए बल्कि उस में उल्लिखित ज्ञान को अपने जीवन में चरितार्थ करते हुए व्यवहार में लाना चाहिए। कार्यक्रम का प्रारम्भ शिवम् तिवारी ने मंगलाचरण से किया। दक्षा ने संस्थानगीतिका प्रस्तुत की, वीणा शर्मा ने स्वागतगीत द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। संस्थान के प्रशिक्षक दीनदयाल शुक्ल ने अतिथिपरिचय, स्वागतभाषण तथावृत्तकथन किया।संस्थान द्वारा चलाए जा रहे अभियान के विषय में प्रशिक्षु उर्मिला ठाकुर ने अपने अनुभव कहे। सत्रीय कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक शशिकांत ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षणप्रमुख डा. सुधिष्ठ मिश्र, समन्वयक धीरज मैठाणी, सहसमन्वयक राधा शर्मा, सहित संस्थान के अन्य गणमान्य पदाधिकारी, प्रशिक्षकगण तथा विभिन्न संस्थाओं के शिक्षक तथा संस्कृत प्रेमी उपस्थित रहे। आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षिक दिवाकरमणि त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का समापन शांतिमंत्र के साथ संस्थान की प्रशिक्षिका सविता मौर्य ने किया।

फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीगंज निवासी अरुन कुमार पुत्र चेतराम ने एक मल्टीपरपज कंपनी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित तमाम धाराओं में न्यायालय के आदेश से मुकदमा दर्ज कराया है। अरुन कुमार ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि उसने जनविकास मल्टीपरपज कोऑपरेटिव सोसायटी में रघुवीर, रेखा, राधिका, अमरजीत ,जमुना सहित 56 लोगों का लाखों रुपए कंपनी में जमा कराया है। कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 6 साल में टुकड़ों में जमा पैसे का डेढ़ गुना, एक मुश्त जमा पैसे का 6 साल में दोगुना करने की बात कही थी। लेकिन अभी तक समय अवधि पूरी हो जाने के बाद भी पैसा वापस नहीं दिया गया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कोऑपरेटिव सोसाइटी के एमडी इज्जतनगर बरेली निवासी जान मोहम्मद, शाखा प्रबंधक नासिर हुसैन, अनूप मिश्रा, सुखपाल सिंह, कैशियर शाहनवाज और जावेद सहित 10 लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

10 घंटे तक बंद रहेंगे आज दो विद्युत फीडर

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। उपखंड अधिकारी गोला विनीत कुमार वर्मा ने बताया कि आज 19 जुलाई को नगर के फीडर संख्या 3 और 5 की विद्युत आपूर्ति 10 घंटे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया की विद्युत उपकेंद्र पर उच्च पावर का ट्रांसफार्मर लगाया जाना है जिस कारण सुबह 9 बजे से लेकर रात्रि 7 बजे तक फीडर संख्या 3 और 5 की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता ने बताया की उपभोक्ता सुबह 9 बजे तक अपनी विद्युत संबंधी पानी आदि भरने की आवश्यकताएं पूर्ण कर लें।

मार्ग दुर्घटना में दो की गई जान

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। सिधौली मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना के बाद करीब एक घंटे शव सड़क पर पड़ा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। महमूदाबाद के सलारपुर निवासी अवधेश कुमार (45) पुत्र मुल्लू सोमवार की शाम को बिसवां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेटौरा रिश्तेदारी गए थे। मंगलवार को वापस आते समय महमूदाबाद-बिसवां मार्ग पर इनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अवधेश को इलाज के लिए एम्बूलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद लाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही अवधेश को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना महमूदाबाद-सिधौली मार्ग पर मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे फिरोजपुर के पास घटी, जहां डम्फर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार शिवा (30) पुत्र रामपाल सिंह निवासी वाजिद नगर की मौके पर मौत हो गई। सूचना के बाद काफी देरतक शव सड़क पर पड़ा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सेन्सीटाइजेशन वर्कशॉप का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

भारत की आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री के भव्य एवं विकसित निर्माण के प्रण तथा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर बनाये जाने की मुख्यमंत्री की संकल्पना को पूरा करने के लिए मुख्य सचिव उ.प्र. द्वारा वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए उ.प्र. के समस्त जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन करते हुए सेन्सीटाइजेशन वर्कशाप के आयोजन के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सेन्सीटाइजेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में जनपद के समस्त व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, उद्योग बन्धु मेडिकल एसोसिएशन, एम्बुलेंस एसोसिएशन, होटल एवं रेस्टोरेन्ट के पदाधिकारी

कैमिस्ट एवं ड्रग एसोसिएशन, प्लाईवुड एसोसिएशन, शुगर मिल एसोसिएशन, भारतीय मजदूर संघ, ग्रामोद्योग से सम्बन्धित तथा अन्य एसोसिएशन के द्वारा भाग लिया गया। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था में विभिन्न सेक्टर का जी0वी0ए0 का आंकलन करने हेतु प्रदेश में विभिन्न प्रकार के कराये जा रहे सांख्यिकीय सर्वेक्षणों से प्रदेश के विकासोन्मुख योजनाओं में हो रहे निवेश के दृष्टिगत विनिर्माण, व्यापार एवं अन्य सेवा क्षेत्रों में विकास की वास्तविक स्थिति के अनुरूप ऑकड़े संग्रहित कर, वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने हेतु राष्ट्र निर्माण में योगदान की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में स्थापित समस्त कारखानों, दुकानों, छोटे व्यवसाय, स्वास्थ्य, क्लब, शिक्षण संस्थान कानूनी और परिवहन संगठन को रजिस्ट्रेशन कराये जाने की अपील की गई। सहायक निदेशक कारखाना द्वारा कार्यशाला में समस्त संगठनों में अपील की गई कि वह अपना पंजीकरण अवश्य करा लें और जिन क्षेत्रों का पंजीकरण नहीं हुआ है उनको जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि वहाँ कैम्प लगाकर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी रूचि द्विवेदी के द्वारा आसुस, एएसआई, पी.एल.एफ.एस. एन.एस.एस. सर्वे के विषय में विस्तृत रूप से व्याख्या की गई तथा यह भी अवगत कराया गया कि किसी भी उद्यमी से प्राप्त डाटा को सार्वजनिक नहीं किया जाता है, बल्कि प्राप्त डाटा को देश की अर्थव्यवस्था में प्रयोग किया जाता है। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी उद्यमियों, संगठनों से अपील की गई कि सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा एकत्रित डाटा को सही एवं पूर्ण जानकारी में दी जाये ताकि उत्तर प्रदेश सरकार की वन ट्रिलियन डॉलर की संकल्पना को मूर्त रूप दिया जा सके। कार्यशाला में अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, डा0 हरपाल सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आशीष गुप्ता, उपायुक्त उद्योग केन्द्र, दिनेश कुमार सिंह, उप निदेशक, अर्थ एवं संख्या, लखनऊ, सहायक श्रमायुक्त, सहायक निदेशक, कारखाना भारत सरकार में एन.एस.एस.ओ. के अधिकारी, खाद्य सुरक्षा, ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अपर सांख्यिकीय अधिकारी आदि जनपद के समस्त उद्यमी संगठनों के सहयोग से कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

गोला के दो मेधावियों का हुआ पीएचडी में चयन

जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। स्थानीय सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा, अंशिका रंजन और महताब आलम का पीएचडी के लिए चयन हुआ है। कॉलेज के शिक्षकों ने खुशी जताई है।

प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी बताया कि छात्रा अंशिका ने कक्षा 2 से 12 तक की शिक्षा उनके विद्यालय से पूरी की। कक्षा 10 में उन्होंने 90.5त्न अंक प्राप्त किए थे। उप्र विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा को सफलतापूर्वक पास किया। वर्ष 2018 में वह 12वीं कक्षा में 88.4त्न अंक प्राप्त करके बालिका वर्ग की जिला टॉपर बनी थी। अंशिका को मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ द्वारा पुरस्कृत किया गया था। इसके साथ ही वह इंस्पायर



छात्रवृत्ति के लिए चयनित हुईं थी। अंशिका ने 2018 से 2021 तक बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के भौतिकी बीएससी की उपाधि हासिल की। वर्ष 2021 से 2023 तक जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से भौतिकी में एमएससी किया। एमएससी करने मध्य ही, जून 2022 की नेट जूनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा को पहले ही प्रयास में सफलतापूर्वक पास किया। वह भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु में एक्सपेरिमेंटल कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स में पीएचडी कर रहीं हैं। वर्ष 2022 में पूर्व छात्र महताब आलम का चयन अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस) मुंबई में पीएचडी में हुआ था। महताब आलम ने वर्ष 2014-15 में इसी विद्यालय के सस्थागत छात्र के रूप में इण्टरमीडिएट परीक्षा 78.66 त्न अंको के साथ उत्तीर्ण की थी। अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से इन्होने सांख्यकी विषय में ग्रेजुएशन किया। एमएससी भी इन्होने अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस), मुंबई से बायोस्टैटिस्टिक्स एवं जनांकिकी में की। महताब आलम के पिता अलाउद्दीन अंसारी व्यापारी और माता नज़रून निशा गृहणी है।

राज्यमंत्री ने जनपद में चयनित 25 एएनएम को सौंपे नियुक्ति पत्र

गर्भवती महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की देख भाल करना पुनीत कार्यः राज्यमंत्री

जन एक्सप्रेस। उरई

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, करागार एवं होमगार्ड विभाग धर्मवीर प्रजापति व विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन व जिलाधिकारी चाँदनी सिंह की उपस्थिति में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में नवनियुक्त चयनित एएनएम अभ्यर्थियों को राज्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधियों के हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपा गया। जनपद में कुल 25 एएनएम की नियुक्ति हुई है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश में चयनित 1573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस वितरण समारोह का सजीव प्रसारण विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में देखा गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कार्यो से ही होती है, आप अपने कार्यो द्वारा जनपद को प्रदेश में एक अलग पहचान दिला सकते है। मरीजों के साथ आप द्वारा किया गया स्नेहमय

व्यवहार औषधि तुल्य कार्य करेगा। उन्होने नवनियुक्त एएनएम व उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्मियों की जो कमी है, उसको पूरा किया जाये। आपकी नियुक्ति इसी दिशा में एक प्रयास है। आप जनपद के स्वास्थ्य विभाग में चल रहे। अभियानों में निष्ठा के साथ अपना योगदान दे। आपका योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती माँ और उनके बच्चों के स्वास्थ्य का देख भाल करना आपका पुनीत कर्तव्य है और मैं उम्मीद करता हूँ कि आप सभी इस कार्य में पूरी तरह से खरी उतरेंगी। विधायक सदर ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्तियां की गई हैं। उन्होने नवनियुक्त कार्यकत्रियों से कहा कि वह ईमानदारी व कर्तव्य, निष्ठा के साथ अपने पदेन दायित्वों का निवर्हन करें।

उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री ने बिना किसी भेदभाव, धन, बल के परे रखकर पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां की जा रही है आज आप लोगो को नियुक्ति पत्र देकर बड़ी खुशी हो रही हैं। विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आम जन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिये सरकार कृत संकलिप्त है इसके लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने राज्यमंत्री व जनप्रतिनिधियों सहित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अरविन्द चौहान, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, सीएमएस आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन व देश को विकसित बनाने के लिए होगा स्टैटिकल डाटा कलेक्शन

जन एक्सप्रेस। शोभित शुक्ला

बाराबंकी। पीएम मोदी और योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तरप्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर स्टेटिकल डेटा कलेक्शन होने जा रहा है। अर्थ एव संख्या विभाग द्वारा डेटा कलेक्शन के दौरान लोगों के विरोध का सामना न करना पड़े लिहाजा सोमवार को सीडीओ की मौजूदगी में विस्तृत रूप से वर्कशॉप का आयोजन कर इससे जुड़े लोगों को जागरूक किया गया।

बताते चलें कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के भारत सरकार के कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय एव प्रदेश सरकार के अर्थ एव संख्या प्रभाग द्वारा कई प्रकार के सामाजिक

और आर्थिक सर्वेक्षण शुरू किया गया है। इस सर्वे में Annual Survey of Industries (ASI),Annual Survey of unincorporated Enterprises (ASUSE),Periodic Labour Force Survey (PLFS) ,National Sample Survey (NSS) और Inde& of Industrial Production (IIP) के सर्वे होने है। सर्वेक्षण के दौरान सर्वे करने वाली टीम को आमजन मानस का विरोध न झेलना पड़े लिहाजा अर्थ एवं संख्या विभाग द्वारा सोमवार को डीआरडीए सभागार में वर्कशॉप का आयोजन कर आम जनमानस के साथ साथ सार्वजनिक और निजी संस्थाओं के लोगों को इसकी महत्ता बताई। इस दौरान सीडीओ एकता सिंह ने कहा कि लोग आसानी से अपने डेटा नही बताते उन्हें लगता है कि इनका दुरुपयोग होगा।सीडीओ ने विश्वास दिलाया कि उनके द्वारा जो भी जानकारी सर्वे टीम को बताई जाएगी वह पूरी तरह से गोपनीय रखी जाती है। इस जानकारी का उपयोग केवल शासकीय कार्यों के लिए देश और प्रदेश सरकार की नीतियां बनाने में किया जाता है। सीडीओ ने अपील की कि सर्वे टीम के साथ समन्वय बनाकर लोग डेटा उपलब्ध कराएं।जिससे गुणवत्तापूर्ण और वास्तविक आंकड़े मिल सकें और देश व प्रदेश की तरक्की के लिए योजनाएं बनाई जा सकें।

जिला अस्पताल में नहीं नजर आएंगे दलाल

जन एक्सप्रेस/बाराबंकी। जिला पुरुष व महिला अस्पतालों में दलालों की चहलकदमी को रोकने के लिए जिला अधिकारी ने प्लान तैयार कर लिया है। जिसके तहत गठित की गई टीमें सिविल यूनिफॉर्म में अस्पताल में मौजूद रहकर बाहरी लोगों के क्रियाकलापों पर नजर रखेगी। जानकारी के मुताबिक अस्पताल परिसर में बाहरी लोग निजी एंबुलेंस से आकर पीड़ित मरीजों अथवा उनके परिजनों को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों में उपचार के लिए ले जाते है। जहां वह उनसे बेहतर उपचार के नाम पर मनमाना पैसा वसूलते है। ऐसे मामलों को जिलाधिकारी ने संज्ञान में लिया। जिसके बाद जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक ने दो टीमें गठित कर दी है। जो कि बिना यूनिफार्म के पुरुष अथवा महिला जिला अस्पताल के समस्त परिसर में मौजूद रहेंगी।

एक महीने से बंद पड़ी है बिजली आपूर्ति

जन एक्सप्रेस/मसौली-बाराबंकी। बिजली विभाग की कारगुजारी देखिए कि लगभग सवा महीने से इस उमस भरी गर्मी में लोग बिजली को तरस रहे है। असल में बीते 27 मई को आई तेज आंधी से मसौली उप केंद्र के भौंहारा खुर्द गांव में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। आंधी में अलग-अलग स्थानों पर तीन विद्युत खंभा गिर कर क्षतिग्रस्त हो गए थे। दो खंभों पर छोटा ट्रांसफार्मर भी लगा था। तभी से यहां बिजली आपूर्ति बंद पड़ी है। जिसके चलते ग्रामीण करीब 1 महीने से अधिक समय से बिजली सहित शुद्ध पानी के लिए तरस रहे है। मामले में उप केंद्र अधिकारियों ने बताया है कि जल्द ही समस्या का निवारण कराया जाएगा।

जल यात्रा निकालकर घटते जलस्तर को लेकर जल संरक्षण का दिया संदेश

- चलती रही परीक्षा होता रहा कार्यक्रम, पानी को तरस गए यात्रा में शामिल बच्चे

जन एक्सप्रेस। रामनगर-बाराबंकी

जनहित कल्याण सेवा समिति लोधौरा महादेवा के संयोजन में यूनियन इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने भूजल सप्ताह के अंतर्गत जल यात्रा निकालकर लोगों को घटते जलस्तर के मद्देनजर जल संरक्षण करने पर जागरूक किया। आज मंगलवार को जनहित कल्याण सेवा समिति लोधौरा महादेवा के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार वर्मा सचिव मोनू भास्कर के संयोजन में यूनियन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार सिंह डीएफओ रुस्तम परवेज वन क्षेत्राधिकारी सुबोध शुक्ला कालेज के प्राध्यापकों व हजारों की तादाद में

छात्र छात्राओं ने यूनियन इंटर कॉलेज से जल यात्रा निकाली छात्र-छात्राएं अपने हाथों में जल है तो कल है जल ही जीवन है सहित तमाम स्लोगन लिखे बैनर तथा पौधे लिए समूचे कस्बे का भ्रमण कर पी.जी. कॉलेज रामनगर पर छात्र-छात्राएं पहुंची। और डिग्री कॉलेज परिसर में कार्यक्रम भी हुआ।लेकिन चिलचिलाती धूप में करीब डेढ़ किलोमीटर का लंबा सफर तयकर डिग्री कॉलेज पहुंची छात्र-छात्राओं के हलक प्यास से सूख रहे थे। परन्तु आयोजकों ने उनके जलपान अथवा पानी की भी व्यवस्था नहीं की थी जिसके चलते तमाम छात्र छात्राएं पौधे हाथ में लेकर बीच कार्यक्रम से ही मायूस होकर लौट आए यही नहीं डिग्री कॉलेज में परीक्षाएं भी चल रही थी रैली के पहुंचने पर परीक्षाओं में भी व्यवधान जरूर पहुंचा फिलहाल ऐसे आयोजन जिससे समाज को फायदा के बजाय नुकसान हो कार्यक्रम करने की क्या जरूरत थी इस बात की चर्चा लोगों में जोरो पर है। इस संबंध में उप जिला अधिकारी से संवाददाता द्वारा जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल डिग्री कॉलेज में परीक्षा की मुझे जानकारी नहीं है इस संबंध में हम कालेज के प्राचार्य से बात करेंगे। डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ कौशलेंद्र विक्रम मिश्र का कहना है कि यह कार्यक्रम प्रशासन द्वारा पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम था परीक्षाएं जरूर चल रही थी लेकिन राष्ट्रहित में कुछ ऐसी चीजें होती हैं जिन्हें ना चाहते हुए भी करना पड़ता है। यूनियन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार सिंह का कहना है भूगर्भ जल विभाग के निदेशक की चिट्ठी आई थी इसीलिए स्कूल के बच्चों व हम लोगों की सहभागिता रही है।

अलग-अलग थानों में चार मारपीट के मामले हुए दर्ज

जन एक्सप्रेस/उरई। पुलिस ने अलग-अलग थानों में चार मारपीट के मामले दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही।पहला मामला आटा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपराया निवासी वीरेंद्र पुत्र बुद्धू अहिरवार ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही हरिश्चंद्र पुत्र शिवचरण उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। वही दूसरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी पूजा पत्नी वीरेंद्र ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही जीतेंद्र सिंह और 3 लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वही तीसरा मामला एट थाना क्षेत्र के ग्राम करुई बुजुर्ग निवासी पत्नी रामभुवन ने डकोर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कृपाशंकर पुत्र परमानंद निवासी करुइ बुजुर्ग ने उसके साथ मारपीट कर गाली गलौज दी और जान से मारने की धमकी दी।

चारागाह समतलीकरण में धांधली को लेकर श्रम रोजगार उपायुक्त से शिकायत

जन एक्सप्रेस। सिरौलीगौसपुर बाराबंकी

गांव में मनरेगा योजना के तहत चारागाह समतलीकरण कार्य में धांधली का आरोप लगाते हुए ग्रामीण प्रवेश कुमार द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार के यहां शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद मंगलवार को सहायक अभियंता ग्रामीण की अगुवाई में एक जांच टीम ने गांव पहुंचकर स्थलीय सत्यापन किया। जांच टीम ने पंचायत भवन में अधिकारियों के साथ बैठक कर अभिलेखों का गहन अवलोकन कर ग्रामीणों के बयान दर्ज किया । सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण आनंद कुमार श्रीवास्तव जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर के प्राचार्य डॉ विजय कृष्ण यादव सहायक अभियंता मनीष त्रिपाठी की संयुक्त जांच टीम ने ग्राम प्रधान शिवा मिश्रा पंचायत सचिव राजेश कुमार अवर अभियंता ग्रामीण केके वर्मा के साथ चारागाह में कार्य करने वाले मनरेगा मजदूरों का बयान भी दर्ज किया । जांच टीम के द्वारा शिकायतकर्ता परवेश कुमार को मौके पर जांच के दौरान उपस्थित रहने के लिए कई बार बुलवाया गया किंतु शिकायतकर्ता मौके पर नही पहुचा। वहीं शिकायतकर्ता द्वारा जिन मनरेगा मजदूरों के नाम विना काम के पैसा निकालने का आरोप लगाया गया था । जांच के दौरान उनके नाम मास्टर रोल में दर्ज ही नहीं थे। जांच टीम द्वारा कई घंटों तक शिकायत के सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच पड़ताल की गई । इस दौरान तकनीकी सहायक गुलाम यजदानी, रोजगार सेवक रमाकांत,अंजनी कुमार, शकील अहमद, आदि लोग मौजूद रहे।

छत से गिरकर युवक की मौत, घर मे छाया मातम

जन एक्सप्रेस/उरई। एट थाना क्षेत्र के ग्राम पचोखरा में एक युवक की रात्रि में छत से गिरकर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार काशीराम पुत्र रामदास रायकवार उम्र 35 वर्ष प्रतिदिन की भांति मजदूरी करके अपने घर लौटा और खाना-पीना खाने के बाद रात्रि को लाइट ना आने के कारण छत पर लेट गया। रात्रि को जैसे ही लाइट आई नीचे उतरने के लिए आगे बढ़ा। अधूरी नींद में होने के कारण जीने की तरफ ना जाकर दूसरी ओर चला गया। जिससे वह छत से नीचे गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक काशीराम के माता-पिता गुजर चुके थे। जिसके 3 बच्चे एवं पत्नी है। किसी प्रकार मजदूरी करके गुजारा चलाता था, अब यह परिवार मुसीबत के दौर में पहुंच गया है। पत्नी एवं बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, परिजनों में कोहराम

जन एक्सप्रेस/उरई। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुशील नगर में संदिग्ध परिस्थितियों में अकेली महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के मोहल्ला सुशील नगर निवासी संतराम की पत्नी कस्तूरी 55 वर्ष मंगलवार को घर पर अकेली थी। जबकि परिवार के सभी लोग रोज की तरह अपने-अपने काम पर गए हुए थे। तभी घर में अकेली महिला की संदिग्ध हालात में अचेत हो गई। काफी देर बाद जब महिला की छोटी बहू घर आई, तब उसने अचेत पड़ा देखा और तत्काल परिवार के लोगों को खबर दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही मामले की खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मृतका के पुत्र लाल सिंह ने बताया कि मां काफी समय से बीमार चल रही थी। जिसकी वजह से उनका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था।

ससुराल में रह रहे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस/जालौन। ससुराल में रह रहे युवक ने बीमारी के चलते भूसाघर में दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनाम भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कानपुर के गजौनी निवासी अजय वर्मा 35 वर्ष पुत्र श्रीकृष्ण हाल निवास मोहल्ला हरीपुरा पिछले लगभग एक माह से अपनी ससुराल में रह रहा था। बताया गया है कि वह पिछले काफी समय से बीमारी के चलते मानसिक रूप से परेशान था। जिसके चलते उसके ससुराल के लोग उसे जालौन ले आए थे। सोमवार की रात परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद कमरे में सो गए। तभी देर वह भूसाघर गया और कुंडे में दुपट्टे का फंदा डालकर फांसी पर लटक गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह परिजन जानवरों के लिए भूसा लेने गए तो उन्होंने उसके शव को फांसी पर लटका देखा। वहीं मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी विनीता सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्ध मजदूर की मौत

जन एक्सप्रेस/जालौन। बंगरा मार्ग बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नजदीक वृद्ध को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया और मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी वृद्ध मजदूर मोहर अली 62 वर्ष पुत्र फुंदन बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास पैदल गांव की ओर जा रहे थे। तभी बंगरा मार्ग पर पुल के पास बाइक के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वृद्ध सड़क पर गिर गया, और सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। वहीं मौका पाकर बाइक चालक भाग निकला। घटना के बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। लेकिन पुलिस के देरी से पहुंचने के कारण गुस्साए ग्रामीणों ने बंगरा मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया। लेकिन कुछ समय बाद ही कोतवाली प्रभारी समीर कुमार सिंह, हल्का प्रभारी केपी यादव सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया।

दो किलो 100 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/उरई। शहर कोतवाली की जेल चौकी प्रभारी रामवीर सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि शहर के बघोरा रोड एसबीआई बैंक के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा हुआ है। जिसपर उन्होंने मौके पर पहुंचकर देवेंद्र मिश्रा पुत्र रामनरेश मिश्रा निवासी मॉडर्न पब्लिक एकेडमी के पास मोहल्ला इंदिरा नगर को गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस पर उप निरीक्षक ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया और उसको जेल भेज दिया।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक चालक अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

एट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक चालक अधेड़ की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र ग्राम राहिया निवासी मंसाराम 40 वर्ष का जमीनी विवाद के मामले में मुकदमा जिला झांसी एरच में चल रहा है। जब वह सोमवार की सुबह तारीख में शामिल होने मोटरसाइकिल से एरच गया था। जो देर रात वापस उरई लौट रहा था। तभी ग्राम सोमई तिराहे के पास तेज़ रफ़्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि हादसे के बाद चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने घटना की खबर उसके परिजनों को देते हुए शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने घटना की खबर उसके परिजनों को देते हुए शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पत्नी ने एसपी को दिया शिकायती पत्र, लगाई न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस। उरई

संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत मामले में मृतक की पत्नी व परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए एसपी को शिकायती पत्र दिया। जिसने मामले की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरसई निवासी रूप सिंह पाल ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसपी ईरज राजा को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि बीती 15 जुलाई को रेढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम खकसीस निवासी अर्जुन पाल का फोन आया। जिसमें बताया गया कि पीड़ित के बहनोई भारत सिंह पाल की तबियत खराब है। जिसके चलते दूसरे ही दिन ही वह बड़े भाई सुखदेव व पिता मनोहर व बड़ी बहन के साथ ग्राम खकसीस पहुंच गया। जहां पर उसने अपने बहनोई को मृत पाया। जिसका शरीर पूरी तरह नीला पड़ गया था। बताया कि पीड़ित द्वारा मामले की शिकायत थाना पुलिस से की तो वहां सुनवाई नहीं की गई। जबकि बहनोई के परिवार वालों व गांव वालों ने मिलकर उसका जबरन दाह संस्कार कर दिया। रूप सिंह और मृतक की पत्नी ने अर्जुन सहित परिवार के अन्य लोगों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया और उन पर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। फिलहाल एसपी ने मामले की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल करवाकर उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

G20 उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट / जोन	लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य / उ0रे0
नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0	PnU-LKO-BOY-Toi-45-23-1 (Pay and Use Toilets)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14-07-2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	31-07-2023 समय 12:00 बजे
नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय	31-07-2023 समय 12:30 बजे
नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0	PnU-LKO-RBL-Toi-44-23-1 (Pay and Use Toilets)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14-07-2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	31-07-2023 समय 12:00 बजे
नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय	31-07-2023 समय 12:40 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

2197/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कुएं में लटका मजदूर का शव देखकर, गांव में फैली सनसनी

जन एक्सप्रेस। कालपी

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बागी में स्थित कुएं में लटक रहे मजदूर के शव को देखकर गांव में सनसनी फैल गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बागी निवासी देवेंद्र कुमार 25 वर्ष एक गरीब मजदूर था, जो हर दिन मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया गया है कि सोमवार को वह गांव में डल रहे एक लेंटर में मजदूरी करने गया था। जो देर शाम जाते समय अपनी मां से कह गया था। हम घर के बाहर की कुंडी लगाकर जा रहे है और थोड़ी देर बाद आएंगे, तो कुंडी खोल कर सो जाएंगे। बताया कि समय रहते मजदूर घर नहीं लौटा और सुबह जब उसका शव कुएं में लटका देखा गया। कुएं में लटक रहे मजदूर के शव को देखकर गांव में सनसनी फ़ैल गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और मामले की छानबीन की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामला साफ हो जाएगा।

वृद्ध महिला सहित तीन लोगों की जहरीले कीड़े के काटने से मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

देर रात सोते समय जहरीले कीड़े के काटने से महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई।

आटा थाना के ग्राम कुरैना निवासी भान निषाद का 15 वर्षीय पुत्र मदन सोमवार की रात को चारपाई पर सो रहा था। तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया, जिससे किशोर अचेत हो गया। अचेत अवस्था में पुत्र को देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया, और वह उसे जिला अस्पताल लाए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि घर के बाहर मंदिर में अखंड रामायण हो रही थी। तभी रात होने पर वह मंदिर के कुछ दूर पर चारपाई डालकर सो गया। तभी किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। वही कस्बा कोटरा में सोमवार की रात्रि में शकील की नौ वर्षीय पुत्री शाईमा और कमलापुर वाली 70 वर्ष पत्नी मान सिंह घर में एक ही तख्त पर सो रही थी। तभी दोनों को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। एक साथ हुई दो मौतों से परिजनों में चीख-पुकार मच गई, और गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दिए बिना ही दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वही कोटरा थानाध्यक्ष महेश कुमार का कहना है कि परिजनों ने इसकी सूचना नहीं दी है।

अयोध्या के 41 भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किया गया

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

योगी सरकार द्वारा राम मंदिर के आसपास मौजूद भवन स्वामियों को दे रहे रोजगार इसी क्रम में आज मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने आयुक्त कार्यालय सभागार में पेइंग गेस्ट योजना अन्तर्गत 41 भवन स्वामियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किया। उन्होंने सभी भवन स्वामियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आगामी दिनों में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अयोध्या आने वाले श्रद्वालुओं की संख्या में लाखों की वृद्वि होगी, जिनमें से बड़ी संख्या में श्रद्वालु रात्रि निवास भी करेंगे। इनके ठहरने के लिए होटल, गेस्ट हाउस/होम स्टे की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि इन होम स्टे से न केवल श्रद्वालुओं को घर जैसे माहौल में ठहरने का अनुभव होगा बल्कि स्थानीय निवासियों को अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो सकेगी और पूरे अयोध्या क्षेत्र में रोजगार के अतिरिक्त अवसर भी सृजित होंगे तथा समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

तीर्थ यात्रियों श्रद्धालुओं के सहयोग हेतु एक यूजर फ्रेन्डली मोबाइल एप एवं वेब पोर्टल लान्च उन्होंने पेइंग गेस्ट के तहत प्रथम चरण मे चयनित भवन स्वामियों से कहा कि श्रद्वालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधायें उपलब्ध करायें जिससे उन्हें घर जैसा माहौल लगे। उन्होंने सभी से कहा कि आप सभी अपने आसपास के लोगों,

मित्रों एवं सम्बन्धियो को भी इस योजना के सम्बंध में बताए तथा अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जो हेल्पलाइन नम्बर जारी किया जायेगा उससे सम्पर्क कर उन्हें भी पेइंग गेस्ट योजना से जुड़वायें। उन्होंने कहा कि अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा अयोध्या के होम स्टे,पेइंग गेस्ट के स्वामियों एवं इसमें ठहरने वाले तीर्थ यात्रियों , श्रद्धालुओं के सहयोग हेतु एक यूजर फ्रेन्डली मोबाइल एप एवं वेब पोर्टल लान्च किया जा रहा है। जिसके माध्यम से तीर्थ यात्री निर्वाध गति से अपने पसन्द के होम स्टे / पेइंग गेस्ट में बुकिंग कर सकेगें तथा अपने अनुभवों को साझा कर सकेंगे। अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा 24×7 कस्टमर सपोर्ट सुविधा भी विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले 1000 भवन स्वामियों को प्रेरित कर उन्हें इस योजना के तहत जोड़े। गौरतलब है कि अतिथि देवों भवः की भावना से प्रेरित होम स्टे/पेइंग गेस्ट योजना उ0प्र0 सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो पर्यटन विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। अयोध्या होम स्टे पेइंग गेस्ट योजना के तहत ऐसे भवन स्वामी जिनके मकान में 2 से 5 तक अतिरिक्त कमरे हो वो इस योजना से जुड़ कर अतिरिक्त आय सृजित कर लाभ उठा सकते है। उनके कमरों की सुविधा के अनुसार यात्री/श्रद्वालुओं के ठहरने पर प्रतिदिन प्रति कमरे 1500 से 2500 किराया प्राप्त होगा।अयोध्या के जो भी भवन स्वामी इस योजना का लाभ उठाना चाहते है वो अयोध्या विकास प्राधिकरण में स्थापित कन्ट्रोल रूम से सम्पर्क कर सकते है या मोबाइल नं0 7607778924, 7607778926 पर फोन करके योजना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकतें है।

नगर की सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वाले कार्मिकों पर होगी सख्त कार्रवाई : ईओ

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

आदर्श नगर पंचायत कस्बा में काफी दिनों से सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने की शिकायत मिल रही थी। नगर पंचायत अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जायसवाल व ईओ इंद्रभान ने सफाई कर्मचारियों की बैठक लेने के बाद सख्त निर्देश दिए थे। लगभग कई दिनों से अधिशासी अधिकारी इंद्रभान जी के नेतृत्व में कस्बा के महादेवा घाट सत्संग घाट सीताराम घाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली परिसर व गली मोहल्ले सहित सभी वार्डो में नाला नाली के साथ-साथ कई स्थानों पर सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर विशेष सफाई अभियान चलाया जा। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी इंद्रभान जी ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की बैठक लेकर कस्बे

की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाते हुए कस्बे को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई थी। नगर पंचायत के सफाई निरीक्षक सहित सफाई कर्मचारी एवं ट्रैक्टर ट्रॉली को साथ ले जाकर विशेष सफाई अभियान चलाया गया ।जिससे हमारा नगर पंचायत को साफ स्वच्छ और सुंदर रखा जा सके। नगर पंचायत क्षेत्र की सभी वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था चालू रखने के साथ-साथ विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। कस्बा के लोगों से भी अपील है कि कचरा एकत्रित करने के लिए निर्धारित समय पर नगर पंचायत के ट्रैक्टर टेंपो गली गली में पहुंचते हैं। अपने घरों पर कचरा एकत्रित करने के बाद ट्रैक्टर टेंपो में कचरे को डालें, जिससे कस्बा को स्वच्छ रखा जा सके। नगर के सफाई कर्मचारियों को भी सख्त चेतावनी देते हुए निर्देश दिए गए हैं कि सफाई व्यवस्था को लेकर अगर लापरवाही की गई तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हिन्दू महासभा ने हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास को हिन्दू रत्न और ललित अग्रवाल को हिन्दू पत्रकार रत्न सम्मान दिया

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अखिल भारत हिन्दू महासभा ने हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास महाराज के जन्मोत्सव को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में बिड़ला धर्मशाला से हनुमान गढ़ी तक संकल्प यात्रा निकाली गई।हनुमान गढ़ी में महासभा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने और श्रीराम चरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करवाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भगवान हनुमान से महंत राजू दास महाराज के निरोगी और दीर्घायु होने की प्रार्थना की गई।हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हनुमान गढ़ी में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने सनातन धर्म, सनातन संस्कृति और सनातन धर्मग्रंथों की सुरक्षा में अदभुत योगदान देने पर महंत राजू दास महाराज को हिन्दू रत्न सम्मान से सम्मानित किया। उन्हें हिन्दू रत्न सम्मान पत्र के साथ हनुमान जी की गदा भेंट की। राष्ट्रीय महामंत्री मितेश पटेल ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर और राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता ने शॉल ओढ़ाकर उन्हे सम्मानित किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने बताया कि जोधपुर से अयोध्या आए पत्रकार ललित अग्रवाल को हिन्दू महासभा ने हनुमानगढ़ी में हिन्दू पत्रकार रत्न से सम्मानित किया। महंत राजू दास महाराज ने शॉल ओढ़ाकर ललित अग्रवाल को सम्मानित किया। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने उन्हें स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र दिया।हिन्दू पत्रकार रत्न से सम्मानित होने पर अपने संबोधन में ललित अग्रवाल ने हिन्दू महासभा का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी और महंत राजू दास महाराज के कर कमलों से सम्मानित होकर वो स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने हिन्दू महासभा को विश्वास दिलाया कि उनकी पत्रकारिता सदैव सनातन धर्म की रक्षा और उत्थान में निर्बाध गति से चलती रहेगी।

मुस्लिमों द्वारा बनाए गए ईदगाह को लेकर बजरंग दल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

बजरंग दल अयोध्या अवध प्रांत ने जिलाधिकारी से मिलकर अवैध रूप से मुस्लिम पक्ष द्वारा बनाए गए ईदगाह को हटाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि बभनियावाँ गांव परगना मगलसी तहसील सोहावल अयोध्या जो कि ड्योढ़ी बाजार से सटा कीमती इलाका है। वहाँ के हिन्दू जन मानस द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि भूमि गाटा संख्या- 94. नि0 क्या- 0.405 हे0 स्थित ग्राम- बभनियावाँ उपरोक्त में मुस्लिम पक्ष द्वारा यहां के हिन्दुओं के नाम दर्ज उक्त भूमि 94 मि0 में अनाधिकृत रूप से अपने प्रभाव व दबंगई के बल पर पिछली सरकारों के सहयोग से अवैध ईदगाह का निर्माण का लिया है जबकि जहां ईदगाह बनायी गयी है। वहां मुस्लिम आबादी एक भी नहीं है। तभी से कई हिन्दू उसे हटवाने के लिए स्थानीय एवं शासन स्तर पर प्रार्थनापत्र

देकर चाराजोई करते हुए लगातार संघर्ष कर रहे हैं मुस्लिम पक्ष द्वारा उन हिन्दू साथियों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जान माल की धमकी भी दी है।ज्ञात हो कि उक्त ईदगाह चकबन्दी प्रक्रिया जो सन् 1985 में हुई थी उसके बाद की जबरन बनायी गयी है यदि चकबन्दी पूर्व से बनी होती तो यह अभिलेखों में दर्ज होती तथा प्रभावित हिन्दूजन को उसके बदले में अन्यत्र की भूमि दी गयी होती। प्रभावित हिन्दू जन में एक सदस्य प्रभाकर सिंह के मुख्य द्वार पर ही ईदगाह बनायी गयी है। जबकि ईदगाह आबादी से दूर बनायी जाती है। मुख्य द्वार पर ईदगाह होने से तथा वहाँ नमाज इत्यादि होने से नवनिहालों में हिन्दू संस्कार प्रभावित होने का खतरा बना है जबसे हिन्दू जन द्वारा उक्त ईदगाह को हटवाने की चाराजोई की जा रही है तबसे वहां अधिकांश संख्या में मुस्लिम पक्ष द्वारा इक्ट्ठा होकर कोई न कोई गतिविधि की जाती है। स्थानीय प्रशासन भी मूकदर्शक बना रहता है। उक्त स्थल पर कभी भी कोई भी अप्रिय घटना अथवा दंगा होने की प्रबल सम्भावना है। उपरोक्त प्रकरण के समबन्ध में प्रभावी कार्यवाही करते हुए हिन्दूजन के स्वामित्व की भूमि पर से ईदगाह को हटवाया जाय जिससे मौके पर कोई असहज स्थिति होने से बचा जा सके।

नमाज स्थल को लेकर जारी है न्यायालय का स्थगन

अयोध्या। सोहावल तहसील के बभनियावां गांव की जिस भूमि संख्या 94 मिनजुमला को लेकर मुख्य राजस्व अधिकारी अयोध्या की ओर से स्थगन आदेश जारी किया गया है वह भूमिआत्मप्रकाश सिंह व कुछ अन्य ठाकुर परिवार की खतौनी दर्ज है।उस भूमि पर राजस्व अभिलेखों में कहीं भी ईदगाह दर्ज नहीं है। फिर भी बीते बकरीद को वहां प्रशासन द्वारा नमाज अदा कराई जो मुख्य राजस्व अधिकारी के आदेश की अवहेलना है।दूसरी तरफ उस स्थान पर परम्परागत नमाज अदा किए जाने की बात उप जिलाधिकारी मनोज श्रीवास्तव कहते हैं।जब कि भूमि के मालिकाना का कहना है कि जब सीआरओ ने स्थगन आदेश जारी किया है तो फिर हमारी भूमि पर नमाज क्यों अदा की गई।आत्म प्रकाश सिंह का कहना है राजस्व विभाग ने जहां पर ईदगाह दर्ज की हो वहां प्रशासन नमाज अदा कराए।वैसे उप जिलाधिकारी का कहना है कि मुकदमा भूमि के बंटवारे का है।वादी पक्ष का कहना है कि अन्य हिस्सेदार भूमि की नवेयत बदलना चाह रहे हैं।जिस पर सीआरओ ने स्थगन जारी किया है।

जनपद में किया जाएगा 30 लाख पौधों का रोपण, तिथिवार तथा विभागों के लिए लक्ष्य निर्धारित

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण को स्वस्थ बनाने के लिए जिले में 30 लाख पौधे लगवाने का लक्ष्य दिया गया है सरकार द्वारा पौधों को लगाने के लिए दिल भी निर्धारित किया गया है इसके साथ ही सभी विभागों को लक्ष्य भी दिया है। प्रभागीय वनाधिकारी सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग/सदस्य सचिव वृक्षारोपण समिति डॉ0 सेम्मारन एम0 ने बताया कि शासन द्वारा वृक्षारोपण अभियान-2023 के अर्न्तगत वृक्षारोपण की तिथि निर्धारित कर दी गयी है । जिसके अनुसार प्रदेश में 22 जुलाई को 30 करोड़ तथा 15 अगस्त को 5 करोड़ पौधों का रोपड़ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद बलरामपुर हेतु तिथिवार, विभागवार पौधरोपड़ हेतु लक्ष्य निर्धारित कर अवगत करा दिया गया है। जनपद में प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक हजार पौधा का ग्राम वन तथा नगर क्षेत्र में एक नंदनवन की स्थापना ग्राम विकास विभाग एवं नगर विकास विभाग द्वारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई को प्रातः 06 बजे से शाम 06:00 बजे तक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम को एक उत्सव के रूप में मनाया जायेगा तथा समस्त विभाग, सार्वजनिक उद्यम, निगम, बोर्ड आदि विभाग के प्रत्येक कर्मचारी एवं अधिकारी कम से कम 01 पौध का रोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लेंगें। बेसिक शिक्षा तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद में बाल पौधरोपण भण्डारा आयोजित कराया जायेगा, जिसमें छात्र/छात्राओं को फलदार/ग्राफ्टेड पौधे वितरित किये जायेंगें। इस दिन जनपद में 30 लाख पौधरोपण के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए आधे दिन सभी कार्यालय/विद्यालयों तथा अन्य संस्थाएं केवल वृक्षारोपण कार्य में सहयोग देंगें। उन्होंने कहा कि समस्त विभागों द्वारा रोपित पौधों/पौध स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एवं जिओ-टैगिंग तत्काल हरीतिमा ऐप के द्वारा विभागवार निर्दिष्ट यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से कराकर समस्त पौधरोपण की स्थलीय समीक्षा डिजीटल माध्यम से कराने में सहयोग किया जाए।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उपकरणों की कमी पर डीएम हुए नाराज, जल्द उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम,आयुष्मान भारत, एंबुलेंस की स्थिति, इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी, नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण की स्थिति आदि की विस्तृत समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई।

जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को विशेष चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर

✻ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को बेहतर समन्वय कर स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए किया निर्देशित

सभी उपकरण अच्छी हालत में हो एवं संचालित हो यह सुनिश्चित किया जाए। एचएसएनडी सत्र में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की होने वाले जांच के लिए उपकरण की कमी या ना होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर बने इनटाइटल फंड से तत्काल जरूरी उपकरण खरीद किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं आम जनमानस तक पहुंच के लिए एएनएम एवं आशाओं का रोल बहुत ही महत्वपूर्ण है। आवश्यक है कि एएनएम एवं आशा बहुओं की विभिन्न योजनाओं में काम के आधार पर परफॉर्मेंस चेक किया जाए तथा अच्छे काम एवं खराब काम करने वाली एएनएम एवं आशाओं को चिन्हित किया जाए। जिला चिकित्सालयों में परिवार नियोजन की कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की एवं सुधार लाने का कड़ा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एंबुलेंस की स्थिति चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि एंबुलेंस से में सभी जरूरी उपकरण उपलब्ध हो एवं संचालित हों यह सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों से बेहतर समन्वय रखें, विशेषकर की ब्लॉकों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संबंधित खंड विकास अधिकारी से बेहतर समन्वय रखते हुए स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आम जनमानस तक पहुंचाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार, अपर सीएमओ डॉ बी पी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, जिला प्रतिरक्षा अधिकारी, डब्ल्यूएचओ के जिला समन्वयक उपांत डोगरे, यूनिसेफ की जिला समन्वयक शिखा श्रीवास्तव, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, समस्त ब्लॉकों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

जिले में संचालित हो रहे प्राइवेट विद्यालयों का डीआईओएस ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के विकासखंड सदर क्षेत्र अंतर्गत संचालित हो रहे प्राइवेट सेक्टर के कई विद्यालयों का जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने मंगलवार को निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान मिली खामियों के लिए एक सप्ताह में मागा गया । साथ ही गैर मान्यता वाले कक्षाओ को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया गया। जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को समय प्रातः 10.47 बजे विमला देवी शिक्षण संस्थान गंगनार ब्लॉक बलरामपुर का निरीक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक गोविन्द राम द्वारा किया गया । निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से कक्षा 10 की कक्षाएं संचालित पाई गई । कक्षा 9 में 15 के सापेक्ष 9 व कक्षा 10 में 16 के सापेक्ष 6 छात्र छात्रा उपस्थित मिले । छात्रों से वार्ता करने पर बताया गया कि कक्षा 9 का रजिस्ट्रेशन पार्वती देवी इंटर कॉलेज हरिहरगंज से कराया जाता है और छात्रों की पढ़ाई विमला देवी शिक्षण संस्थान गंगनार में किया जाता है । प्रधानाचार्य से मान्यता की कॉपी

मांगने पर किसी प्रकार की कोई कापी उपलब्ध नहीं कराया गया । जिला विद्यालय निरीक्षक ने तत्काल विद्यालय बंद करने के निर्देश दिया । उन्होंने निर्देश दिया कि यदि भविष्य में निरीक्षण के दौरान नौ दस की कक्षाएं संचालित पाया जाता है, तो आप के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी । आप अपना स्पष्टीकरण 1 सप्ताह के अंदर कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया । साथ ही साथ रामचंद्रर स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलुआ मोड़ का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान 1 से लेकर कक्षा 10 तक कक्षाएं संचालित पाई गई । कक्षा 9 में 60 के सापेक्ष 30 बच्चे व कक्षा 10 में 67 के सापेक्ष 34 छात्र-छात्रा उपस्थित पाए गए।

हिंदी की समृद्धि में सत्यव्रत सिंह ने दिया है बड़ा योगदान : मेजर सिंह

जन एक्सप्रेस। बहराइच

हिंदी साहित्य के विकास में जिले के साहित्यकार स्वर्गीय सत्यव्रत सिंह ने बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने अपने लंबे साहित्यिक जीवन में जिले की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनायी है। इस बात की जरूरत है कि उनका अप्रकाशित साहित्य प्रकाशन में आए जिससे उनके योगदान के बारे में लोग जान सकें। यह विचार किसान पी.जी. कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ.एस.पी. सिंह ने सत्यव्रत सिंह की 15 वीं पुस्तक प्रतिनिधि कविताएं के विमोचन के अवसर पर व्यक्त किए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के मध्यकालीन इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश्वर सिंह ने की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सत्यभूषण सिंह ने बताया कि प्रकाशित कविता-संग्रह प्रतिनिधि कविताएं सत्यव्रत सिंह के सात दशक लंबे साहित्यिक जीवन का परिचय कराती हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अजय त्रिपाठी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष पंकज सिंह, युवा लेखक शेखर श्रीवास्तव कार्यालयाधीक्षक राजवंत सिंह, डॉ.सतीश सिंह, डॉ. राजू निगम, डॉ.धर्मेंद्र त्रिपाठी, धर्मवीर सिंह सहित अनेक शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत जागरूकता कार्यशाला आयोजित

जन एक्सप्रेस/बहराइच। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने तथा आमजन को यातायात नियमों का पालन करने एवं नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 17 से 31 जुलाई 2023 तक मनाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत नानपारा बस स्टैण्ड झिंगहाघाट पर आयुषमान भारत योजना एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में बस, ट्रक वाहन स्वामी, वाहन चालक, परिचालको को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ओम प्रकाश सिंह द्वारा यातायात नियमों के सम्बंध में जानकारी प्रदान करते हुए दुर्घटना से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर नानपारा बस यूनियन के अध्यक्ष मतीउल्ला महामंत्री शहाब जैदी, सड़क सुरक्षा सोसाइटी जयप्रकाश अवस्थी, माधव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी रहे।

जनसमस्याओं के निस्तारण को वरीयता दें लेखपाल

जन एक्सप्रेस। बहराइच

अत्याधुनिक संचार तकनीक के सहारे ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का वीडियो कालिंग के माध्यम से जायज़ा लेने की अभिनव पहल करने वाली जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष से जूम मीटिंग के माध्यम से तहसील सदर क्षेत्र में तैनात लेखपालों से रूबरू हुई। जूम मीटिंग के दौरान डीएम ने लेखपालों को निर्देश दिया कि अपने ग्रामों में धारा 24 के निर्णित वादों में पैमाईश कराने के साथ-साथ अन्य न्यायालयों द्वारा दिये गये निर्णयों का भी अनुपालन सुनिश्चित करायें। लेखपालों को यह भी निर्देश दिया गया कि प्रत्येक ग्रामों के लिए माइक्रों स्तर पर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। प्रत्येक कार्य के लिए प्राथमिकता का निर्धारण कर यह सुनिश्चित करें कि आप जिस ग्राम में हैं वहां के प्रकरणों का निस्तारण हो जाय। डीएम ने लेखपालों को निर्देश दिया कि ग्रामों के आईजीआरएस से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण में विशेष रूचि दिखाते हुए यह सुनश्चित करें कि सभी प्रकरण समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापरक निस्तारित हो जाएं।

विधायक ने किया विद्युत उपकेंद्र में एक करोड़ दस लाख की लागत से नये ट्रांसफार्मर का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

उप केंद्र महाराजगंज कस्बा में 5 एमबीए ट्रांसफार्मर का लोकार्पण विधायक कैलाश नाथ शुक्ला व विद्युत विभाग के अधिकारियों ने पूजा-अर्चना करके किया ने किया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि भीषण गर्मी से जहां विद्युत समस्या उत्पन्न हो रही थी आए दिन विद्युत कटौती ओवरलोड की समस्या बनी हुई थी। जिसको देखते हुए विद्युत विभाग ने विद्युत उप केंद्र महराजगंज तराई में नया 5 एमबीए का एक करोड़ दस लाख के लागत से ट्रांसफार्मर लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को दूर किया है। गर्मी का दंश झेल रहे ग्रामीणों को राहत मिलेगी नया ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र वासियों की विद्युत समस्या खत्म हो गई है। केंद्र व प्रदेश सरकार गांव-गांव बिजली व्यवस्था देकर गांव के लोगों को रोशनी देने का काम किया है। इस ट्रांसफार्मर के लगने से महाराजगंज व शिवपुरा के क्षेत्रवासियों को भरपूर फायदा मिलेगा।

महाराजगंज उपकेंद्र से शिवपुरा क्षेत्र के उपभोक्ता को लाभ मिलेगा

लोड कम करने के लिए शिवपुरा और खैरहानिया के लिए नई लाइन का निर्माण भी कराया गया है।जिससे कोडरी ललिया जोगिया मणिपुर बलदेवनगर आदि क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। उपखंड अधिकारी प्रेमचंद्र ने बताया कि बिजली विभाग के जेई राम सागर ने नए ट्रांसफार्मर के कार्य में मेहनत और लगन से कार्य किया है जितनी प्रशंसा की जाए कम है। नई लाइन का निर्माण कार्य से क्षेत्रवासियों को विद्युत आपूर्ति पर्याप्त मात्रा मिलेगा। इस मौके पर अधिशासी अभियंता कार्य पी.सी राम, विशाल चौरसिया, उपखंड अधिकारी बिरेंद्र यादव लोकेश यादव, जेई रामसागर, डॉक्टर हुकुम सिंह, जगदंबा प्रसाद मिश्र, गणेश प्रसाद सोनी प्रधान, लोकेश सिंह प्रवेश मिश्रा अटल वर्मा प्रसून कौशल धर्मेंद्र गुप्ता इसरार अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पीलीभीत में 20 फीसद गिरा गरीबी का ग्राफ, बदायूं में गरीबी दर अधिक

* नीति आयोग ने जारी किया बहुआयामी गरीबी सूचकांक
* बीते पांच वर्षों में सुधरी स्थिति, बारह बिंदुओं पर हुआ मूल्यांकन

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा

पीलीभीत(पूरनपुर)। देश भर में गरीबी को मात देकर विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं से मिलने वाले फायदों के कारण बहुआयामी गरीबी में पिछले पांच वर्षों में करीब दस प्रतिशत अंक तक गिरावट दर्ज की गई है। संधारणीय विकास लक्ष्य 1.2 को वर्ष 2030 तक प्राप्त करने के उद्देश्य से नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ)- एक प्रगति समीक्षा 2023 जारी की गई है। सोमवार को जारी सूचकांक में देश की गरीबी का हेडकाउंट रेशियो (गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी का अनुपात या अस्तित्व) 24.85 प्रतिशत से गिरकर 14.96 प्रतिशत दर्ज किया गया है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के डाटा को आधार बनाया गया है। सूचकांक में मंडल की स्थिति पर गौर करें तो बहुआयामी गरीबी में बदायूं सबसे पिछड़ा जिला है। बदायूं में 40.37 प्रतिशत लोग बहुआयामी गरीबी की श्रेणी में हैं। बीते वर्ष राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के आधार पर जारी बेसलाइन रिपोर्ट में यह आंकड़ा 57.10 प्रतिशत था। प्रदेश के सर्वाधिक गरीब जिलों में बदायूं चौथे स्थान पर है। बदायूं के बाद शाहजहांपुर में 32.57 प्रतिशत बहुआयामी गरीबी दर्ज की गई है। बरेली में यह आंकड़ा 23.39 प्रतिशत व पीलीभीत में 22.54 प्रतिशत लोग बहुआयामी गरीबी की श्रेणी में पाए गए हैं। पिछले पांच वर्षों में पीलीभीत की बहुआयामी गरीबी का आंकड़ा 43.26 प्रतिशत से गिरकर 22.54 प्रतिशत पहुंचा है। पिछली रिपोर्ट में जनपद का एमपीआइ स्कोर 0.207 था जोकि इस बार 0.098 दर्ज हुआ है। जनपद में गरीबी की तीव्रता (इंटेंसिटी) 43.51 प्रतिशत है। गरीबी की तीव्रता यह देखना संभव बनाती है कि गरीब आबादी का जीवन स्तर गरीबी रेखा से कितना दूर है। पिछली रिपोर्ट में यह आंकड़ा 47.95 प्रतिशत था।

मंडल का बहुआयामी गरीबी आंकड़ा

जनपद	हेडकाउंट रेशियो	इंटेंसिटी	एमपीआई
बदायूं	40.37	46.58	0.188
शाहजहांपुर	32.57	44.84	0.146
बरेली	23.39	45.35	0.106
पीलीभीत	22.54	43.51	0.098

देश में बीते पांच वर्षों में गरीबी का स्तर गिरा है। राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक-2019 के सापेक्ष इस रिपोर्ट में काफी सुधार देखने को मिले हैं। बरेली मंडल में गरीबी का स्तर सुधारने के लिए क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक व सांस्कृतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए विशेष रणनीति बनाई जानी चाहिए। एक समान नीति को पूरे देश में लागू नहीं किया जा सकता। ग्रामीण विकास, कृषक भूमि को उपजाऊ बनाना, सैटेलाइट कस्बों का अधोसंरचनात्मक विकास, रोजगारपरक रणनीति आदि बिंदुओं को ध्यान में रखकर तराई में काम होना चाहिए।
-डा. विकास प्रधान, सदस्य, भारतीय अर्थशास्त्र संघ

इन संकेतकों पर हुआ मूल्यांकन...

बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) में तीन प्रमुख संकेतकों स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रहन-सहन को शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत कुल 12 संकेतकों पोषण, बाल एवं किशोर मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर, स्कूली वर्ष, स्कूल उपस्थिति, खाना पकाने योग्य ईंधन की उपलब्धता, सैनिटेशन, पेयजल, आवास, विद्युत, संपत्ति व बैंक खाता का भारांक शामिल है।

इन पांच जिलों में सबसे कम गरीबी

प्रदेश में बीते पांच वर्षों में गरीबी का हेडकाउंट रेशियो 37.68 प्रतिशत से गिरकर 22.93 प्रतिशत दर्ज किया गया है। सबसे कम गरीबी वाले जनपदों में गाजियाबाद (6.93 प्रतिशत), लखनऊ (8.48 प्रतिशत), कानपुर नगर (9.11 प्रतिशत), गौतमबुद्ध नगर (12.16 प्रतिशत) व हापुड़ (12.6 प्रतिशत) का नाम सामने आया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, घर के अंदर फंदे से लटका मिला शव

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। पति व पुत्र की गैरमौजूदगी में घर पर मौजूद महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव घर के अंदर कुंडे पर फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी के बाद घर पहुंचे महिला के पति ने रिश्तेदार पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव धुरिया पुलिया निवासी मुख्तियार सिंह सोमवार अपने पुत्र गुरमीत सिंह के साथ किसी काम को लेकर बाहर गए हुए थे।घर में उनकी पत्नी राजवीर कौर (40) मौजूद थी। सोमवार की रात्रि में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।मंगलवार सुबह आस-पड़ोस के लोगों ने घर के अंदर देखा तो महिला का शव घर के अंदर कुंडे में फंदे से लटका हुआ था। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पति मुख्तियार सिंह को दी। घटना की जानकारी के बाद पति व पुत्र घर पहुंचे।पति का आरोप है कि उसके एक रिश्तेदार ने पत्नी की हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

* बहन के घर से देर रात घर लौट रहा था बाइक सवार युवक
* पुलिस ने पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। देर रात घर लौट रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर से घायल बाइक सवार को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भेजा गया। चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवपुरिया निवासी राजकुमार (35) पुत्र गोकुल सोमवार बंडा थाना क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर में अपनी बहन के घर गया हुआ था। देर रात बाइक से घर आते समय बलरामपुर चौकी क्षेत्र के पूरनपुर बंडा हाईवे पर गांव गुलडिया भूपसिंह के पास जमुनिया तिराहे के पास सामने से आ रहे अज्ञात कार सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। रात होने के कारण घायल युवक आधे घंटे से अधिक समय तक हाईवे पर पड़ा दर्द से कराहता रहा। राहगीरों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल बाइक सवार को पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने घायल बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया।

> अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तरफ से तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।
> अवधेश तिवारी
> चौकी प्रभारी बलरामपुर

06 नवनियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दिए गए नियुक्ति पत्र

* नव नियुक्ति महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को शासन स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार पीलीभीत में जनपद के लिये चयनित 06 नव नियुक्ति महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए0एन0एम0) को नियुक्ति पत्र वितरण हेतु एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम लोक भवन, लखनऊ से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के कर-कमलों द्वारा नव चयनित स्वास्थ्य कार्यकर्ता को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विगत 6 वर्षो के दौरान प्रदेश में स्वास्थ्य से सम्बन्धित किये गये विकास कार्यो के विषय में बताया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री/ स्वास्थ्य मंत्री ब्रिजेश पाठक द्वारा प्रदेश की बेहतर स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी दी गयी। तत्वप्रांत मुख्यमंत्री एंव उपमुख्यमंत्री द्वारा नवनियुक्ति ए0एन0एम0 को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। जनपद में चयनित 06 नवनियुक्ति ए0एन0एम0 को नियुक्ति पत्र का वितरण ब्लाक प्रमुख ललौरीखेडा अजय सिंह गंगवार के द्वारा किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते हुये उनको स्थायी नियुक्ति पर बधाई दी गयी। जनपद में नियुक्त नव चयनित 06 ए0एन0एम0 मे से अमरिया में 1, बरखेडा में 1, पूरनपुर में 3 तथा न्यूरिया में 1 ए0एन0एम0 का चयन हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, उपसभापति कोआपरेटिव सहकारी बैंक पूरनलाल गंगवार, प्रधान शाही यशपाल गंगवार के साथ साथ नितिन गंगवार, अमित शर्मा, मो0 जुबैर, मो0 अवसार अहमद, आदि विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी नव चयनित ए0एन0एम0 को उनके पदीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से निर्वाहन करने के हेतु प्रेरित किया एवं सभी उपस्थित माननीय एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

ललौरीखेड़ा में टिफिन कार्यक्रम के तहत हुए सहभोज

* भाजपा के महाजनसम्पर्क अभियान में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल
* राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने 9 साल पूरे होने पर बताई उपलब्धियां

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

पीलीभीत। भाजपा के महाजनसम्पर्क अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज मंगलवार को ललौरीखेड़ा ब्लाक सभागार में ''टिफिन'' सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार के 9 वर्ष शानदार एवं सफलता पूर्वक जनहित में किये गये कार्यो की विस्तार से जानकारी दी और वर्ष 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव में पुनः श्री मोदी को प्रधानमंत्री बनाये जाने के लिए जीजान से जुट जाने की अपील की। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने बड़ी संख्या में आये क्षेत्र के लोगो को सम्बोन्धित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने न सिर्फ देश की जनता के लिए अहम कार्य किये है बल्कि विदेशों में भी भारत की साख को मजबूत किया है। उन्होनें गांव गरीब और किसानों के हित में किये गये कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा की भाजपा सरकार में सभी वर्गो के कल्याण के लिए कार्य किये है, चाहे वह उज्जवला गैस कनैक्सन वितरित किया जाना हो, गरीबों प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत आवास आंवटन का हो या किसानों की आय दोगुनी करने का हो यह सब ऐसी योजनाऐं है जिनका सीधा लाभ आम जनता तक पहुँचाया है भविष्य में भी ऐसी योजना का क्रियान्वयन किये जाने की मंशा भाजपा सरकार की बनी हुई है। ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने इस मौके पर भाजपा सरकार की उपलब्धियाँ बताते हुए उनके कार्यक्रमों और योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने की अपील की। ब्लाक प्रमुख श्री गंगवार के सौजन्य से टिफिन कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। उन्होनें मिस्डकाल के जरियें बड़ी संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी वही जनसम्पर्क कर लोगो को भाजपा से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बी0डी0सी0, स्वयं सहायता समूहों की महिलाऐं एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहें। टिफिन कार्यक्र में खास बात यह रही की सभी लोग अपने अपने घरो से टिफिन लेकर आये और सहभोज किया। कार्यक्र में सहकारी बैंक उपाध्यक्ष पूरनलाल गंगवार, प्रधान संघ के अध्यक्ष शरद गंगवार, यशपाल, विजय गंगवार, भगवान दास पाल, होरी लाल गंगवार, ग्राम प्रधान फूलावती, हेमलता प्रधान, मायादेवी प्रधान, हरदेई प्रधान, चौधरी दिग्विजय सिंह सहित बड़ी संख्या क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं गणमान्य नागरिकों ने टिफिन कार्यक्र में भाग लिया।

जागरूकता अभियान में भूजल संरक्षण के महत्व एवं उपाय बताए

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

'यह संकल्प निभाना है-हर एक बूंद बचाना है' अभियान चलाया जा रहा है। जनपद के विभिन्न स्थानों पर भूजल सप्ताह के क्रम में मंगलवार को आंगनबाड़ी केन्द्र खुल्दाबाद, ग्राम पंचायत दौलतपुर विकास खण्ड-बहरिया, आईटीआई नैनी, आंगनबाड़ी केन्द्र भावापुर, विकास खण्ड बहादुरपुर एवं पूर्व माध्यामिक विद्यालय पुराना कटरा में वाद-विवाद, चित्रकला, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता के जरिए लोगों को जागरूक किया गया। जल संरक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को घरेलू कार्यो को करते समय जल की बचत करने में उनकी भूमिका से भी अवगत कराया गया। छोटी-छोटी टोली में घर-घर जाकर जल संरक्षण एवं संचयन से सम्बन्धित जानकारी दी गयी। अन्य जगहों पर भी भूजल संरक्षण को लेकर गोष्ठी की गई। इस दौरान पंपलेट इत्यादि का वितरण किया गया। भूगर्भ जल विभाग की तरफ से शहरी क्षेत्र में जल स्तर में अत्यधिक गिरावट से भविष्य में होने वाली समस्या के बारे में अवगत कराया गया। उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के महत्व एवं उपायों के बारे में अवगत कराया गया। चन्द्रशेखर आजाद पार्क से विकास भवन तक प्रभात फेरी 19 जुलाई को सुबह नौ बजे निकाली जाएगी।

'विपक्षी दलों की एकजुटता से देशवासियों को बड़ी उम्मीद'

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

वर्ष 2024 में केंद्र से एनडीए को बाहर का रास्ता दिखाने के लिए विपक्षी दलों की एकजुटता से देशवासियों को काफ़ी उम्मीद बढ़ी है। बीते सोमवार को बंगलुरु में 26 दलों के नेताओं की एकजुटता और सामंजस्य बनाकर चुनाव लड़ने पर हुई चर्चा ने सत्ताधारी दलों की नीद उड़ा दी है। यह बातें समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव ने पार्टी कार्यालय मे हुई बैठक में कार्यकर्ताओं से कहीं। उन्होंने पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं से लगातार बूथ स्तर पर काम करने, लोंगो से संवाद बनाये रखने तथा आम आदमी की समस्याओ को लेकर संघर्ष को तेज करने की अपील भी की। पूर्व मंत्री लल्लन राय ने कहा कि एनडीए ने चुनाव के समय देशवासियों से जो वादे किये, उस पर खरी नहीं उतरी। उन्होंने कहा कि आम आदमी अपने को ठगा महसूस कर रहा है। महंगाई, बेरोजगारी पर कोई अंकुश नहीं है। पूँजीपतियों की पूंजी बढ़ रही है और आम आदमी के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा है। बैठक में फूलपुर क्षेत्र से ज़िला पंचायत सदस्य और पूर्व मे प्रसपा के जिलाध्यक्ष रहे दीनानाथ यादव को समाजवादी पार्टी का ज़िला उपाध्यक्ष बनाये जाने, पूर्व प्रधान मो कौसर एवं कृष्ण राज यादव को ज़िला सचिव मनोनीत किये जाने पर उनका स्वागत भी किया गया। बैठक मे प्रमुख रूप से धर्मराज सिंह, रामसुमेर पाल, दान बहादुर मधुर, आरएन यादव, विक्रम यादव, नाटे चौधरी, संदीप बिन्द विजय बहादुर, अशर्फी लाल, हरिकेश, वेद प्रकाश, आर्यन, मुलायम, दीपक, रूप नाथ यादव एडवोकेट, अमित यादव, सचिन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

नगर निगम की सम्पूर्ण समाधान सुनवाई दिवस: कुल 41 शिकायतें, मौके पर निदान किसी का नहीं

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

नगर निगम के सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 41 शिकायतें आईं। खास बात यह कि इनमें एक भी समस्या का निदान मौके पर नहीं किया जा सका। अपर नगर आयुक्त रत्न प्रिया ने संबंधित अधिकारियों को जन शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से समाधान करने का निर्देश दिया। साफ तौर पर कहा गया कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्वक तरीके से निदान किया जाए। जन सुनवाई बैठक के दौरान जलकल महाप्रबंधक कुमार गौरव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी मुख्य अभियंता सतीश कुमार जोनल अधिकारी अमरजीत यादव संजय ममगई मदन गोपाल अमरजीत यादव दिलीप श्रीवास्तव आरपी श्रीवास्तव नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अभिषेक सिंह पशुधन अधिकारी डॉ विजय अमृतराज पर्यावरण अभियंता उत्तम वर्मा अधिशासी अभियंता विद्युत राधे कृष्ण लाल लेखा अधिकारी अक्षय कुमार आदि उपस्थित रहे। अपर नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, रत्न प्रिया द्वारा दिनांक 18 जुलाई 2023 को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनसीओआरडी की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एन.सी.ओ.आर.डी. की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में नारकोटिक्स पदार्थ की तस्करी पर रोक के लिये सूचना तंत्र को मजबूत करने तथा नारकोटिक्स पदार्थ का काम करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। सभी विभागों को आपस में सामन्जस्य बनाकर नारकोटिक्स पदार्थो पर रोक लगाने के निर्देश दिये गये। बैठक में ड्रग्स के सेवन करने वालों के पुर्नवास के लिये भी प्रयास हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप कमाण्डेंट, एस0एस0बी0, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला मद्यनिषेध अधिकारी, सहायक आयुक्त खाद्य, डिप्टी कमिश्नर राज्यकर, जिला समाज कल्याण अधिकारी, औषधि निरीक्षक, उप जिलाधिकारी पूरनपुर/कलीनगर व आई0बी0 की तरफ ए0सी0आई0ओ0 उपस्थित रहे।

बनवास बैराज से शारदा नदी में छोड़ा गया 1.37 लाख क्यूसेक पानी, जलस्तर बढ़ा

* अधीक्षण अभियंता ने कटान क्षेत्र पर पहुंचकर किया मौका मुआयना
* शारदा का जलस्तर बढ़ने से थम गया भूमि का कटान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

हजारा(पूरनपुर)। शारदा नदी में मंगलवार को लगभग 1 लाख 37 हजार क्यूसेक पानी बनबसा बैराज से छोड़े जाने पर शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। शारदा का जलस्तर बढ़ जाने से कटान फिलहाल थम गया है।बाढ़ खंड की ओर से बंबू कैरेट लगाने का काम किया जा रहा है। मंगलवार को अधीक्षण अभियंता ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य को देख आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से शारदा नदी में बनबसा बैराज से लगभग डेढ़ लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शारदा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है।जिस कारण राणा प्रताप नगर व नहरोसा के मध्य जिस स्थान पर जिओ ट्यूब शारदा में समा गए थे वहां फिलहाल अब भूमि कटान थम गया है। जहां-जहां जिओ ट्यूब कट गया था वहां बंबू कैरेट और रेत की बोरियां भरकर लगाने का काम जारी है।इधर मंगलवार को लखीमपुर खीरी से बाढ़ खंड के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह ने राणा प्रताप नगर व नहरोसा के मध्य बचाव कार्य स्थल पर पहुंचकर सभी प्वाइंटों को बारीकी से देखते हुए एवं जाल की मजबूती स्वयं चेक किया। कर्मचारियों को मजदूर बढ़ा कर गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराने का निर्देश दिया है।उधर पहाड़ों पर हो रही अत्यधिक वर्षा के कारण बनबसा बैराज से शारदा नदी में मंगलवार को लगभग डेढ़ लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिससे कटान भी थम गया है।मंडलीय कार्यालय बाढ़ खंड लखीमपुर खीरी से आये अधीक्षण अभियंता (एसी)धर्मेंद्र सिंह बाढ़ खंड, पीलीभीत अधिशासी अभियंता शैलेश कुमार, अभियंता दिलीप वर्मा,अजय कुमार नवागत एसडीओ मौके पर मौजूद रहे।

परकोपाइन में झाड़ झंखाड ना देख अधीक्षण अभियंता हुए नाराज

राणाप्रताप नगर व नहरो सा के मध्य परियोजना से पहले के लगे परकोपाइन में झाड़ियां ना देखकर अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह मौके पर मौजूद अभियंताओं से पूछा तो कोई समुचित जवाब नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए झाड़ी भरवाने का निर्देश दिया है।

जीओ यूट्यूब के ऊपर पशुओं को देख अधीक्षण अभियंता ने चरवाहों को लगाई फटकार

मंगलवार को शारदा नदी पर पहुंचे अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह परियोजना के तहत लगाए गए जिओ ट्यूब पर पशुओं को चढ़ते देख मौके पर मौजूद चरवाहों को कड़ी फटकार लगाते हुए दोबारा पशु नदी के अंदर व जीओ यूट्यूब के ऊपर से निकालने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई कराने की चेतावनी दी है।यहां बता दें कि पशु निकलने के कारण पशुओं के पैरों से जिओ ट्यूब कई जगह से फट गया है, तो वही नदी के किनारे बनाए गए डौला की मिट्टी भी पशुओं की खीर से कटकर बह जा रही है।

महंत नरेंद्र गिरी के गनर पर मुकदमा दर्ज

* आय से अधिक संपत्ति मामले की चल रही थी जांच

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी के गनर रहे दीवान अजय कुमार भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं। जांच पड़ताल में मामला सही पाए जाने पर पुलिस ने इन पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस विभाग के दीवान अजय कुमार इन दिनों कौशांबी जिले में तैनात हैं। जेल में बंद चल रहे महंत आनंद गिरी ने इस मामले की शिकायत किया था। शिकायत को गंभीरता से लेने के बाद मामले की जांच भ्रष्टाचार निवारण संगठन को सौंपी गई थी। आय से अधिक संपत्ति मामले में चल रही जांच में प्रथम दृष्टया अजय कुमार को दोषी पाया गया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के इंस्पेक्टर ने कर्नलगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। कर्नलगंज इंस्पेक्टर ने पुष्टि की है।बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बिल्हौर सीडीपीओ स्थाई कार्यालय बिल्डिंग गिराऊ, कर्मचारी दहशत में

महिला कर्मचारी शटर खोलते और बंद करते भगवान का नाम लेते

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील के ब्लॉक परिसर में नलकूप विभाग की अस्थाई निस प्रयोग बिल्डिंग में काफी समय से बाल विकास पुष्टाहार का कार्यालय बनात हुआ था जिसमें पीछे गोदाम है टीन शेड के अंदर आगे एक कमरा नुमा है जिसको कार्यालय के रूप में प्रयोग किया जा रहा था इसलिए इन दिनों मूसलाधार बारिश के चलते कर्मचारियों की हिम्मत उस कार्यालय में बैठने को जवाब दे गई जिसके चलते सीडीपीओ सहित सभी सुपरवाइजर ने थोड़ी दूरी पर एक मकान में अस्थाई कार्यालय संचालित कर रहे हैं वहीं पर महिला कर्मचारी श्यामकली बताती है कि प्रतिदिन भगवान का नाम लेकर शटर खोलती हूं और बंद करती हू ऐसा लगता है कि कहीं ऊपर छज्जा ना गिर जाए छज्जा हिलता है और कभी

भी गिर सकता है । आदेश का पालन करना है वहीं पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रविंद्र भी मंगलवार को मौजूद मिले उन्होंने भी यही आपबीती बताई और बताया 1996 से बिल्हौर में कार्यरत हैं सबसे पहले तहसील के सामने गोविंद सेठ की बिल्डिंग में ऊपर कार्यालय था जहां पर सीडीपीओ नीलम से विवाद के चलते मकान मालिक ने खाली करवा लिया था इसके बाद ब्लॉक में हाल में बैठते रहे इसके बाद खंड विकास अधिकारी बिल्हौर ने यह खाली पड़ी बिल्डिंग में बैठने को कहा था जबकि यह नलकूप विभाग का कार्यालय कभी रहा था यहां पर 12 सालों से कार्यालय चल रहा है जिसका पिछले दिनों एडीएम फाइनेंस ने निरीक्षण भी किया था और अधिकारों को जरूरी निर्देश दिए लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ और अभी तक कोई बिल्डिंग नहीं बन सकी है । सीडीपीओ रुचि वर्मा ने बताया पैसा बिल्डिंग के आ चुका है ठेकेदार परिसर में बनाने के लिए खंड विकास अधिकारी से मिलने के बाद नाप भी कर गए इसके बाद में अधिकारियों ने मना कर दिया आखिरकार हम महिलाएं कहां पर अपना कार्यालय बनाएं और कहां पर सुरक्षित बैठे कोई भी बड़ी घटना घट सकती है इस ओर कोई भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

आवारा गोवंश से भयभीत महिलाएं नहीं निकलतीं पूजा के लिए

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते महिलाएं पूजा करने के लिए जब थाल लेकर घर से निकलती हैं तो गौवंश से मुकाबला हो जाता है पूजा की थाल में पुष्प देखकर वह जब झपड्डा मार देती हैं देश में महिलाएं गिर जाती है और चोटिल हो जाती हैं जिसकी आवाज सभासद अशोक चंद्र तिवारी ने उठाई लेकिन नगर पालिका अधिकारियों ने एक भी ना सुनी उनके द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र रद्दी की टोकरी में डाल दिया वार्ड में घूम रहे आवारा मवेशियों से निजात दिलाने के लिए संबंध में सभासद ने अधिशासी अधिकारी को दिया प्रार्थना पत्र दिया था अभी तक कोई अमल नहीं लाया क्या है बड़ी समस्या महिलाओं के लिए उत्पन्न हो गई है बच्चे और महिलाएं मे भय बना हुआ है जिसके कारण वह सड़क पर नहीं निकल सकते हैं ना खेल सकते हैं और महिलाएं पूजा को थाली सजा कर जाती हैं तो उन पर फूल देखकर थाली में झपट्टा मारने की कोशिश

करते हैं जैसे गिर कर कई महिलाएं चोटिल भी हो चुके हैं इससे लोग घरों से पूजा करने के लिए नहीं निकल पा रही है सभासद ने बताया कि मौखिक रूप उससे भी पहले भी सूचना दे चुके हैं लेकिन अधिकारी प्रार्थना पत्र देने के बाद भी नहीं सुन रहे हैं हर वार्ड का हाल है। बिल्हौर नगरपालिका की जीटी रोड उस पार रामलीला मैदान में यज्ञशाला के समीप पूरे मोहल्ले का कूड़ा इकट्ठा किया जाता है और वह दूसरे दिन उठाया जाता है जिसके चलते वहां पर बदबू की भरमार है उसी कूड़ा की ढेर के आसपास चाट पकौड़ा के दर्जनों ठेला लगे हुए हैं और फल विक्रेता लगाते हैं शाम को करीब सैकड़ों महिलाएं और बच्चे चाट खाने के लिए आते बदबू के चलते अब चाट के ठेले पर कम ही बच्चे और महिलाएं चाट खाने के लिए आते हैं जिससे दुकानदारों का भारी नुकसान हो रहा है दुकानदारों ने बताया सफाई के नाम पर केवल खानापूरी हो रही है कोई नगरपालिका में सुनने को तैयार नहीं है। जब तक कूड़ा जमा रहता है तब आवारा गोवंश उसको फैलाया करते हैं जिससे मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं। 1 दिन पहले नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गेट पर ही फोटो खींचाते नजर आए और ठेलिया वालों को सफाई का प्रमाण पत्र देते रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

पीस कमेटी संग सीओ सिटी और सिटी मजिस्ट्रेट ने की बैठक

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। डीएम एसपी के निर्देश पर मंगलवार शाम सिटी मजिस्ट्रेट अरूणमणि तिवारी और सीओ सिटी आशुतोष कुमार गंगाघाट कोतवाली में आयोजित पीस कमेट में पहुंचे। जहां उन्होंने पीस कमेटी में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि मोहर्रम में इस बार पैकी जुलूस नहीं निकाला जायेगा। इसके लिये उन्होंने मौजूद धर्म गुरूओं से अपील भी की। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि कोई अफवाह फैलाता है तो इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन से की जाये। अफवाह फैलाने वाले पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

तहसील बार एसोसिएशन ने एसडीएम कोर्ट के बहिष्कार को बताया असंवैधानिक

जन एक्सप्रेस/गंजमुरादाबाद, उन्नाव। बांगरमऊ तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामभरोसे व मंत्री छोटेलाल गौतम ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गैर पंजीकृत अधिवक्ता एसोसिएशन की ओर से एसडीएम राजस्व कोर्ट का बहिष्कार असंवैधानिक है। अधिवक्ता एसोसिएशन बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद से संबद्ध नहीं है। स्थानीय पंजीकृत बार एसोसिएशन इस बहिष्कार का समर्थन नहीं करता है।

अनियंत्रित बाइक गिरी, दो युवक घायल

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के मियांगंज चकलवंशी मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने उनकी हालत गंभीर बता कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया हलांकि परिजन उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ ले गए हैं। आसीवन के खानपुर सुरौली गांव निवासी अरुन (20) पुत्र राम प्यारे अपने साथी राहुल (21) पुत्र बाबादीन के साथ बाइक से किसी काम के लिए कस्बा रसूलाबाद गये थे। वहां से वापस लौटते समय उनकी बाइक मियांगंज के निकट अनियंत्रित होकर गिर गयी। जिससे दोनों गंभीर घायल हो गये। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मियांगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उनकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हलांकि परिजन उन्हें बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर ले गए हैं।

ससुराल से लौट रहा बाइक सवार सड़क हादसे में घायल

जन एक्सप्रेस/गंजमुरादाबाद, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के ग्राम राजेपुर ग्रंट निवासी छोटेलाल का पुत्र सोनू (22) मंगलवार को बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के जगटापुर गांव में अपनी ससुराल आया था। शाम के समय सोनू बाइक से वापस अपने गांव जा रहा था। लखनऊ मार्ग पर उसकी तेज रफ्तार बाइक सड़क के गड्ढे में जाने से अनियंत्रित होकर पलट गयी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने गंभीर रूप से घायल सोनू को सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया। जहां उसकी हालत नाजुक देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

युवती व बुजुर्ग को जहरीले कीड़े ने काटा, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस/गंजमुरादाबाद, उन्नाव। क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में एक युवती और एक वृद्ध को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन दोनों को बांगरमऊ सीएचसी ले गए। जहां उनकी हालत गंभीर बता कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम तेरवा जहांगीराबाद निवासी राघवेंद्र की पत्नी संध्या (30) सोमवार देर शाम छत पर बिस्तर बिछाने गई थी। तभी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। दूसरी घटना में कोतवाली बांगरमऊ के ग्राम गोपालगंज निवासी बैजनाथ (60) को मंगलवार सुबह किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों के परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे जहां डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

छत से गिरकर मासूम घायल

जन एक्सप्रेस/गंजमुरादाबाद, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के बंदी खेड़ा गांव निवासी दिनेश की दो वर्षीय पुत्री छोटी बीती शाम खेलते समय पैर फिसलने से छत से नीचे आ गिरी। गंभीर रूप से घायल बच्ची परिजन बांगरमऊ सीएचसी लाए जहां डॉक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

धान की बेड़ लगाने गयी महिला नहर में डूबी, मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में धान की बेड़ लगाने आयी महिला की बीती शाम नहर में डूबने से मौत हो गयी। सुबह उसका शव नहर में उतराता मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। शव मिलने की जानकारी के बाद पहुंची मौरावां पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिहार थाना क्षेत्र के दौलतखेड़ा गांव निवासी कंचन (30) पत्नी राम गुलाम सोमवार को मौरावां थाना क्षेत्र के घिनाखेड़ा में धान की बेड़ लगाने में मजदूरी करने गयी थी। वहां काम समाप्त करने के बाद नहर में नहाते समय वह डूब गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। सुबह ग्रामीणों ने जब महिला का शव नहर में उतराता देखा तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकलवाने के बाद उसकी शिनाख्त कराई। जिसके बाद पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका के तीन बच्चे गुलशन, रूपा और शनि है।

सभासद ने सौंपा अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र

जन एक्सप्रेस/पुरवा उन्नाव। नगर पंचायत के मोहल्ला चंडीगढ़ी की समस्या को देखते हुए सभासद मिथलेश कुमार ने अधिशासी अधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र। दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि नगर के वार्ड नम्बर पांच चंडीगढ़ी में सामुदायिक शौचालय बना है। जिसमें पानी के लिए टंकी व समरसेबल मशीन लगी थी। जो आज की स्थिति में लगभग 3 माह से बिगड़ी पड़ी है। जिससे पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। मोहल्ले के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जिला लेखपाल संघ की बैठक में बनी रणनीति

जन एक्सप्रेस/पुरवा। मंगलवार को तहसील सभागार में जिला लेखपाल संघ की बैठक आयोजित की गई।बैठक में पहुंचे लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीण पटेल व जिला मंत्री ब्रजेश ने तहसील के लेखपालों से कार्यों में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की। जहां लेखपालों ने बताया कि कई माह का आय ,जाति ,निवास ,किसान सम्मान निधि, मेडिकल आदि का पैसा नहीं मिल रहा है। रियल टाईम खतौनी के कार्य में पूरा दिन आपरेटर के पास बैठकर फीडिंग करानी पड़ रही है। जिससे अन्य कार्य प्रभावित हो रहे है।जिसपर अध्यक्ष प्रवीण पटेल ने कहा कि जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर लेखपालों की समस्याओं के निदान के लिए वार्ता की जाएगी। बैठक में मर्दन सिंह ,दिनेश पटेल, प्रशांत, अरुण सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

ब्लॉक सभागार में जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस/पुरवा। लघु सिंचाई विभाग द्वारा मनाए जा रहे भूगर्भ सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को ब्लाक सभागार में जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे बीडीओ संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र में 50 प्राथमिक विद्यालयों, 65 तालाबों में जल सरंक्षण कराया गया है। वहीं लघु सिंचाई विभाग के जेई एमआई सूर्यनाथ ने बताया कि ब्लाक ,कोतवाली, सीएचसी, राजकीय बालिका इंटर कालेज आदि में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगने के लिए शासन से स्वीकृति मिल चुकी है।चयनित स्थानों पर कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान नोडल पशु चिकित्सा अधिकारी प्रमोद सचान ,क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनुराग त्रिपाठी ,एडीओ रवींद्र प्रसाद, केके शर्मा,सुनील आदि लोग मौजूद रहे।

फाल्ट होने के कारण घंटों बिजली रही गायब

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। शक्ति नगर फीडर को जाने वाली भूमिगत हाईटेंशन लाइन में सुबह करीब चार बजे फाल्ट हो गया। जिस कारण शक्ति नगर के अलावा पोनी रोड के कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने से लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। बिजली न आने से क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को सूचना दी। जिसके बाद एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद, जेई विष्णु शुक्ला के नेतृत्व में बिजली कर्मी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, पिंटू, अमित, रोहित आदि ने फाल्ट खोजने के लिए पेट्रोलिंग शुरू की। जहां बिजली कर्मियों ने मरहला चौराहे के पास फाल्ट मिला। जिसके बाद फाल्ट की मरम्मत की गई। शाम करीब चार बजे के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। आपूर्ति चालू होने के बाद क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली।

पति समेत छह ससुरालीजनों पर मुकदमा हुआ दर्ज

* बीती देर शाम नवविवाहिता का फंदे से लटका मिला था शव
* नायब तहसीलदार की मौजूदगी में हुई पंचायतनामा की कार्रवाई

मृतका का फाइल फोटो व पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मायके पक्ष के लोगों की भीड़।

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

माखी थाना क्षेत्र बीती देर शाम संदिग्ध हालातों में फंदे से लटके मिले नव विवाहिता के शव के मामले में नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, ससुर, देवर व ननद समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व दहेज हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पति और ससुर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया हैं सदर कोतवाली क्षेत्र के बलवंतखेड़ा गांव निवासी जगदीश ने अपनी बेटी सीमा (26) की शादी बीती 9 फरवरी को माखी थाना क्षेत्र के मझखोरिया के मजरा ढोहा गांव निवासी ललित पुत्र करन लोधी के साथ की थी। बकौल जगदीश सोमवार की शाम पड़ोस के गांव कैथनखेड़ा निवासी उसके बेटे अमिताभ के ससुर लालाराम ने उसे फोन कर सीमा का शव उसके घर में फंदे से लटका होने की सूचना दी। बेटी की ससुराल पहुंचने पर ससुराल वाले उसके शव को फंदे से उतार चुके थे। पिता ने माखी पुलिस को सूचना देते हुए बेटी की हत्या कर शव फंदे से लटकाए जाने की बात कही। नव विवाहिता की संदिग्ध मौत और परिजनों के आरोप को ध्यान में रखते हुए मजिस्ट्रेट को सूचना दी गयी। जिस नायब तहसीलदार सचिन्द्र कुमार शुक्ला ने ढोहा गांव पहुंच कर बाद पंचायतनामा शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति ललित, ससुर करन, सास, देवर व ननद समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में ससुरालीजनों का कहना है कि सुबह पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। जिसके बाद पूरा परिवार धान की बेड़ लगाने खेत चला गया। देर शाम घर पहुंचने पर सीमा का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। एसओ माखी थाना बीर बहादुर सिंह ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

दो डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम, हैंगिंग से हुई मौत की पुष्टि

मंगलवार को हसनगंज सीएचसी के डॉ. पंकज वर्मा व न्यू पीएचसी दबौली फतेहपुर चौरासी के डॉ. शिव प्रताप सिंह के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है।

पोस्टमार्टम हाउस में रही मायके वालों की भीड, ससुराल पक्ष रहा नदारत

मृतका का मायका सदर क्षेत्र का होने के कारण पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों व ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गयी। जबकि ससुराल पक्ष वहां से नदारत रहा। किसी प्रकार का हंगामा न हो पाए इसे ध्यान में रखते हुए माखी थाने में तैनात दारोगा वीरेंद्र यादव सिपाहियों के साथ मौजूद रहे। सदर कोतवाली पुलिस भी हालातों पर निगाह बनाए रही।

बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ने नेतुआ प्राथमिक स्कूल का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव

बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी मंगलवार को नेतुआ प्राथमिक स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने स्कूल का निरीक्षण किया। जहां स्कूल में गंदगी मिली। जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। जिसके बाद कक्ष में पहुंचे। जहां बच्चों से सवाल जबाव किये। अधिकांश बच्चों ने गलत जबाव दिये। जिस पर उनका पारा हाई हो गया और शिक्षिका को फटकार लगाई। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता पर सुधार लाने को कहा। जिसके बाद उन्होंने मीड डे मील की भी गुणवत्ता देखी। वहीं बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने प्रधान शिक्षिका से से उर्दू की किताब को लेकर भी पूछताछ की।

जिला सहकारी बैंक की प्रबंध कमेटी की बैठक सम्पन्न

कमेटियों के गठन के साथ ही गोद ली गयी समितियां

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

जिला सहकारी बैंक लिमिटेड की प्रबंध कमेटी की बैठक मंगलवार बैंक सभागार में आयोजित हुई। बैंक के सचिव व मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष और संचालकों को पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

बैठक में सर्वप्रथम पूर्व प्रबंध समिति की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। प्रबंध समिति ने जिले की विभिन्न समितियों को संचालक ने गोद दिया। जिसमें अध्यक्ष ने समिति बगेहरी को गोद लिया। यह बैठक जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरूण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैंक के सचिव महाप्रबंधक संजय पांडेय ने बैंक हित के विभिन्न प्रस्ताव रखे जिस को संचालक मंडल ने सर्व सम्मति से पारित किया। अध्यक्ष अरूण सिंह

अध्यक्ष अरूण सिंह को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते सचिव।

विभिन्न सहकारी समितियों को गोद लेने का प्रस्ताव संचालक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जिसे स्वीकार करते हुए प्रत्येक संचालक ने एक एक समिति स्वेच्छा से गोद लिया। बैंक प्रबंध समिति ने प्रशासनिक कमेटी, ऋण सीमा कमेटी, गबन धोखाधड़ी कमेटी, एल्को कमेटी, भवन कमेटी, ऑडिट कमेटी, रिस्क मैनेजमेंट कमेटी, बैंक कार्यकारिणी कमेटी, स्टैंडिंग कमेटी, आईटी ऑडिट कमेटी, आईटी सब कमेटी, आईटी रिपेयरिंग कमेटी आदि का गठन भी किया गया। इसके अलावा बैंक प्रबंध समिति ऋण वितरण वसूली निक्षेप संग्रह की समीक्षा की और बैंक के स्पेशल ऑडिट एसएलआर का अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए। वित्तीय वर्ष 2023 हेतु 200 एफएलपी एवं नुक्कड़ नाटक नाबार्ड के माध्यम से कराए जाने का भी निर्णय लिया है। पैक्स कंप्यूटराइजेशन योजना के अंतर्गत 40 पैक्स के कंप्यूटराइजेशन कराने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में सहकारिता टिफिन बैठक का आयोजन भी किया गया। बैठक के उपरांत संचालकों ने मुख्यालय परिसर में पौधा रोपण कर अभियान की शुरुवात की। संचालक मंडल के उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद वर्मा, सदस्य अमरेश दीक्षित, योगेन्द्र तिवारी, रामबोध शुक्ल, साधना गुप्ता, शारदा देवी, रंजना देवी, शिव मोहन, उदय प्रताप सिंह, निर्मल आदि उपस्थित रहे।

मरहला और नेतुआ गांव के सामने तक लगा भीषण जाम

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। मंगलवार दोपहर करीब बारह बजे बैराज मार्ग स्थित सरैयां क्रासिंग के पास ओवरब्रिज का कार्य होने के कारण वाहन और निर्माण सामग्री सड़क के किनारे डंप होने से जाम लगना शुरू हो गया। इधर नेतुआ से सरैयां क्रासिंग तक का मार्ग संकरा होने के कारण एक बार में एक ही वाहन निकल सके। जिससे एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक भीषण जाम लग गया। जाम को देख मौजूद पीआडी के जवान मशक्कत करते रहे।

वाहन चालकों को पढ़ाया गया सड़क सुरक्षा का पाठ

नियमों का पालन करने की दिलाई गयी शपथ

जानकारी देते एआरटीओ प्रशासन व प्रवर्तन।

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को एआरटीओ कार्यालय में वाहनों व यूनियन पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गयी। जिसमें उन्हें यातायात नियमों प्रति जागरूक करते हुए नियमों के पालन की शपथ दिलाई गयी। साथी सड़क हादसों के मृतक आश्रितों को आयुष्मान भारत योजना के मिलने वाली आर्थिक सहायता की भी जानकारी दी गयी।

बता दें कि संभागीय परिवहन विभाग 17 से 31 जुलाई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मना रहा है। मंगलवार पखवाड़ा के दूसरे दिन एआरटीओ कार्यालय में सभी ट्रक, ऑटो, ई-रिक्शा, टैक्सी चालकों के अलावा यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गयी। जिसमें एआरटीओ प्रशासन व प्रवर्तन ने सभी को यातायात नियमों की जानकारी विस्तार से देते हुए दुर्घटनाओं का ग्राफ कम करने के लिए यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इसके अलावा चालकों को दुर्घटनाओं का शिकार होने मृतक आश्रितों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाले 5 लाख तक के बीमा के बारें में पूरी जानकारी दी गयी।

इस दौरान एआरटीओ प्रशासन आदित्य त्रिपाठी, एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम अरविंद कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय प्रतिभा गौतम के अलावा बड़ी संख्या में वाहन चालक व यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सड़क पार कर रहे युवक को लोडर ने रौंदा, मौत

जन एक्सप्रेस नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली के पक्षीविहार के पा सड़क पार कर रहे एक युवक को लोडर ने टक्कर मार दी। जिससे की युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिये जिला अस्पताल में भेजा गया। जहां उसकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के पक्षीविहार के पास माधवखेड़ा निवासी झब्बू लोध 55 को लोडर ने टक्कर मार दी। सूचना पर पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां पर उसकी मौत हो गई।मृतक मजदूरी कर अपना गुजारा करता था और उसकी मौत हो जाने पर परिवारीजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

परिवार नियोजन के साधनों में पीपीआईयूसीडी बन रहा पहली पसंद

साल दर साल लगवाने वाली महिलाओं के ग्राफ में हो रही बढोत्तरी

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

परिवार नियोजन के साधन जच्चा बच्चा की मौत की दर में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण भमिका अदा करते है। इस दिशा से स्वास्थ्य विभाग के प्रयास सतत रूप से जारी है। मौजूदा समय में बच्चों के बीच में अंतर रखने व अनचाहे गर्भ से बचने के लिए गर्भ निरोधक संसाधनों के कई विकल्प उपलब्ध हैं। जिनमें पीपीआईयूसीडी का विकल्प महिलाओं की पहली पसंद के रूप में तेजी से उभर रहा है।

सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया कि गर्भ निरोधक के लिए मौजूदा समय में सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बास्केट ऑफ च्वाइस की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों के रूप पीपीआईयूसीडी, त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा, माला-



एन, साप्ताहिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा, साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली छाया, आकस्मिक गर्भनिरोधक गोली और स्थायी साधनों में महिला और पुरुष नसबंदी की सेवाएं शामिल हैं। लाभार्थी को सभी साधनों के बारे में बताया जाता है और वे अपनी इच्छानुसार साधन का चुनाव कर सकते हैं। डिप्टी सीएमओ व परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार का कहना है कि पिछले तीन साल के आंकड़े देखे तो प्रसव पश्चात आईयूसीडी (पीपीआईयूसीडी) महिलाओं की पहली पसंद है। पीपीआईयूसीडी प्रसव के बाद 48 घंटे के अंदर या प्रसव के छह सप्ताह बाद या ऑपरेशन के दौरान या आँवल के बाहर आने के दस मिनट के अंदर लगवाई जा सकती है।

आईयूसीडी एक बेहतरीन विकल्प है। इसे कॉपर-टी भी कहते हैं। यही आईयूसीडी जब प्रसव के बाद लगाई जाती है तो इसे पीपी आईयूसीडी कहते हैं। आईयूसीडी यह लंबे अंतराल के लिए एक बहुत ही प्रभावशाली विधि है। यह दो प्रकार की होती है। जिनमें 380 जो दस वर्षों के लिए होती है और दूसरी 375 जो पाँच वर्षों के लिए होती है। आईयूसीडी निकाले जाने के बाद महिला की गर्भधारण की क्षमता तुरंत वापस आ जाती है। उन्होंने बताया कि पीपीआईयूसीडी के लाभार्थी को 300 रुपये और आशा व सेवा प्रदाता को 150 रुपए दिये जाते हैं।

इन परिस्थितियों में न अपनाएं पीपीआईयूसीडी

पीपीआईयूसीडी पानी की थैली (झिल्ली) फट जाने के 18 घंटे बाद प्रसव होने की स्थिति में, प्रसव पश्चात बुखार एवं पेट दर्द होने पर, योनि से बदबूदार स्राव या प्रसव के पश्चात अत्यधिक रक्तस्राव होने पर नहीं अपनायी जानी चाहिए।

पिछले तीन सालों में पीपीआईयूसीडी के आंकड़े

वित्तीय वर्ष	- पीपीआईयूसीडी अपनाने वाले लाभार्थी
2020-21	- 4869
2021-22	- 15781
2022-23	- 18217

जिले की आबादी और स्वास्थ्य केंद्रों पर एक नजर

जिले की आबादी	- लगभग 35 लाख
लक्षित दंपति	- 5.95 लाख
महिला चिकित्सालय	- 01
सीएचसी	- 19
पीएचसी	- 43
हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर	- 282

सूचना

मैंने अपने पुत्र मनोज उर्फ गोलू व पुत्रवधू प्रीति पत्नी मनोज कुमार उर्फ गोलू के चाल चलन व आए दिन वाद विवाद से तंग आकर मैंने अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किए किसी भी तरह का लेन-देन व कृत्य का वह स्वयं पति पत्नी जिम्मेदार होगे।

-विनोद कुमार
पुत्र छोटेलाल
निवासी ग्राम निवादा सैना
थाना शिवराजपुर तहसील
बिल्हौर जिला कानपुर नगर।

विपक्षी एकता बैठक कट्टर भ्रष्टाचारियों का सम्मेलन

पीएम मोदी ने कहा, इनका एक ही एजेंडा-न खाता न बही, जो परिवार कहे वही सही, इनसे सतर्क रहें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पोर्ट ब्लेयर के वीर सावरकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का वर्चुअली इनॉगरेशन किया। 710 करोड़ की लागत से बनाए गए इस टर्मिनल में एक साथ 10 प्लेन पार्क हो सकेंगे। इसका डिजाइन समुद्री सीप के आकार की संरचना जैसा है। पीएम ने यहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के फायदे गिनाए फिर बेंगलुरु में विपक्षी दलों की हो रही बैठक पर भी अपनी बातें रखीं। पीएम ने कहा, बेंगलुरु में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए 26 दल इकट्ठा हुए हैं। देश की जनता कह रही है कि ये तो कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन हो रहा है। इनका लेबल कुछ और है और प्रोडक्ट कुछ और। इनका एक ही एजेंडा है, न खाता न बही, जो परिवार कहे वही सही। देश की जनता इनसे सतर्क रहे।

कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन में जेल जाने वालों को खास न्योता

मोदी ने बेंगलुरु में हो रही 26 विपक्षी दलों की बैठक को लेकर तंज किया। उन्होंने कहा, लंबे समय तक भारत में विकास का दायरा कुछ बड़े शहरों और कुछ क्षेत्रों तक सीमित रहा। कुछ दलों की स्वार्थ भरी राजनीति के कारण विकास का लाभ देश के दूर-दराज वाले इलाकों तक पहुंचा ही नहीं। ये बेंगलुरु में इकट्ठा हुए हैं। इसमें जेल जाने वालों को खास न्योता भेजा गया है। उनकी दुकान में भ्रष्टाचार की गारंटी है। ये लोग देश के लोकतंत्र और संविधान को अपना बंधक बनाना चाहते हैं। इनके लिए मैं ये ही कहना चाहूंगा- नफरत हैं घोटाले हैं, तुष्टीकरण है, मन काले हैं, परिवारवाद की आग के दशकों से देश हवाले है।

50 हजार घरों में पानी का कनेक्शन

उन्होंने आगे कहा कि हमारे से पहले की सरकार के नौ साल में अंडमान निकोबार को करीब 23,000 करोड़ रुपये का बजट अलॉट किया गया था। जबकि हमारी सरकार के दौरान अंडमान निकोबार के विकास के लिए 9 वर्षों में करीब 48 हजार करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। वहीं, पिछली सरकार में अंडमान निकोबार में करीब 28 हजार घरों को पानी के कनेक्शन से जोड़ा गया था। हमारी सरकार में यहां के करीब 50 हजार घरों में पानी का कनेक्शन पहुंचाया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि वर्ष 2018 में मैंने अंडमान में उसी स्थान पर तिरंगा लहराया जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने झंडा फहराया था। ये हमारी ही सरकार है जिसने रॉस आइलैंड को नेताजी सुभाष का नाम दिया।

इनका प्रोडक्ट कुछ और है, लेबल कुछ और

क्रूने कहा- आजादी के 75 वर्षों में हमारा भारत कहीं से कहीं पहुंच सकता था, लेकिन सामान्य भारतीय के इस सामर्थ्य के साथ भ्रष्टाचारी और परिवारवादी पार्टियों ने अन्याय किया। आज देश के लोग 2024 के चुनाव में फिर एक बार हमारी सरकार वापस लाने का मन बना चुके हैं, निर्णय ले चुके हैं। ऐसे में भारत की बदहाली के जिम्मेदार कुछ लोग अपनी दुकान खोलकर बैठ गए हैं। 24 के लिए 26 होने वाले राजनीतिक दलों को इकट्ठा देखकर मुझे एक कविता की कुछ लाइनें याद आ गई है, जो अवधी भाषा में लिखी गई है, गाइत कुछ है, हाल कुछ है। यानी लेबल कुछ है, माल कुछ है।

विपक्ष का एक ही एजेंडा, परिवार बचाओ, भ्रष्टाचार बढ़ाओ

पीएम ने आगे कहा, विपक्षी दलों के लिए देश के गरीबों के बच्चों का विकास नहीं, बल्कि अपने बच्चों और भाई-भतीजों का विकास मायने रखता है। इनकी एक ही विचारधारा और एजेंडा है, अपना परिवार बचाओ, परिवार के लिए भ्रष्टाचार बढ़ाओ। इनके लिए परिवार पहले, देश बाद में है। न खाता न बही, जो परिवार कहे वही सही। लोकतंत्र लोगों का, लोगों द्वारा और लोगों के लिए होता है, लेकिन वंशवादी राजनीतिक दलों के लिए सब कुछ परिवार का है, परिवार द्वारा है और परिवार के लिए है। देश वंशवादी राजनीति की आग का शिकार है।

भ्रष्टाचार और अपराध पर इनकी जुबान बंद हो जाती है

मोदी ने विपक्षी दलों के घोटालों को लेकर कहा- ये जो जमात इकट्ठा हुई है, उनके कुनबे में बड़े से बड़े घोटालों और अपराधों पर इनकी जुबान बंद हो जाती है। जब किसी एक राज्य में इनके कुशासन की पोल खुलती है, तो दूसरे राज्यों के ये लोग फौरन उसके बचाव में तर्क देने लगते हैं। कुछ दिन पहले ही पश्चिम बंगाल में हुए पंचायत चुनाव में सरेआम हिंसा हुई। लगातार खून-खराबा हो रहा है। इस पर भी इन सबकी बोलती बंद है। कांग्रेस और लेफ्ट के अपने कार्यकर्ता वहां खुद को बचाने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और लेफ्ट के नेताओं ने अपने स्वार्थ में वहां अपने कार्यकर्ताओं को भी मरने के लिए छोड़ दिया है।

राजस्थान में करोड़ों का शराब घोटाला

चुनावी राज्य राजस्थान-छत्तीसगढ़ के घोटालों पर भी बोले इस साल राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने यहां हुए हाल के घोटालों पर भी कांग्रेस को घेरा। मोदी ने कहा, राजस्थान में बेटियों से अत्याचार हो या परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हों, इन्हें कुछ दिखाई नहीं पड़ता। परिवर्तन की बातें करके जनता से विश्वासघात करके जब करोड़ों का शराब घोटाला करते हैं, तो ये कुनबा फिर उन्हें कवर देने लगता है। तमिलनाडु में भ्रष्टाचार और घोटाले के अनेक मामले सामने आ रहे हैं।

भारत की बदहाली के जिम्मेदार दुकान खोलकर बैठ गए

उन्होंने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्षों में हमारा भारत कहीं से कहीं पहुंच सकता था। हम भारतीयों के सामर्थ्य में कभी कोई कमी नहीं रही है, लेकिन सामान्य भारतीय के इस सामर्थ्य के साथ भ्रष्टाचारी और परिवारवादी पार्टियों ने अन्याय किया। उन्होंने कहा कि 2024 के लिए देश के लोगों ने हमारी सरकार वापस लाने का मन बना लिया है। ऐसे में भारत की बदहाली के जिम्मेदार कुछ लोग अपनी दुकान खोलकर बैठ गए हैं।

मोदी सरनेम केस में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 21 को

राहुल की अर्जेंट हियरिंग की अपील मंजूर, गुजरात हाईकोर्ट ने सजा का फैसला बरकरार रखा था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि केस में राहुल गांधी की अर्जेंट हियरिंग की अपील मंजूर कर ली है। इस मामले में अदालत 21 जुलाई को सुनवाई करेगी। गुजरात हाईकोर्ट ने इस मामले में 7 जुलाई को फैसला सुनाया था और राहुल गांधी की 2 साल की सजा को बरकरार रखा था। राहुल गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने अर्जेंट हियरिंग की अपील की थी। मानहानि केस में 23 मार्च 2023 को सूरत की सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई थी। इस फैसले के बाद राहुल

की सांसदी चली गई थी।

गुजरात हाईकोर्ट ने कहा था, सजा न्यायोचित

7 जुलाई को गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस हेमन्त प्रच्छक ने कहा था, राहुल के खिलाफ कम से कम 10 क्रिमिनल केस पेंडिंग हैं। इस केस के अलावा उनके खिलाफ कुछ और केस फाइल किए गए हैं। एक तो वीर सावरकर के पोते ने दायर किया है। किसी भी हाल में सजा पर रोक नहीं लगाना अन्याय नहीं है। इस केस में सजा न्यायोचित और उचित है। राहुल गांधी ऐसे आधार पर सजा पर रोक की मांग कर रहे हैं, जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। सूरत कोर्ट के फैसले में दखल की आवश्यकता नहीं है। याचिका खारिज की जाती है।

'मोदी' एक अपरिभाषित अनाकार समूह

आईपीसी की धारा 499/500 के तहत मानहानि का अपराध केवल एक परिभाषित समूह के मामले में लगता है। 'मोदी' एक अपरिभाषित अनाकार समूह है जिसमें लगभग 13 करोड़ लोग देश के विभिन्न हिस्सों में रहते हैं और विभिन्न समुदायों से संबंधित हैं। ऐसे में आईपीसी की धारा 499 के तहत 'मोदी' शब्द व्यक्तियों के संघ या संग्रह की किसी भी श्रेणी में नहीं आता है।

बदनाम करने का कोई इरादा नहीं

टिप्पणी 2019 के लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान दिए गए एक राजनीतिक भाषण का हिस्सा थी। इसके जरिए शिकायतकर्ता को बदनाम करने का कोई इरादा नहीं था। इसलिए अपराध के लिए मानवीय कारण का अभाव है।

ई-सिगरेट बेचने वाली 15 वेबसाइट को सरकार का नोटिस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ई-सिगरेट को स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सेहत के लिए धूम्रपान जितना ही खतरनाक पाया है। इसके जोखिमों को देखते हुए भारत में इसकी ब्रिकी प्रतिबंधित है, हालांकि कई वेबसाइट्स पर इसकी बिक्री जारी है। इस दिशा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सख्त कदम उठाया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारत में प्रतिबंधित ई-सिगरेट बेचने वाली 15 वेबसाइटों को नोटिस भेजकर उत्पादों का विज्ञापन और बिक्री बंद करने का निर्देश दिया है। छह और वेबसाइटें रडार पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मंत्रालय, सोशल मीडिया पर ई-

सिगरेट के विज्ञापन और बिक्री पर भी बारीकी से नजर रख रहा है। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार जिन 15 वेबसाइटों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें से चार ने इसका परिचालन बंद भी कर दिया है। जिन वेबसाइटों ने नोटिस पर अमल नहीं किया उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। गौरतलब है कि साल 2019 से ही भारत में इसकी बिक्री पर रोक है।

भारत में प्रतिबंधित है ई-सिगरेट की बिक्री

वेबसाइटों को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है, ''हमें अवैध ई-सिगरेट के ऑनलाइन विज्ञापन और बिक्री का पता चला है, जो इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत गैरकानूनी है।'' इससे पहले भी मंत्रालय ने फरवरी में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ई-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने की सिफारिश की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा था कि ई-सिगरेट जैसे उपकरणों को सुविधा या स्टेशनरी स्टोरों में बेचे जाने के मामले सामने आए हैं, जिसके परिणामस्वरूप ये उत्पाद बच्चों के लिए आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। इसपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

ई-सिगरेट से हो सकते हैं कई नुकसान

ई-सिगरेट वैसे अभी काफी नया है और वैज्ञानिक अभी भी इसके दीर्घकालिक स्वास्थ्य दुष्प्रभावों को जानने के लिए अध्ययन कर रहे हैं। अब तक के शोध में पाया गया है कि ई-सिगरेट में निकोटीन होता है जो कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं जैसे निकोटीन की लत, किशोरों और वयस्कों के मस्तिष्क के विकास को नुकसान पहुंचाने, गर्भवती और शिशुओं के लिए जोखिम कारक पाया गया है।

यौन शोषण केस में बृजभूषण को जमानत

बालिग पहलवानों के केस में दिल्ली कोर्ट में पेश हुए बीजेपी सांसद, सेक्रेटरी को भी राहत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह और सेक्रेटरी विनोद तोमर को राउज एवेन्यू कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। दिल्ली पुलिस की ओर से लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव पेश हुए।

कोर्ट ने पूछा, जमानत के लिए आपके क्या तर्क हैं? दिल्ली पुलिस ने कहा- हमने बृजभूषण को गिरफ्तार नहीं किया है। जमानत देने में शर्त तो होनी ही चाहिए। इस पर कोर्ट ने बृजभूषण को 20 जुलाई तक अंतरिम जमानत दी। कोर्ट ने कहा कि वह 20 जुलाई को नियमित जमानत पर बहस सुनने के बाद निर्णय लेगा। कोर्ट ने बृजभूषण के अलावा दूसरे आरोपी विनोद तोमर को भी अंतरिम जमानत

15 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश की थी चार्जशीट

बता दें कि दिल्ली पुलिस ने 15 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट में मामले में चार्जशीट पेश की थी। आरोपियों में बृजभूषण के अलावा डब्लूएफआई के असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर का नाम भी है। चार्जशीट में पहलवानों द्वारा मजिस्ट्रेट के सामने दिए गए बयान को अहम आधार माना गया है।

दे दी है। 25 हजार के निजी मुचलके पर जमानत दी गई है। गौरतलब है कि मंगलवार को 6 बालिग पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन शोषण केस में सुनवाई हुई। इससे पहले कोर्ट ने 7 जुलाई को समन जारी करके दोनों को 18 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। इस पर बृजभूषण ने कहा था कि वह कोर्ट में जरूर पेश होंगे। पेशी के लिए उन्हें कोई छूट नहीं चाहिए। इससे पहले केस की सुनवाई एक जुलाई को हुई थी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने यौन उत्पीड़न मामले में दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लेने पर विचार के लिए 7 जुलाई की तारीख तय की थी।

केरल के पूर्व सीएम ओमान चांडी का बेंगलुरु में निधन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी का मंगलवार सुबह बेंगलुरु में निधन हो गया। वे 79 साल के थे। ओमान चांडी पिछले लंबे समय से बीमार थे, उनका बेंगलुरु में इलाज चल रहा था। उनके बेटे ने फेसबुक पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अप्पा नहीं रहे। वहीं, केरल कांग्रेस के अध्यक्ष के सुधाकरण ने ट्विटर पर इसकी जानकारी शेयर की। बेंगलुरु में विपक्षी एकता बैठक से पहले सोनिया, राहुल, मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई कांग्रेसी नेता उनके अंतिम दर्शन करने और परिवार से मिलने पहुंचे। खड़गे ने कहा, केरल के पूर्व मख्यमंत्री और पक्के कांग्रेसी ओमान चांडी जननायक के तौर पर ऊंचा कद रखते थे।

हमारे बच्चों का स्वभाव हमारे जैसा कैसे बन सकता है: ठाकुर दलीप सिंह

*** 'माता पिता को अपना भी ऐसा स्वभाव बनाने की आवश्यकता है, जैसा वह बच्चों से चाहते हैं'**

जन एक्सप्रेस । कानपुर

बच्चों को बढ़िया संस्कार देने व बच्चों का बढ़िया स्वभाव बनाने के लिए, नामधारी मुखी ठाकुर दलीप सिंह जी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चों में वही स्वभाव व संस्कार हो, जैसा उनका अपना है (या जैसा वह चाहते हैं)।

जिस तरह के संस्कार देकर अपने बच्चों का स्वभाव, माता-पिता बनाना चाहते हैं, इसके लिए उन्हें उसी तरह का वातावरण, अपने बच्चों को देने की आवश्यकता है (जो कि संभव नहीं)। ठाकुर जी ने माता-पिता को उनकी मन की इच्छा-पूर्ति के लिए कुछ सुझाव देते हुए



कहा, 'आप विचार कीजिए' जो संस्कार आप में आए हैं या थे, वह कहाँ से और कैसे आये थे? जो आपका स्वभाव है, वह कैसे बना था? जिस समय आपका जन्म हुआ, जिस माहौल में आपका पालन-पोषण हुआ, आपके माता-पिता और अन्य सभी, उन सबने 20 वर्ष की आयु तक आपको क्या-क्या संस्कार दिये? कैसे लोगों के साथ आप की संगति हुई? जैसा माहौल आपको बचपन और युवा अवस्था में मिला, क्या वैसा ही माहौल आपके बच्चों को भी मिल रहा है? यदि नहीं मिल रहा; तो आप अपने बच्चों से यह आस नहीं कर सकते कि उनका स्वभाव, संस्कार और आदतें आपके जैसी ही हों।

ठाकुर जी ने बच्चों के माता-पिता को यह भी समझाया, 'आपके वर्तमान या बचपन के जो भी संस्कार हैं; उसके पीछे बहुत बड़े-बड़े कारण थे और हैं, जिनकी वजह से आज आपका एक स्वभाव बन चुका है। समस्या यह है कि कोई एक या दस-बीस लोग मिलकर भी, जैसा वह चाहें; वैसा माहौल नहीं बना सकते। क्योंकि, चारों ओर बच्चों को एक जैसा माहौल बना कर देना, केवल अत्यंत कठिन ही नहीं, असंभव है। अगर आप चाहते हैं कि बच्चों को ऐसा माहौल दिया जाए, जिससे पूरा माहौल बदल जाए या बच्चों को दूसरे माहौल की हवा भी न लगे, तो यह संभव ही नहीं है। आजकल टीवी, इंटरनेट, मोबाइल फोन आदि से घर में ही ऐसा माहौल बन गया है कि बाहरी माहौल से प्रभावित होने की जरूरत ही नहीं रह गई। माता-पिता को बच्चों के बारे में बताते हुए ठाकुर दलीप सिंह ने कहा, यदि आपके बच्चे आपके जैसे संस्कार, आपके जैसा स्वभाव नहीं अपनाते, तो आपको अपने बच्चों से बहुत ज्यादा नाराज नहीं होना चाहिए। आपको इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए कि आपका माहौल और आज की नई पीढ़ी का माहौल और उनकी संगति, बिल्कुल अलग हैं।

इसलिए, हमारे बच्चों का स्वभाव हमारे जैसा हो ही नहीं सकता। समय के साथ हो रहे परिवर्तन को स्वीकार करते हुए, अपने बच्चों के साथ माता-पिता को, जितना संभव हो, बना कर रखनी चाहिए। माता पिता को अपना भी ऐसा स्वभाव बनाने की आवश्यकता है, जैसा वह बच्चों से चाहते हैं। क्योंकि, बच्चे माता पिता की नकल करते हैं।

हिमाचल में 2023 में सबसे ज्यादा तबाही मची, सिर्फ 24 दिन की बारिश में 4636 करोड़ का नुकसान और प्रॉपर्टी बर्बाद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के लिए साल 2023 सबसे ज्यादा तबाही मचाने वाला रहा। तबाही का 50 साल का रिकॉर्ड टूट गया। इस साल की बारिश 50 सालों में सबसे खराब रही। मानसून ने एक सप्ताह में ही नुकसान के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के अनुसार, भारी बारिश से 4,636 करोड़ रुपए की सरकारी व निजी संपत्ति तबाह हो चुकी है। यह आंकड़ा रोजाना तेजी से बढ़ रहा है। मानसून खत्म होने तक यह 8 हजार करोड़ पार कर सकता है। मुख्यमंत्री सुक्खू भी ऐसा कह चुके हैं। चिंता इस बात को लेकर है कि अभी मानसून सीजन के 24 दिन ही बीते हैं। प्रदेश में मानसून कई बार 120 दिन से भी ज्यादा वक्त तक सक्रिय रहता है। इन 24 दिन में ही बीते सालों की अपेक्षा 2 से 6 गुना ज्यादा तबाही हो चुकी है। प्रदेश में इससे पहले मानसून ने कभी भी इतना कहर नहीं बरपाया। वहीं इस बार कई परिवार बेघर हो गए हैं। कई लोगों पर बेघर होने का खतरा मंडरा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)